सूर्योदय 6:25 सूर्यास्त 6:33

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 11.0 न्यू | 20.5अधि |
| धर्मशाला | 6.2 न्यू | 26.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76,905.51 |
| निफ्टी | 23,350.40 |
| सोना | 91,250 |
| चांदी | 1,00,300 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शनिवार, 22 मार्च 2025 | 9 चैत्र, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 82, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702



युवराज सिंह बने इंडिया चैंपियंस के कप्तान, शिखर धवन करेंगे डेब्यू

पृष्ठ 14 पर

## न्यूज शॉर्ट्स

### 'आप' ने सौरभ को दिल्ली का प्रदेशाध्यक्ष व सिसोदिया को बनाया पंजाब का प्रभारी



**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में हार के बाद आम आदमी पार्टी (आप) ने पार्टी में बड़े बदलाव किए। पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज को दिल्ली का नया प्रदेशाध्यक्ष बनाया गया है। शुक्रवार को 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के घर पर पार्टी के राजनीतिक मामलों की कमेटी पीएसी की बैठक हुई, जिसमें यह फैसला लिया गया। बैठक में महराज मलिक जम्मू-कश्मीर के नए प्रदेशाध्यक्ष, गोपाल राय को गुजरात का प्रभारी, दुर्गेश पाठक को सह प्रभारी और मनीष सिसोदिया पंजाब के प्रभारी, सत्येंद्र जैन को सह प्रभारी, छत्तीसगढ़ का प्रभारी संदीप पाठक व पंकज गुप्ता गोवा का प्रभारी बनाया गया है।

### अमृतपाल के 7 सहयोगियों को पुलिस हिरासत में भेजा

**एजेंसी, अमृतसर।** कट्टरपंथी उपदेशक अमृतपाल सिंह के सात सहयोगियों को 2023 में अजनाला पुलिस थाने पर हुए हमले के मामले में शुक्रवार को यहां एक अदालत में पेश किया गया, जिसने उन्हें 25 मार्च तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। अमृतपाल सिंह के इन सात सहयोगियों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत लगाए गए आरोप वापस लिए जाने के बाद उन्हें असम के डिब्रूगढ़ केंद्रीय कारागार से रिहा कर दिया गया था, जिसके बाद पंजाब पुलिस ने एक अन्य मामले में उन्हें फिर से गिरफ्तार कर लिया था।

### सूडान : राष्ट्रपति भवन पर फिर से कब्जा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सूडानी सेना ने शुक्रवार को खार्तूम के डाउनटाउन में राष्ट्रपति भवन पर पूर्ण नियंत्रण कर लिया। हाल के हफ्तों में सेना ने शहर में प्रतिद्वंद्वी रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के खिलाफ अपना अभियान तेज कर दिया है। खार्तूम पर फिर से कब्जा करना सेना के लिए एक बड़ी प्रतीकात्मक जीत है और संघर्ष में एक निर्णायक मोड़। राष्ट्रपति महल का ऐतिहासिक और राजनीतिक महत्व बहुत अधिक है।

### प्रियंका गांधी शिमला में मनाएंगी छुट्टियां

**अनंत ज्ञान, शिमला।** वायनाड से लोकसभा सांसद एवं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी शुक्रवार शाम शिमला पहुंच गई हैं। प्रियंका गांधी कुछ दिन शिमला के छराबड़ा में छुट्टियां मनाएंगी। दिल्ली से चंडीगढ़ तक वह हवाई मार्ग से आईं, जबकि चंडीगढ़ से सड़क मार्ग से होते हुए छराबड़ा पहुंचीं।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- बाबा बालक नाथ मंदिर न्यास को भेंट की नोट सोर्टिंग मशीन - पेज 2
- कॉमन कॉर्प व हंगेरियन कॉमन कॉर्प से मालामाल होंगे किसान - पेज 4
- विचार मंथन से निकलेगी 'समृद्ध हिमाचल' की राह - पेज 6
- 6 ग्राम चिट्टे सहित माफिया के छह तस्कर गिरफ्तार - पेज 9
- लंबे अंतरिक्ष प्रवास के लिए सुनीता बुच को नहीं मिलेगा 'ओवरटाइम' - पेज 13

# करुणामूलक नौकरी के लिए एक माह में बनेगी नीति : सुक्खू

## बजट पर चर्चा का जवाब देते हुए बोले सीएम- विधायकों की ऐच्छिक निधि बढ़ेगी

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने घोषणा की है कि हिमाचल प्रदेश में करुणामूलक आधार पर नौकरी देने के लिए सरकार एक माह में नई नीति लेकर आएगी। इसके साथ ही विधायकों की ऐच्छिक निधि में एक लाख रुपए की बढ़ोतरी की जाएगी। मुख्यमंत्री ने ये घोषणाएं शुक्रवार को विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट पर चली चार दिवसीय चर्चा का जवाब देते हुए कीं। (अनंत ज्ञान)



### भाजपा ने प्रदेश को कर्ज तले दबाया

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने प्रदेश को कर्ज के बोझ तले दबा दिया। उन्होंने बताया कि पूर्ववर्ती सरकार को केंद्र से 68 हजार करोड़ रुपए की राजस्व घाटा अनुदान और जीएसटी क्षतिपूर्ति मिली थी, लेकिन इस धनराशि का उपयोग प्रदेश का कर्ज चुकाने या कर्मचारियों के वेतन आयोग की देनदारी निपटाने के बजाय चुनावी रेवड़ियां बांटने में किया गया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने दो वर्षों में 29,046 करोड़ रुपए का ऋण लिया, लेकिन इसमें से 12,266 करोड़ ब्याज भुगतान और 8,087 करोड़ पूर्व में लिए गए कर्ज चुकाने में खर्च हुए। ऐसे में विकास कार्यों के लिए केवल 8,693 करोड़ रुपए ही उपलब्ध रह सके।

### पूर्व सरकार ने 5 साल में लिया 40 हजार करोड़ का कर्ज

**मुख्यमंत्री** ने आंकड़े प्रस्तुत करते हुए कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में प्रदेश पर 40,352 करोड़ रुपए का अतिरिक्त ऋण चढ़ा। वर्ष 2018-19 में 5,745 करोड़ रुपए, 2019-20 में 5,000 करोड़ रुपए, साल 2020-21 में 10,888 करोड़ रुपए, 2021-22 में 8,321 करोड़ रुपए और 2022 के अंत तक 10,398 करोड़ रुपए का कर्ज लिया गया। बावजूद इसके कर्मचारियों और पेंशनरों को वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुसार एरियर नहीं दिया गया। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि आगामी वित्त वर्ष में पूंजीगत व्यय के लिए 3,976 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। हालांकि, अतिरिक्त संसाधन जुटाकर इस राशि को साल के अंत तक 5,000 करोड़ रुपए से अधिक किया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रदेश सरकार विकास कार्यों और आर्थिक मजबूती के लिए हरसंभव कदम उठा रही है।

# सीएम के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष का वॉकआउट

## कहा- कर्ज पर झूठे आंकड़े पेश कर रहे हैं मुख्यमंत्री सुक्खू

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल विधानसभा बजट सत्र के 9वें दिन मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू जब बजट पर चर्चा का जवाब दे रहे थे, तो विपक्ष ने सदन से वॉकआउट कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने 29 हजार 69 करोड़ रुपए का कर्ज जरूर लिया है।



सीएम के जवाब से असंतुष्ट होकर सदन के बाहर आते नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर व अन्य।

उन्होंने कहा, कोरोना काल में हिमाचल को 11 हजार करोड़ की अतिरिक्त रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट मिली। इस तरह पूर्व सरकार ने 40 हजार 772 करोड़ का कर्ज लिया। कांग्रेस सरकार ने उस कर्ज का 20 हजार 353 करोड़ ब्याज के रूप में चुकाया है। मुख्यमंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष ने सदन के भीतर नारेबाजी शुरू की और सदन से बाहर आ गया। मुख्यमंत्री सुक्खू ने चार दिन तक बजट अनुमानों पर चली चर्चा का जवाब दिया।

वहीं, सदन के बाहर मीडिया से बाहर बातचीत में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार झूठ बोलने पर अड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने लगभग 19 हजार करोड़ रुपए का कर्ज लिया। मगर, कांग्रेस सरकार दो साल में ही 30 हजार करोड़ का कर्ज ले चुकी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने चार दिन तक बजट पर सार्थक चर्चा की, लेकिन सीएम सुक्खू कर्ज पर झूठे आंकड़े पेश कर रहे हैं।

### संस्थान बंद करने के मामले में तपा सदन

**इससे** पहले प्रश्नकाल के दौरान विधानसभा में संस्थान बंद करने का मामला शुक्रवार को फिर से गूंजा। भाजपा विधायक रणधीर शर्मा ने संस्थान बंद करने का मामला सदन में उठाया। डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि भाजपा सरकार के समय सैकड़ों संस्थान बिना किसी बजट और कैबिनेट में बिना चर्चा के खोले गए। हमारी सरकार नीड बेस आधार पर संस्थान खोलेगी। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि जब से हिमाचल अस्तित्व में आया तब से अब तक ये कांग्रेस की पहली सरकार है, जो राजनीतिक द्वेष से काम कर रही है। राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से सैकड़ों संस्थान बंद कर दिए। भाजपा जहां ने संस्थान खोले और कांग्रेस ने पहले उन्हें डिनोटिफाई किया। अब वहीं दोबारा संस्थान खोलने जा रहे हैं। रणधीर शर्मा ने संस्थान बंद करने के मामले में कहा कि हम करें तो पाप, आप करें तो पुण्य।

# ऊना में रिश्वत लेते लेबर इंस्पेक्टर गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, अंब।** विजिलेंस एवं एंटी करप्शन ने जिला ऊना में बड़ी कार्रवाई करते हुए जिला श्रम अधिकारी को 10,000 की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई टाहलीवाल औद्योगिक क्षेत्र के एक लेबर ठेकेदार की शिकायत पर की गई।

**लेबर ठेकेदार से मांगे थे 10 हजार रुपए**

जानकारी के अनुसार लेबर ठेकेदार ने विजिलेंस को दी शिकायत में बताया कि उसका लाइसेंस रिन्यू करने एवज में जिला श्रम अधिकारी उससे दस हजार रुपए रिश्वत की मांग कर रहा है। शिकायत के अनुसार विजिलेंस एवं एंटी करप्शन ब्यूरो ने जाल बिछाया और तय डील के अनुसार लेबर ठेकेदार को भेजा। इस दौरान जैसे ही श्रम अधिकारी ने राशि अपने हाथों में स्वीकार की तो विजिलेंस की टीम ने हरकत में आते हुए आरोपी को रंगे हाथों पकड़ लिया। डीएसपी विजिलेंस एवं एंटी करप्शन ब्यूरो फिरोज खान ने बताया कि मामले की जांच जारी है। आरोपी से पूछताछ के साथ उसके ठिकाने पर बैंक खातों को भी खंगाला जाएगा।

# राज्यसभा में बोले शाह- आतंकवाद, नक्सलवाद और उग्रवाद नासूर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

बजट सत्र के आठवें दिन शुक्रवार को अमित शाह ने गृह मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा का जवाब दिया। शाह ने कहा कि चर्चा के दौरान कुछ उपयोगी सुझाव आए हैं। हमारी कमियों की ओर ध्यान दिलाया गया। कुछ राजनीतिक टिप्पणियां भी की गईं। कुछ राजनीतिक आक्षेप भी लगाए गए। सभी का संसदीय भाषा में जवाब देने का प्रयास करूंगा।

**ये हमें विरासत में मिले, 10 साल में बहुत कुछ बदला**



शाह ने कहा कि पिछले 10 साल में प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में बहुत कुछ बदला। आतंकवाद, नक्सलवाद और पूर्वोत्तर में उग्रवाद नासूर बने थे। हमें पिछली सरकार ने इसे विरासत में दिया था। 2014 में हमारी सरकार बनी तो हमने तीनों मोर्चों पर मुकाबला किया। जम्मू कश्मीर में आतंकी घटनाओं से हुई मौतों में 70 प्रतिशत कमी आई है। जम्मू-कश्मीर में विपक्ष के 33 साल के शासनकाल में वहां सिनेमाहॉल ही नहीं खुलते थे। हमने 2019 में आर्टिकल 370 हटाया। जी-20 की बैठक में दुनियाभर के राजनयिक वहां गए। हमने वहां सफलतापूर्वक चुनाव करवाए। एक गोली तक नहीं चली। इनके नेता ने पैदल यात्रा निकाली, कश्मीर तक गए। अपने कार्यकर्ताओं के साथ बर्फ की होली खेली और कहा कि दूर से आतंकवादी दिखाई पड़ा था। अरे भाई, जिनकी नजर में आतंकवादी है, तो आपको सपने में भी आएगा और आपको कश्मीर में भी दिखाई पड़ेगा।

### काला चश्मा पहनकर नहीं दिखेगा विकास

**शाह** ने कांग्रेस और राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा कि ये हिसाब मांगते हैं कि क्या हुआ 370 हटाने का परिणाम। साहब, हिसाब तो उनको दिया जाता है, नजारा तो उनको दिखाया जाता है, जिनकी नजरें साफ हों, जो काला चश्मा पहन कर, आंखें मूंद कर बैठे हैं, उनको विकास नहीं दिखा सकते हैं।

### आतंकवाद के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस की नीति' हुई शुरू

**उन्होंने** कहा कि इसी के साथ आतंकवाद के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस की नीति' शुरू हुई। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में आतंकवाद के मूल में अनुच्छेद 370 था। उन्होंने देश के संविधान निर्माताओं का धन्यवाद दिया कि उन्होंने अनुच्छेद 370 में ही इसको हटाने के बीज डाल दिए थे। गृह मंत्री ने कहा कि विपक्ष के 33 वर्ष के शासन में वहां रात के समय सिनेमा हॉल नहीं खुलते थे किंतु आज वे खुल रहे हैं। उन्होंने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत लाल चौक पर हर घर पर तिरंगा फहराया गया। उन्होंने वहां जन्माष्टमी, सरस्वती पूजा और खीर भवानी की पूजा होने की ओर भी ध्यान दिलाया। शाह ने कहा कि पहले आतंकवादियों के मारे जाने पर बड़े-बड़े जुलूस निकलते थे किंतु आज कोई जुलूस नहीं निकलता और आतंकवादी जहां मारे जाते हैं, उनको वहीं दफना दिया जाता है। गृह मंत्री ने कहा कि आजादी के बाद जम्मू कश्मीर में पहली बार इतनी बड़ी मात्रा में पर्यटन हुआ।

# एचआरटीसी बस पर हमले के आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, शिमला।** चंडीगढ़-हमीरपुर मार्ग पर चलने वाली एचआरटीसी बस पर बीते मंगलवार शाम को हमला करने वाले आरोपियों को पंजाब पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यात्रा के दौरान खरड़ के पास बस पर अज्ञात व्यक्तियों ने लाठी-डंडों से हमला किया और



विंडस्क्रीन तथा कई खिड़कियों के शीशे तोड़ दिए। इस अप्रत्याशित हमले से बस में सवार यात्री, चालक और परिचालक भयभीत हो गए। हालांकि, इस घटना में कोई भी घायल नहीं हुआ है और सभी यात्री एवं चालक दल सुरक्षित हैं। इस संदर्भ में पुलिस मुख्यालय शिमला के उच्च अधिकारियों ने पंजाब के विशेष पुलिस महानिदेशक, कानून-व्यवस्था से मामले को सुलझाने के लिए वार्ता की, जिसके परिणामस्वरूप हिमाचल पथ परिवहन निगम की हमीरपुर यूनिट की बस पर पंजाब के मोहाली के पास खरड़ में हुई तोड़-फोड़ के मामले में एफआईआर दर्ज कर की गई। पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी की गई प्रेस विगाप्ति में बताया कि हमलावरों ने अपनी कार की नंबर प्लेट पर कागज लगाकर अपनी पहचान छिपाने का प्रयास किया, जिससे उनकी शिनाख्त करना कठिन हो गया।

# हिमाचल में एसपी सीआईडी की पोस्ट से हड़कंप

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में चीफ इंजीनियर विमल नेगी की मौत का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि सीआईडी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने सोशल मीडिया पोस्ट डालकर बवाल मचा दिया है।



एसपी भूपेंद्र नेगी ने अपने फेसबुक अकाउंट पर लिखा कि हिमाचल पुलिस में भी एक ऐसा बहुत बड़ा अधिकारी है, जिसने बहुत ऑफिसर को परेशान कर रखा है। इस पोस्ट से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। हिमाचल में धाकड़ आईपीएस माने जाने वाले भूपेंद्र नेगी का यह पोस्ट अब सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। इस पोस्ट के लोग अलग-अलग मायने निकाल रहे हैं। आलाधिकारी के खिलाफ ऐसा पोस्ट लिखने का साहस दिखाने के लिए लोग भूपेंद्र नेगी की प्रशंसा भी कर रहे हैं।

# शिक्षा बोर्ड के पूर्व चेयरमैन बीआर राही का निधन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड के पूर्व चेयनमैन बीआर राही का वीरवार रात को चंडीगढ़ में निधन हो गया। वह पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे और उनका इलाज चंडीगढ़ में चल रहा था।



उन्होंने शिक्षा बोर्ड में चेयरमैन रहते हुए कई शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने के लिए गई महत्वपूर्ण कदम उठाए। उनके निधन पर शिक्षा जगत के अधिकारियों ने शोक व्यक्त किया है।

# दिल्ली हाईकोर्ट के जज के बंगले पर मिला 15 करोड़ कैश

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के घर पर करीब 15 करोड़ रुपए नकदी बरामद होने के बाद उनके ट्रांसफर की सिफारिश की गई है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने उन्हें वापस इलाहाबाद हाईकोर्ट भेजने का फैसला किया है। दरअसल, होली की छुट्टियों के दौरान जस्टिस वर्मा के सरकारी बंगले पर आग लग गई थी। उस वक्त वह घर पर नहीं थे। परिवार ने फायर ब्रिगेड को आग लगने की जानकारी दी। टीम जब आग बुझाने गई तब उन्हें कैश मिला।



सूत्रों के मुताबिक सीजेआई संजीव खन्ना को जब मामले की जानकारी मिली तो 5 सदस्यीय कॉलेजियम ने उनका ट्रांसफर करने का फैसला किया है, हालांकि यह सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड नहीं है। इधर, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने जस्टिस वर्मा के वापस इलाहाबाद ट्रांसफर का विरोध किया है। एसोसिएशन ने कहा कि कॉलेजियम के फैसले से गंभीर सवाल उठ रहा है कि क्या हम कूड़ादान हैं। मामले की जानकारी मिलते ही जस्टिस संजीव खन्ना ने कॉलेजियम की इमरजेंसी मीटिंग बुलाई। सूत्रों के मुताबिक, तबादले से संबंधित प्रस्ताव को जान-बूझकर अपलोड नहीं किया गया है। इन-हाउस जांच पर भी विचार किया जा रहा है।

### राज्यसभा में नकदी मिलने का उठा मामला

**कांग्रेस** सांसद जयराम रमेश ने दिल्ली हाई कोर्ट के एक न्यायाधीश के आवास पर भारी मात्रा में नकदी पाए जाने का मामला राज्यसभा में उठाया। दिल्ली में न्यायाधीश के आवास पर बड़ी मात्रा में नकदी मिलने की बात कहते हुए उन्होंने न्यायिक जवाबदेही की बात कही। जयराम रमेश ने सभापति जगदीप धनखड़ से अनुरोध किया कि वह इस विषय पर कुछ टिप्पणी करें। रमेश ने सभापति को इलाहाबाद हाई कोर्ट के एक न्यायाधीश के खिलाफ महाभियोग से जुड़े नोटिस की भी याद दिलाई। सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि यदि यह किसी राजनेता के साथ होता है, तो वह तुरंत निशाने पर आ जाता है।

## पर्दाफाश

### हमीरपुर सहित सभी नए नगर निगमों की स्थिति पर डायरेक्टर ने भेजी चिट्ठी


# नाम के पार्षद; न मिलेगा मानदेय, न कर पाएंगे बैठकें

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हिमाचल में बनाए गए तीन नए नगर निगमों हमीरपुर, ऊना और बद्दी में मौजूदा पार्षदों की स्थिति पर जारी ऊहापोह से पर्दा उठ गया है। पार्षदों को अब न तो मानदेय मिलेगा और न ही वे पुराने हिसाब से बैठकें आयोजित कर पाएंगे। वे केवल नाम के ही पार्षद रहेंगे। यह स्थिति तब तक बनी रहेगी जब तक अगले चुनावों की अधिसूचना जारी नहीं होती। विभाग के डायरेक्टर ने बकायदा चिट्ठी जारी कर स्थिति साफ कर दी है।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

डायरेक्टर रूरल अर्बन डिपार्टमेंट ने कहा है कि लॉ डिपार्टमेंट से इस बाबत जो जानकारी मिली है, उसी से यह सारी स्थिति क्लियर हुई है। डायरेक्टर के इस फैसले से



Office of the Municipal Corporation Hamirpur

No MCH/ 17- C / 2025 dated 15/03 2025

To

All Councilors / Nominated Members Municipal Council / Corporation Hamirpur

Subject:- Clarification regarding Honorarium for Elected and Nominated Councilors.

Sir/Madam

It is submitted that this office received a letter from Worthy Director, Urban Development H.P. No. as UD-H(A)(5)-1/2022-IV-3094-97 dated 27-02-2025 and further intimated by the Worthy Principal Secretary ( UD ) to the Govt. of H.P. vide letter No. UD-A(3)-12/2024 dated 17-02-2025 on the subject cited above. A copy of above mentioned letters are enclosed herewith for ready reference in the matter.

As per the contents of above mentioned letters, now the Municipal Council Hamirpur is not in existence as the same is declared / upgraded as Municipal Corporation. Therefore, the office - bearers of the erstwhile Municipal Council Hamirpur is no longer elegible to receive honorarium or allowances.

This is for information.

Commissioner, Municipal Corporation, Hamirpur

Endst. No. as above Dated 2025

Copy to:- The Director, Urban Development Govt. H.P. Shimla-2 for favour of information w.r.t. letter cited above please.

Commissioner, Municipal Corporation, Hamirpur

डायरेक्टर रूरल अर्बन की ओर से जारी पत्र।

**पार्षद हक्के-बक्के, डायरेक्टर के फैसले से नाखुश**

पार्षद हक्के-बक्के रह गए और वे नाखुश हैं। कारण यह है कि हमीरपुर के सिस्टम में पिछले कुछ समय से अजीबो-गरीब स्थिति तैयार हुई थी, जिस पर डायरेक्टर से स्थिति स्पष्ट करने को कहा गया था।

नगर परिषद हमीरपुर को नगर निगम बनाए जाने की घोषणा से पहले ही अध्यक्ष को हटाए जाने से सरगर्मियां पूरे यौवन पर रही थीं, लेकिन जब इसकी अधिसूचना हो गई, तो हटाए गए नगर परिषद के अध्यक्ष के स्थान पर नए की तैनाती नहीं हो पाई, क्योंकि चुनाव बैठक हो ही नहीं सकती थी। नगर परिषद का स्वरूप नगर निगम में बदल चुका था, इसलिए सरकार ने स्थिति साफ कर दी थी। (अनंत ज्ञान)

### डीलिमिटेशन का काम फाइलों में कैद

**अब** क्योंकि हमीरपुर ही नहीं, सभी नगर निगमों में नए सिरे से वार्डबंदी होनी है। हमीरपुर में 11 की बजाय अब लगभग 17 वार्ड बने हैं। इसकी डीलिमिटेशन का काम 31 मार्च तक मुकम्मल करने की बात कही गई थी, लेकिन फिलहाल इस प्रक्रिया से जुड़ा हुआ काम फाइलों में कैद है। व्यावहारिक रूप में अभी यहां कुछ भी नहीं हो रहा।

**क्या कहते हैं नगर निगम के प्रशासक**

**नगर** निगम के प्रशासक और हमीरपुर के एडीएम राहुल चौहान का कहना है कि सरकार से जो क्लेरिफिकेशन आई है उसके मुताबिक पार्षद रहेंगे लेकिन उन्हें फिलहाल मानदेय नहीं मिलेगा। यह स्थिति नए बनाए गए सभी तीनों नगर निगमों में लागू की गई है।

# कर्नाटक विधानसभा में मुस्लिम आरक्षण पर हंगामा

**एजेंसी, कर्नाटक।** कर्नाटक विधानसभा में शुक्रवार को सरकारी ठेकों में मुस्लिमों को 4 प्रतिशत आरक्षण देने के मामले में भाजपा विधायकों ने जमकर हंगामा किया। आर अशोक के नेतृत्व में भाजपा विधायकों ने आरक्षण बिल की कॉपी फाड़कर स्पीकर की ओर फेंक दी। इसके बाद स्पीकर यूटी खादर ने मार्शलों को बुलाकर हंगामा कर रहे विधायकों को सदन से बाहर करवा दिया। साथ ही भाजपा के 18 विधायकों को विधानसभा की कार्यवाही से 6 महीने के लिए सस्पेंड कर दिया। हंगामे के बीच सरकार ने मुख्यमंत्री, मंत्रियों और विधायकों की सैलरी 100 प्रतिशत बढ़ाने का बिल पास कर दिया। विधेयक को कर्नाटक के कानून और संसदीय मामलों के मंत्री एचके पाटिल ने पेश किया।



## न्यूज़ ब्रीफ

### हमीरपुर में शराब के ठेकों की नीलामी आज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राज्य कर एवं आबकारी विभाग के उपआयुक्त कंवर शाह देव सिंह कटोच ने बताया कि वर्ष 2025-26 के लिए हमीरपुर जिले की आबकारी दुकानों एवं यूनिटों की नीलामी 22 मार्च को सुबह साढ़े 11 बजे हमीरपुर के बचत भवन में होगी। विभाग के उपआयुक्त ने इच्छुक लोगों से इस नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने बताया कि नीलामी के संबंध में अधिक जानकारी के लिए हमीरपुर स्थित राज्य कर एवं आबकारी विभाग के उपआयुक्त कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

### विज्ञापन-होर्डिंग्स की नीलामी 25 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** दोसड़का स्थित कृषि उपज मंडी समिति (एपीएमसी) के कार्यालय एवं मुख्य सब्जी मंडी के भवन के ऊपर विज्ञापन एवं होर्डिंग्स लगाने के स्थान को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए खुली बोली के माध्यम से नीलाम किया जाएगा। एपीएमसी की सचिव अरुणा शर्मा ने बताया कि इसकी नीलामी प्रक्रिया 25 मार्च को सुबह साढ़े 11 बजे एपीएमसी के कार्यालय में पूर्ण की जाएगी। उन्होंने बताया कि पहले यह स्थान मैसर्स विज़न एडवरटाइजर कंपनी को दिया गया था, जिसकी अवधि अब पूर्ण हो रही है। अरुणा शर्मा ने बताया कि इच्छुक बोलीदाता किसी भी कार्य दिवस को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक एपीएमसी कार्यालय में आकर इस स्थान का अवलोकन कर सकते हैं। उन्होंने इच्छुक बोलीदाताओं से नीलामी में भाग लेने की अपील की है। नीलामी में सफल बोलीदाता को पूरी राशि का भुगतान मौके पर ही करना होगा। नीलामी की अन्य शर्तें मौके पर ही सुनाई जाएंगी।

### कल रंगस में रक्तदान कर कमाएं पुण्य

**अनंत ज्ञान, रंगस।** इंकलाब संस्था द्वारा शहीदी दिवस पर 23 मार्च को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष पुनीत उप्पल ने शिविर में लोगों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर रक्तदान करने की अपील की है।

### राजपूत महासभा की 25 को होगी बैठक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राजपूत महासभा जिला हमीरपुर की महत्वपूर्ण बैठक 25 मार्च को प्रातः 11 बजे लोक निर्माण विभाग के विश्रामगृह, तहसील कार्यालय के सामने हमीरपुर में निश्चित की गई है। अतः आप सभी से अनुरोध है कि बैठक में अपनी और दूसरे राजपूत बंधुओं की भागीदारी सुनिश्चित करें।

### कल होगा बारी सहकारी सभा का अधिवेशन

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** टौणी देवी ब्लॉक की दी बारी कृषि सेवा सहकारी सभा %का वार्षिक अधिवेशन 23 मार्च को सुबह 11 बजे सभा के कार्यालय परिसर में होगा। इस संबंध में सभा के सचिव संजीव चौहान ने बताया कि वार्षिक अधिवेशन में सभा के पड़ताल पत्र वर्ष 2023-24 पर चर्चा, आय व्यय, लाभांश वितरण और आगामी वर्ष के कार्यों की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

### जन सुधार संस्था ने जरूरतमंदों को दी आर्थिक सहायता

**अनंत ज्ञान, नादौन।** जन सुधार संस्था कोहला की मीटिंग संस्था अध्यक्ष राजीव कुमार की मौजूदगी में संपूर्ण हुई। मीटिंग में संस्था की कार्यों के बारे में विचार-विमर्श किया गया। मीटिंग में बतौर मुख्यातिथि सीता राम शिरकत की और लोगों से अपील की कि ज्यादा से ज्यादा लोग संस्था के साथ जुड़ें और दीन-दुखियों की सेवा करें। साथ में मुख्यातिथि ने सुनील कुमार पूनम लता कोमल महक को 1000 -1000 पेंशन आर्थिक सहायता के तौर पर दी गई साथ में टिल्लू की शिवानी सुपुत्री स्वर्गीय नरेंद्र कुमार की लड़की की सादी के लिए 5100 रुपए की सहायता राशि दी। इस कार्य में संस्था उपाध्यक्ष रवि मेहता, सचिव जगदीश चांद, कोषाध्यक्ष गुलवांत सिंह, सुमन कौंडल तिलक राज, सुभाष चंद, सीता राम, तिलक चौधरी, धर्म राज, ओम प्रकाश, विक्रमजीत, संदीप, देवेंद्र सुभाष मेहता, चमन लाल, पूनम लता व सुलेखा उपस्थित रहे।

### शत-प्रतिशत रहा डीएलएड प्रथम-द्वितीय वर्ष का परिणाम

**सुनील कुमार, हमीरपुर।** त्रिशा कॉलेज ऑफ एजुकेशन का डीएलएड प्रथम वर्ष तथा द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। इसमें डीएलएड प्रथम वर्ष की शिल्पा ने 87.5 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, शिवानी जस्वाल ने 87.2 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय तथा कनन ने 86.7 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया है। डीएलएड द्वितीय वर्ष में शिवानी 85.6 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, शशिना 85.5 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय तथा रमा और मनीषा ने 85.3 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया है। त्रिशा कॉलेज ऑफ एजुकेशन के अध्यक्ष एनके शर्मा व कार्यकारी प्राचार्य पूनम भारद्वाज, डीएलएड विभाग की प्रमुख सरिता वर्मा तथा अध्यापकों ने प्रशिक्षु वर्ग को शत-प्रतिशत परिणाम के लिए शुभकामनाएं दी हैं। (अनंत ज्ञान)

### आईएचएम में पीएम श्री स्कूलों की कार्यशाला संपन्न

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** आईएचएम हमीरपुर में समग्र शिक्षा द्वारा आयोजित पीएम श्री स्कूलों की पांच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला शुक्रवार को संपन्न हो गई। अंतिम दिन शिक्षकों को समावेशी शिक्षा, वित्तीय नियम, अभिभावकीय नियंत्रण और निगरानी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षित किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डाइट के प्रधानाचार्य सुनील कु मार ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि पीएम श्री स्कूलों की इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को नई शिक्षा नीति के अनुरूप आधुनिक शिक्षण तकनीकों और प्रशासनिक प्रक्रियाओं से परिचित कराना है, जिससे वे छात्रों के सर्वांगीण विकास में योगदान दे सकें। टीचर ट्रेनिंग इंचार्ज पुनीत कुमार ने अंतिम दिन के कार्यों की जानकारी दी।

### स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए खेलों से जुड़ें : प्रो. सूर्यवंशी



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एनआईटी हमीरपुर के हिमगिरि छात्रावास में अतिथि स्वागत कक्ष व छात्रावास खेलकूद प्रतियोगिता 2025 का शुभारंभ एनआईटी के निदेशक प्रोफेसर हीरालाल मुरलीधर सूर्यवंशी और कुलसचिव डॉ. अर्चना संतोष नानोटी ने किया। इस अवसर पर संकाय प्रमुख (छात्र कल्याण) डॉ. अशोक कुमार, मुख्य संरक्षक डॉ. कुलदीप शर्मा और विभिन्न छात्रावासों के संरक्षक, छात्रावास प्रबंधक तथा छात्रावास कल्याण समिति की अध्यक्षा आर्या मसूरकर व प्रमुख समन्वयक छात्रावास खेलकूद प्रतियोगिता 2025 नवजोत सिंह के साथ अन्य पदाधिकारी छात्र भी मौजूद रहे। इस खेलकूद प्रतियोगिता में क्रिकेट, बैडमिंटन, टेबल टेनिस (टीटी), चेस आदि खेलों का आयोजन किया जाएगा।

### सीएम ने बजट में प्रदेश के विकास को रखा सर्वोपरि: डॉ. रमेश



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भारतीय किसान संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. रमेश डोगरा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा प्रस्तुत किया गया बजट प्रदेश में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मतबूती प्रदान करेगा और प्रदेश का चहुंमुखी विकास होगा। बजट में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के समस्त वर्ग को ध्यान ने रखते हुए प्रदेश के विकास को भी सर्वोपरि रखा है।

# पानी का टैंक एक साल से तैयार फिर भी कनेक्शन नहीं दे पाया विभाग

## ब्राह्मणी गांव के लोगों ने जलशक्ति विभाग के अधीक्षण अभियंता को बताई अपनी समस्या

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

गर्मियां का सीजन शुरू होने वाला है और लोगों को पीने के पानी की चिंता सताने लगी है। भरनांग पंचायत के ब्राह्मणी गांव के लोग पिछले कई महीनों से पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। हालांकि जल शक्ति विभाग ने पानी की समस्या हल करने के लिए पानी के टैंक का निर्माण भी करवाया है, लेकिन इस पानी के टैंक को किसी भी पेयजल योजना के साथ जोड़ा नहीं गया है।

जलशक्ति विभाग द्वारा लगभग एक वर्ष पहले इस टैंक का निर्माण करवाया था, लेकिन अभी इसमें पानी की सप्लाई नहीं दी गई है। इसलिए यह टैंक ग्रामीणों के लिए सफेद हाथी साबित हो रहा है। शुक्रवार को ब्राह्मणी गांव के लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल जल शक्ति विभाग के अधीक्षण अभियंता नीरज भोगल से मिला। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में 100 घर हैं और यहां पर लगभग 500 के करीब जनसंख्या है, जो पानी की समस्या से जूझ रही है।



एक साल से कनेक्शन के इंतजार में पेयजल लाइन।

ग्रामीणों ने बताया कि इस गांव को कराड़ा पेयजल योजना से पानी की सप्लाई की जाती है, लेकिन गांव में पानी की सप्लाई एक दो बार ही किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा जो पानी का टैंक बनाया गया है, इस टैंक को सुजानपुर से आने वाली पेयजल योजना के साथ जोड़ा जाए जिससे गांववासियों को पानी मिल सके। इस अवसर पर पूर्व प्रधान सराहकड़ अश्वनी कुमार, उपप्रधान ग्राम पंचायत भरनांग सुरेंद्र कुमार, गोपाल सिंह चौहान, रमेश चंद, आशीष कुमार, सुभाष चंद, अनिल कौशल, श्रीमन आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### बावड़ी और हैंडपंप से कर रहे गुजारा

ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान समय में बावड़ी और हैंडपंप पर निर्भर हैं और यहां से पानी लेकर अपना गुजारा कर रहे हैं। इसलिए इस टैंक का सदुपयोग कर इसे पेयजल योजना के साथ जोड़ा जाए जिससे ग्रामीणों की समस्या हल हो सके। इस बारे में जल शक्ति विभाग के अधीक्षण अभियंता नीरज भोगल ने बताया कि अधीशाषी अभियंता से फील्ड रिर्पोट मंगवाई है। उन्होंने बताया कि जहां संभावना होगी, वहां से पाइप डालकर टैंक को जोड़ा जाएगा।

## कक्कड़-बाकर खड्ड वाया घोड़ लंबर सड़क निर्माण की हो उच्च स्तरीय जांच

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी**

सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में कक्कड़ से बाकर खड्ड वाया घोड़ लंबर बनी सड़क में कार्य की गुणवत्ता, ब्लैक स्पॉट पर डंगे ना लगाने, सड़क के ग्रेड पर उग्र दो पंचायतों के 12 गांवों के लोग सड़क पर उतर आए हैं और इस कार्य में बड़े घोटाले का अंदेशा जताया है। आखिर वह ठेकेदार कौन है, जिसने इस सड़क को बनाया, उसे ब्लैक लिस्ट करने व सड़क को पास करने वाले अधिकारी के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

बताते चलें कि पंचायत भेरड़ा और पंचायत कक्कड़ के करीब 12 गांव की आबादी को संधोल के लिए यह सबसे कम दूरी का लिंक रोड है। इसके अलावा बाकर खड्ड में बने मोक्षधाम को भी यही लिंक रोड जोड़ता है जिस के कार्य पर लोगों की अंगुलियां उठी हैं। गत दिन कक्कड़ में महिला, पुरुषों रिटायर्ड एक्सियन, पूर्व बीडीसी मेंबर्स, पंचायत सदस्यों सहित करीब पचास लोगों ने मिलकर एक विरोध-प्रदर्शन कर लोक निर्माण विभाग के खिलाफ नारे लगाए और सड़क की क्वालिटी और कंट्रोल को लेकर बड़े सवाल उठाए थे।

इस बारे में पूर्व बीडीसी सदस्य सुखदेव ने बताया कि सड़क निर्माण में करोड़ों रुपए की हेराफेरी हुई है जिसमें अर्थी उठाकर चार आदमी मोक्षधाम तक नहीं जा सकते और सवा दो किलोमीटर सड़क मौत को बुलावा दे रही है।

भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रोफेसर विक्रम राणा ने कहा कि जिस भी अधिकारी ने इस सड़क को पास किया है, उसके खिलाफ कार्रवाई हो, अन्यथा जनता बड़ा आंदोलन छेड़ देगी।

### डेंजर स्पॉट ठीक होंगे : संसार

इस बारे में लोक निर्माण विभाग उपमंडल कक्कड़ के सहायक अभियंता संसार चंद ने बताया कि सड़क की गुणवत्ता को लेकर स्थानीय लोग मिले थे। डेंजर स्पॉट को ठीक करने तथा एलाइनमेंट को लेकर उठे सवालों को लेकर विभाग सजग है, जिसे ठीक करवाया जाएगा।

## नादौन शहर में प्रस्तावित पार्क व पार्किंग स्थल का नप अध्यक्ष सहित अधिकारियों ने किया निरीक्षण



**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन शहर के वार्ड नं. 1 में पार्किंग व एक पार्क का निमार्ण किया जा रहा है, जिसे लेकर लोगों में खुशी का माहौल है। शुक्रवार को नगर परिषद अध्यक्ष शम्मी सोनी के नेतृत्व में अधिकारियों ने साइट का निरीक्षण किया तथा उचित दिशा-निर्देश दिए। टीम में नगर परिषद नादौन के ईओ रमन शर्मा, नगर परिषद के एसडीओ अश्वनी कुमार, पार्षद सुमन कुमारी, जेई अंशुल कुमार, कलर्क कुलदीप कुमार आदि उपस्थित थे।

टीम ने इंद्रपाल चौक के नवीनीकरण को लेकर भी चर्चा की। नादौन नगर परिषद के अध्यक्ष शम्मी सोनी ने बताया कि नादौन शहर के निवासियों को बैठने के लिए वार्ड नं. एक में बड़ा व सुंदर पार्क बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसी प्रस्तावित पार्क के साथ पार्किंग भी बनाई जाएगी, ताकि लोगों को वाहन पार्क करके में आ रही समस्या से निजात मिल सके। उन्होंने बताया कि ऐतिहासिक इंद्रपाल चौक का भी सौंदार्यीकरण किया जाएगा। नगर परिषद के ईओ रमन शर्मा ने कहा कि नादौन शहर के वार्ड नं. 1 में पार्क प्रस्तावित है जिसकी 1 करोड़ 24 लाख की डीपीआर तैयार करके सरकार को भेजी गई है। इसके साथ ही 24 लाख की लागत से पार्किंग का भी निर्माण किया जा रहा है।

## टौणी देवी के अस्पताल चौक में नेशनल हाईवे की डिमार्केशन करने की मांग

**संजीव चौहान, टौणी देवी**



टौणी देवी के अस्पताल चौक में डीएवी स्कूल और मोक्षधाम जाने वाले रास्ते को लेकर उठे विवाद पर अस्पताल चौक पर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। लोगों ने आरोप लगाया कि पहले तो भारत सरकार की पोस्टल डिपार्टमेंट की अलॉट जमीन पर कब्जा करने की कोशिश हुई, फिर दूसरी तरफ मुआवजा मिलने के बावजूद कब्जे नहीं छोड़े जा रहे हैं। टौणी देवी के अस्पताल चौक पर छोटे दुकानदारों को डराया धमकाया जा रहा है, जबकि प्रभाव शाली लोगों की दुकानों को बचाया जा रहा है।

इस बारे ग्राम पंचायत टापरे के प्रधान दिवान चंद, स्थानीय दुकानदारों सुशील कुमार, रवि राणा, महिला मंडल टपरे की पूरी कार्यकारिणी, डीएवी स्कूल के प्रिंसिपल महेंद्र सिंह डोगरा इत्यादि ने बताया कि टौणी देवी के अस्पताल चौक में डीपीआर के तहत नेशनल हाईवे नहीं बन रहा है। यहां सड़क की चौड़ाई भी निर्धारित मापदंड के अनुरूप नहीं हैं। स्कूल और श्मशानघाट को जाने वाले रास्तों पर बाधाएं खड़ी कर दी गई हैं। इस बारे नेशनल हाईवे इंजीनियर अकिंत सिंह ने बताया कि दो दिन में रास्ते की समस्या हल कर दी जाएगी। दो दिन में डिमार्केशन करवा अधिग्रहित जमीनों से कब्जे हटा दिए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

## एचआरटीसी पेंशनर समस्याओं को लेकर लड़ाई लड़ने को तैयार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एचआरटीसी समस्या समाधान मंच की प्रदेश स्तरीय बैठक हमीरपुर बस स्टैंड में मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पुरोहित की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में पेंशनरों की समस्याओं और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में आगामी संघर्ष की रूपरेखा तैयार करने हेतु समिति का गठन किया गया। बैठक में पेंशनरों की पेंशन समस्या के स्थाई समाधान की मांग की गई। इन सभी समस्याओं को सरकार के समक्ष उठाने का निर्णय लिया गया।

मंच ने निगम प्रबंधन से मांग की है कि आरटीआई के माध्यम से तुरंत लिखित ब्यौरा दिया जाए। मंच के पदाधिकारियों ने चेताया कि यदि यही हालत सरकार व निगम प्रबंधन की रही तो उम्र के इस पड़ाव में समस्या के समाधान के लिए मंच के बैनर तले आर-पार की लड़ाई लड़ने से पीछे नहीं हटेंगे। बैठक के दौरान समस्या समाधान मंच हमीरपुर इकाई के चुनाव प्रदेश अध्यक्ष अशोक पुरोहित की अध्यक्षता में संपन्न हुए। इसमें तारा चंद को प्रधान, कमलेश कुमार को महासचिव, रवि कुमार को उपप्रधान, मोती लाल को कोषाध्यक्ष, डंडू राम को प्रेस सचिव, देव राज ठाकुर को संगठन मंत्री, राकेश शर्मा को कानूनी सलाहकार व महेंद्र सिंह को सचिव बनाया गया।

## दियोटसिद्ध मंदिर में शुक्रवार को चढ़ा 15.74 लाख का चढ़ावा

**एसके ठाकुर, बड़सर।** बाबा की नगरी दियोटसिद्ध में शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने गुफा दर्शन करके 15 लाख 74 हजार 052 रुपए गुफा में चढ़ाए हैं। मंदिर अध्यक्ष एवं एसडीएम बड़सर राजेंद्र गौतम ने बताया कि शुक्रवार को दान के रूप में 4 लाख 50 हजार 950 रुपए, गुफा में 11 लाख 23 हजार 102 रुपए चढ़ावा प्राप्त हुआ है।

इसके अतिरिक्त गोल्ड 6 ग्राम 210 एमजी, सिल्वर 82 ग्राम 770 एमजी, इंग्लैंड पाउंड 125, यूएसए डॉलर 012, यूएई दिराम 130, सिंगापुर डॉलर 050 मलेशिया 01 गुप्त दान में 13000-15000 रुपए प्राप्त हुए हैं।

## बाबा बालक नाथ मंदिर न्यास को भेंट की नोट सोर्टिंग मशीन



**एसके ठाकुर, बड़सर**

उत्तरी भारत के प्रसिद्ध सिद्ध पीठ बालक नाथ मंदिर न्यास दियोटसिद्ध में चढ़ावे की राशि गणना के लिए शुक्रवार को एसबीआई शाखा चकमोह ने 3 लाख रुपए की नोट सोर्टिंग मशीन उपलब्ध करवाई। इसके उपयोग से मंदिर न्यास दैनिक चढ़ावे की राशि गणना में अत्यधिक सुविधा होगी व गणना कार्य के निपटारे के 3-4 घंटे कम लगेंगे।

इस उपलक्ष पर एसडीएम एवं मंदिर न्यास, एजीएम एसबीआई हमीरपुर, ब्रांच मैनेजर एसबीआई चकमोह, मंदिर अधिकारी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की आवश्यकता : डॉलिम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का जिला स्तरीय समारोह एनजीओ भवन में आयोजित किया गया, जिसमें जिला कोषाधिकारी डॉलिम चौधरी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर डॉलिम चौधरी ने कहा कि जीवन के हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करने वाली महिलाएं अपने आप में सशक्त हैं।

अपनी आम दिनचर्या में घर-परिवार को संभालने से लेकर घर से बाहर भी कई बड़े कार्यों को सफलतापूर्वक अंजाम देने वाली महिलाएं सशक्तिकरण की मिसाल हैं, लेकिन, इन्हें आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने की आवश्यकता है। आर्थिक रूप से स्वावलंबी होने पर ही वे स्वयं निर्णय लेने में सक्षम होंगी। कार्यक्रम के आयोजन के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग की सराहना करते हुए डॉलिम चौधरी ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से आम महिलाओं का उत्साहवर्धन होता है और वे जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होती हैं।

**एनजीओ भवन में जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का आयोजन**

इससे पहले, जिला कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार ने सभी का स्वागत करते हुए अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। सीडीपीओ संजय गर्ग और कुलदीप सिंह चौहान ने भी विभाग की योजनाओं से अवगत करवाया।

समारोह के दौरान आंगनबाड़ी कर्मियों एवं अन्य महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। योग खिलाड़ी निधि डोगरा ने योगासनों का हैरतअंगेज प्रदर्शन किया। महिलाओं के लिए कई खेल प्रतियोगिताएं भी करवाई गईं। मुख्य अतिथि ने उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए योग की खिलाड़ी निधि डोगरा और पहलवान कृतिका जम्वाल को 10-10 हजार रुपए के नकद पुरस्कार प्रदान किए। शिशु लिंगानुपात में उल्लेखनीय सुधार करने वाले ग्राम पंचायतों को भी पुरस्कृत किया गया। समारोह में जिला बाल संरक्षण अधिकारी तिलक राज आचार्य व अन्य उपस्थित थे।

## जाहू में भोरंज बीजेपी मंडलाध्यक्ष ने विस घेराव को लेकर बनाई रणनीति

**अनंत ज्ञान, जाहू**

भोरंज भाजपा की बैठक जाहू में मंडलाध्यक्ष अशोक ठाकुर की अध्यक्षता में हुई, जिसमें 27 मार्च को विधानसभा का घेराव करने के लिए विशेष रणनीति बनाई गई। बैठक में मंडलाध्यक्ष अशोक ठाकुर ने बताया कि कांग्रेस सरकार के द्वारा दो वर्षों से कोई भी विकास का कार्य नहीं किया जा रहा है।

प्रदेश की जनाता कांग्रेस की सरकार से आम आदमी काफी आहत है। विधानसभा का घेराव करने के लिए जाहू से चार गाड़ियां जाएंगी, जिसमें 30 से अधिक लोग होंगे जो शिमला में विधानसभा के घेराव में शमिल होंगे। मण्डलाध्यक्ष अशोक ठाकुर ने कहा कि जाहू से ही कांग्रेस का विधायक होने के बावजूद भी जाहू का विकास नहीं हो रहा है। जाहू के लोग आज भी पानी क्की समस्या से जूझ रहे हैं।

जितने भी सड़कों के कार्य हो रहा हैं, वे केन्द्र सरकार की स्कीमों के माध्यम से किया जा रहा है। जबकि सड़कों का निर्माण का श्रेय कांग्रेस के विधायक सुरेश कुमार लेने की हौड़ में लगे हुए है।

## डोगरा रेजिमेंट 12वीं बटालियन के पूर्व सैनिकों ने मनाया समारोह




**अनंत ज्ञान, भोटा।** दी डोगरा रेजिमेंट 12वीं बटालियन ने गेट-टू-गेदर समारोह स्टार होटल भोटा में हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर हिमाचल, पंजाब, जम्मू-कश्मीर के भूतपूर्व सैनिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर सभी ने अपनी पुरानी यादों को ताजा किया। कार्यक्रम में नाच-गाने तथा प्रीति भोज का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सूबेदार मेजर ऑनरेरी कै. कर्म चंद, सूबेदार मेजर ऑनरेरी कै. विधि चंद, सूबेदार मेजर ऑनरेरी कै शक्ति चंद, सूबेदार मेजर ऑनरेरी कै कल्याण चंद, सूबेदार मेजर ऑनरेरी कै. पूर्ण प्रकाश, ऑनरेरी कै जगदीश चंद, सूबेदार सर्वण सिंह ने शिरकत की। आयोजनकर्त्ता मेजर ऑनरेरी कै शिक्त चंद, सूबेदार मेजर प्रेम जीत भारद्वाज, ऑनरेरी सूबेदार मेजर रमेश मेहला, ऑनरेरी सूबेदार मेजर वीरेंद्र सिंह, ऑनरेरी सूबेदार मेजर बलराज चांगरा उपस्थित रहे।

## गरसाहड़ में 24 से होगा श्रीकृष्ण लीला का गुणगान

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के अंतर्गत सर्वेश्वर महादेव मंदिर गरसाहड़ में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन ग्रामीणों के सहयोग से 24 मार्च से 30 मार्च तक किया जा रहा है। कार्यक्रम में कथावाचक डॉ. अनुज अंगिरस ढांगू कोहलविं वाले श्री कृष्ण लीला का गुणगान करेंगे। 30 मार्च को कथा विराम व पूर्ण आहुति के साथ 2 बजे विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसमें सर्वेश्वर महादेव मंदिर कमेटी व ग्रामीणों ने क्षेत्र के सभी लोगों को आमंत्रित किया है।

## बेला पंचायत के लोगों की आपत्तियों की एसडीएम आज करेंगे सुनवाई

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नगर परिषद नादौन में बेला पंचायत के वार्ड बार्ड नं. 5 के बचे 55 परिवारों को भी नगर परिषद में शामिल कर लिया गया है, जिसकी नोटिफिकेशन जारी होने पर वार्ड के लोगों ने डीसी हमीरपुर के पास आपेक्ष व आपत्तियां जताई हैं। डीसी हमीरपुर ने इन आपेक्ष व आपत्तियों की सुनवाई के लिए एसडीएम नादौन को अधिकृत किया है। एसडीएम नादौन राकेश शर्मा इन आक्षेप व आपत्तियों की सुनवाई 22 मार्च को अपने कार्यालय में दोपहर 2 बजे सुनेंगे। नगर परिषद के ईओ रमन शर्मा ने आपेक्ष व आपत्तियां करने वालों से आग्रह किया है कि वे एसडीएम कार्यालय में अपना पक्ष रखें।

**आयोजन** मां जानकी नर्सिंग कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर करवाई कई प्रतियोगिताएं

# नेहा का भाषण सबसे अच्छा, काजल की मेहंदी सबसे प्यारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण चैधरी के मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन मां जानकी नर्सिंग कॉलेज हमीरपुर में किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनील वर्मा ने की। इस मौके पर भाषण, मेहंदी व रंगोली जैसी प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन भी किया गया।

भाषण प्रतियोगिता में नेहा को प्रथम, कशिश को द्वितीय व दीक्षा को तृतीय पुरस्कार मिला। रंगोली प्रतियोगिता में अंजली को प्रथम, अंकिता को द्वितीय व शिवाली तृतीय स्थान पर रहे। मेहंदी प्रतियोगिता में काजल गोयल को प्रथम, अंशिका शर्मा को द्वितीय व मीनाक्षी को तृतीय पुरस्कार मिला। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनील वर्मा ने कहा कि यह दिवस उन सभी महिलाओं को समर्पित है, जिन्होंने समाज, परिवार व राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।



उन्होंने बताया कि महिलाएं सिर्फ घर तक सिमित नहीं हैं, वे आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं, चाहे वह राजनीति हो, विज्ञान हो या फिर व्यवसाय। रानी लक्ष्मीबाई, कल्पना चावला, मदर टेरेसा, इंदिरा गांधी, मैरी कॉम जैसी अनेक प्रेरणादायक महिलाएं जिन्होंने दुनिया को दिखा दिया कि अगर महिलाओं को अवसर मिले तो वे किसी से कम नहीं है। उन्होंने बताया कि कई जगह पर आज भी महिलाओं को समान अधिकार और अवसर नहीं मिलते तथा उन्हें शिक्षा रोजगार और सम्मान के लिए अभी भी संघर्ष करना पड़ता है, जिनका हम सबको मिलकर समाधान निकालना होगा।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर कॉलेज के प्रबंधक मनजीत ठाकुर, प्रधानाचार्य किरण, उपप्रधानाचार्य मोनिका ने भी अपने विचार रखे। स्वास्थ्य विभाग से बीसीसी समन्वयक सलोचना तथा कॉलेज के समस्त स्टाफ में मोनिका कुमारी, अनामिका, शालिनी, सोनी, ममता, दीप्ति, सुनीता, ममता देवी, उषा, नीतिका, डिंपल, दिव्या, राजेश्वरी, आंचल, नेहा, शबनम उपस्थित रहे।

### 2030 तक एड्स को समाप्त करने का लक्ष्य : डॉ. सुनील

डॉ. सुनील ने यौन संचारित संक्रमण के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हेपेटाइटिस बी, एचआईवी, की बीमारी से ज्यादा संक्रामक है। सभी को अपना हेपेटाइटिस बी का टीकाकरण भी करवाना चाहिए और कहा कि 2025-26 तक वार्षिक नएएचआईवी संक्रमण को कम करना है और 2030 तक एड्स को समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

## सोरड़ कृषि सहकारी सेवा समिति बांटेगी 12% लाभांश : अशोक

**अनंत ज्ञान, रंगस**

दी सोरड़ कृषि सहकारी सेवा समिति जोलसप्पड़ का साधारण अधिवेशन सभा के चेयरमैन केहर सिंह की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर सहकारी सभा के उपप्रधान गुरदेव शर्मा के आकस्मिक निधन पर शोक जताते हुए सभी ने उनको श्रद्धांजलि देते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन भी रखा।

सहकारी सभा के सचिव अशोक कुमार ने सभा की आय-व्यय का विस्तृत ब्यौरा रखा। उन्होंने बताया कि इस बार सभा प्रत्येक सदस्य को 12 प्रतिशत लाभांश देगी। उन्होंने बताया कि 21 मार्च, तक 1313 सदस्य हो गए हैं, जबकि सहकारी सभा को वर्ष 2023-24 में 33 लाख, 19 हजार, 650 रुपए का शुद्ध लाभ हुआ है।

सभा के प्रधान मदन सिंह ने कहा कि जिन सदस्यों ने सभा से ऋण लिया है, वे अपने ऋण की किस्तों व उनका ब्याज 31 मार्च तक जमा करवा दें ताकि सभा में दोषी ऋणियों के विरूद्ध कोई कार्रवाई अमल में न लानी पड़े। इस अवसर पर सभा के सदस्य सुभाष चंद, राजकुमार, अजीत सिंह, दिलीप सिंह, हंसराज, सहकारी सभा के विक्रेता मदन सिंह सहित कई सदस्य मौजूद थे।






# विधानसभा
## बजट सत्र 2025-26



## बजट सत्र में हिस्सा लेने जाते माननीय



नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, राकेश जम्वाल सहित भाजपा नेता।



खेल मंत्री यादविंद्र गोमा।



लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह।



विधायक प्रकाश राणा।



पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह।



विधायक विनोद सुल्तापुरी।



विधायक संजय अवस्थी।

### हिमाचल में संस्थानों को खोलने और बंद करने पर गरमाया सदन, पक्ष-विपक्ष में हुई नोक-झोंक

# प्रदेश में जरूरी संस्थान ही खोले जाएंगे: अग्निहोत्री

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**हिमाचल** विधानसभा के बजट सत्र में गैर जरूरी सरकारी संस्थान खोलने पर सदन में बवाल मच गया। सत्तापक्ष और विपक्ष ने एक दूसरे पर खूब तीर छोड़े और विपक्ष ने अपनी सीटों से उठकर खूब हंगामा किया। शुक्रवार को सदन में सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अनुपस्थिति में डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने मोर्चा संभाला और प्रतिपक्ष के नेता जयराम ठाकुर पर हिमाचल को भारी आर्थिक बोझ तले धकेलना का दोषी ठहराया।

अग्निहोत्री ने कहा कि 1000 से ज्यादा अनावश्यक सरकारी संस्थान खोले गए, जिसमें मूलभूत सुविधाएं नहीं जुटा गई और ऐसे गैरजरूरी संस्थान वित्तीय दबाव बढ़ाने वाले साबित हुए। उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस की सरकार जरूरत के अनुसार ही सरकारी संस्थान खोलेगी और अनावश्यक संस्थाओं को बंद किया जाएगा। अब जो भी नए संस्थान खुलेंगे। वे डंके की चोट पर खुलेंगे। पूरी जांच पड़ताल के बाद लोगों की मांग के अनुसार ही खोले जाएंगे। उनकी सरकार पूरे पांच साल के लिए चुनी गई है। इसलिए विपक्ष उन्हें गिराने की मंशा छोड़ दे। क्योंकि, 'लोटस' पहले ही फेल हो चुका है, लिहाजा वे नीड बेस्ड संस्थान ही खोलेंगे। उन्होंने बताया कि पिछली जयराम सरकार ने चुनाव जीतने के लिए चुनाव के महज छह माह में एक हजार संस्थान खोल दिए थे, जिसके लिए न तो बजट का प्रावधान किया गया था और न ही पद सृजित किए गए थे। इसलिए ऐसे संस्थानों को डिनोटिफाई किया गया है। ऐसे संस्थानों को खोलने के लिए सरकार अब दोबारा इसका मूल्यांकन करेगी। **(अनंत ज्ञान)**



### रणधीर, राकेश और सतपाल सत्ती ने सामान्य प्रशासन से संबंधित मांगा ब्यौरा

**विपक्ष** की ओर से श्रीनयना देवी के विधायक रणधीर शर्मा, सुंदरनगर के विधायक राकेश जम्वाल और ऊना के विधायक सतपाल सिंह सत्ती द्वारा सामान्य प्रशासन से संबंधित पूछा गया कि 15 जनवरी 2024 तक सरकार ने कितने नए संस्थान खोलने की अधिसूचना जारी की है? उन्होंने पूछा है कि इस अवधि में सरकार ने प्रस्तावित कौन-कौन से नए कार्यालय व संस्थान खोले हैं? इन कार्यालयों व संस्थानों को खोलने के लिए धनराशि का प्रावधान व पदों का सृजन किया गया है, इसको लेकर ब्यौरा मांगा गया था। प्रश्नकाल में यह पहला सवाल लगा था। जिस पर सदन में पूरे 28 मिनट चर्चा हुई, जिसमें काफी आरोप- प्रत्यारोप चले।

### प्रतिशोध की भावना से 1000 से ज्यादा संस्थान किए बंद: जयराम ठाकुर

**इस** बीच प्रतिपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने सदन में कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाया कि प्रदेश में राजनीतिक प्रतिशोध के साथ अगर कोई बडा शर्मनाक वाला काम किया है, तो वह सुक्खू सरकार ने किया है। मुख्यमंत्री ने शपथ ग्रहण के बाद बिना मंत्रिमंडल के गठन किए एक साल से चल रहे 1000 के लगभग संस्थान एक दिन में ही बंद कर दिए। 2017 में चुनाव से मात्र 5 दिन पूर्व कांग्रेस सरकार ने बिना किसी बजट के 22 कॉलेज खोलने की घोषणा की थी। हमारी सरकार बनी, तो हमने सारे संस्थान बिना किसी भेदभाव के चलाए। इसलिए वे उनको उपदेश न दे और ना ही बिना तथ्य के कोई लांछन लगाने का प्रयास करे, इससे पहले अपने गिरेबान में झांके, फिर हम पर आरोप लगाएं।

# विमल नेगी की मौत को लेकर भाजपा ने खोला मोर्चा
## राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को सौंपा ज्ञापन, सीबीआई जांच की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, शिमला**

**भाजपा** ने विमल नेगी की मृत्यु को लेकर कांग्रेस सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। आक्रामक तेवर अपनाते हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल के नेतृत्व में हिमाचल के राज्यपाल शिव प्राप्त शुक्ल को ज्ञापन सौंपा। भाजपा नेताओं ने राज्यपाल से मांग की कि एक आईएएस अधिकारी की दूसरा आईएएस अधिकारी जांच कैसे कर सकता है, जहां एफआईआर में विभाग के एमडी पर केस हुआ है उनमें अधिकारी को नामजब्त करना चाहिए था। अब तो एमडी बदल गया है तो केस तो पद के खिलाफ बना जो कि गलत है।

भाजपा ने राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के समक्ष सीबीआई जांच की मांग भी रखी। इस अवसर पर जयराम ने कहा कि भाजपा विधायक दल इस घटना की जांच अगर दूसरा आईएएस अधिकारी करेगा तो निष्पक्ष जांच पर प्रश्न चिह्न लगेगा है। इसलिए भाजपा विधायक दल मांग करता है कि इस घटना की एफआईआर में दूसरे अधिकारी का भी नाम शामिल किया जाए और इस घटना की पिछले दो वर्ष में एचपीपीसीएल की गतिविधियों की जांच सीबीआई से करवाई जाए।



*नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के नेतृत्व में भाजपा विधायक दल राज्यपाल शिव प्राप्त शुक्ल को ज्ञापन सौंपते हुए।*

### प्रश्नकाल के दौरान लगे थे 16 प्रश्न

**विधानसभा** में प्रश्नकाल के दौरान 16 प्रश्न लगे थे। जिसके सदन में सदस्यों को उत्तर दिए गए। इसकी जानकारी विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने सदन में साझा की।

### संवेदनशील डूबने वाले प्वाइंट चिह्नित हो: जयराम



**नेता** प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने जीरो आवर्स में सिराज विधानसभा में दो बच्चों के पानी में डूबने से हुई मौत का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि अब गर्मियों का मौसम शुरू हो गया है। इस दौरान डैम या नदी-नालों में साफ सुथरा और नीला पानी देखकर पर्यटक और अन्य लोग रास्ता तलाशते हुए इन स्थानों में पहुंचते हैं। ऐसे सभी प्वाइंट को चिह्नित किया जाए।

### कर्जा लेने का बनाया रिकॉर्ड: सुखराम चौधरी



**विधायक** सुखराम चौधरी ने कहा कि वर्तमान सरकार ने दो साल में 30 हजार करोड़ का लोन ले लिया है। वहीं, वर्ष 2012 से 2017 तक वीरभद्र सिंह की सरकार ने 24 हजार करोड़ का लोन लिया था। जबकि, पूर्व की जयराम सरकार ने 2017 से 2022 तक 27 हजार करोड़ का लोन लिया था। अब तो दो साल में ही लोन 30 हजार करोड़ का लिया गया है, लेकिन इसके बाद भी कोई विकास नजर नहीं आ रहा हैं।

### डूबने वाली घटनाओं को रोकेंगे: अग्निहोत्री



**इस** दौरान डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि हिमाचल में डैम और नदी-नालों में डूबने की घटनाओं को रोकने के लिए सरकार ऐसे स्थानों को चिह्नित करेगी, ताकि आने वाले गर्मियों के सीजन में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। इसके लिए सरकार उचित कदम उठाएगी। ब्यास नदी में इस तरह की घटनाएं ज्यादा होती हैं।

### बजट में भ्रष्टाचार के दरवाजे बंद: सुंदर ठाकुर



**विधायक** सुंदर ठाकुर ने बताया कि बजट में भ्रष्टाचार के दरवाजे बंद हुए हैं। बेरोजगारों के लिए एक हजार बस रूट देने की बात बजट में कही गई है। बजट में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की बात हुई है। गाय और भैंस के दूध का खरीद मूल्य बढ़ाया गया है, जिससे लोगों का फिर से पशुपालन की तरफ रुझान बढ़ा है।

### लोन लेने की प्रथा कांग्रेस ने शुरू की: सत्ती



**विधायक** सतपाल सत्ती ने सीएम सुक्खू पर निशाना साधे हुए कहा कि मुख्यमंत्री अपनी गलती छुपाने के लिए पूर्व सरकार और केंद्र सरकार को दोष देते हैं, जो गलत है। लोन लेने की प्रथा को 1993 से हर सरकार ने आगे बढ़ाया। मुख्यमंत्री को अपनी ताकत को लेकर लड़ाई लड़नी चाहिए। हिमाचल को औद्योगिक पैकेज की देन पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को जाता है।

### सभी वर्गों का रखा जा रहा ध्यान: सोलंकी



**विधायक** अजय सोलंकी ने कहा कि बजट गरीब महिलाएं, किसान, बागवान, युवा और कर्मचारियों का ध्यान रखा गया है। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने को लेकर महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती से तैयार मक्की और गेहूं का सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाया है।

### केंद्र सरकार कर रही सौतेला व्यवहार: बाली



**आरएस** बाली ने सदन में बताया कि हिमाचल रेवेन्यू डेफिसिट स्टेट है, यहां आय कम और खर्चा अधिक है। हमारे पास मिनरल नहीं है। बाली ने कहा कि केंद्र हर राज्य को ग्रांट देती है, ग्रांट देना अहसान नहीं एक जिम्मेदारी होती है। उसका निर्वहन केंद्र की हर सरकार करती है। चाहे वह किसी भी दल की सरकार रही हो। उन्होंने कहा आज हमारे साथ केंद्र ने फंडिंग को लेकर सौतेला व्यवहार किया है।

### यहां खर्च हो रहा 57 फीसदी पैसा: अनिल शर्मा



**भाजपा** विधायक अनिल शर्मा ने कहा कि ये जो प्रदेश सरकार ने 58,514 करोड़ का बजट पेश किया गया है, ये आय और व्यय का लेखा जोखा होता है। उन्होंने कहा कि आज 57 फीसदी पैसा सैलरी, पेंशन और लोन चुकाने पर खर्च हो रहा है। जो वर्तमान में चिंता का विषय है। उन्होंने शराब के ठेकों की नीलामी को लेकर भी सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि सरकार शराब के ठेकों की नीलामी से आय की बात करती है, लेकिन मंडी जिले में शराब के ठेकों की नीलामी से आय में एक फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।

## छात्रों ने देखी सदन की कार्यवाही



*अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। विधानसभा में चल रहे बजट सत्र की कार्यवाही देखने आए विशप कॉटन स्कूल शिमला व दयानंद आदर्श विद्यालय सोलन के 50 से अधिक छात्र-छात्राओं ने सदन की कार्यवाही को देखने से पहले विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से कौंसिल चैंबर के बाहर मुलाकात की।*

# सात पासपोर्ट सेवा केंद्र संचालित चंबा में नया केंद्र खोलने के प्रयास

**अनंत ज्ञान, शिमला**

**हिमाचल** विधानसभा के बजट सत्र में पासपोर्ट ऑफिस खोलने का मद्दा भी गरमाया। विपक्ष ने राज्य में खुले पासपोर्ट दफ्तरों का ब्यौरा भी मांगा और चंबा में पासपोर्ट दफ्तर खोलने की मांग रखी। सत्ता पक्ष की तरफ से डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने जानकारी दी कि प्रदेश सरकार के पास पासपोर्ट दफ्तर खोलने का अधिकार नहीं है।

**विधायक नैय्यर के सवाल का डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री का जवाब**

विधायक नीरज नैय्यर ने सवाल किया था, कि प्रदेश के किन-किन जिलों में कहां-कहां पासपोर्ट दफ्तर खोले गए हैं? क्या सरकार जिला चंबा मुख्यालय में भी पासपोर्ट कार्यालय खोलने का विचार रखती है? जिसका जवाब उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने सदन में देते हुए कहा कि चंबा में पासपोर्ट ऑफिस खोलने का मामला केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। अभी हिमाचल प्रदेश में 7 पासपोर्ट कार्यालय हैं, हालांकि पासपोर्ट ऑफिस खोलने का अधिकार प्रदेश सरकार के पास नहीं है, इसकी अनुमति केंद्र सरकार के विदेश मंत्रालय से मिलती है। एक संसदीय क्षेत्र में केवल एक ही पासपोर्ट ऑफिस खुलता है, लेकिन कुछ संसदीय क्षेत्र में दो पासपोर्ट ऑफिस खुले हैं। उन्होंने बताया कि कांगड़ा संसदीय क्षेत्र में भी दो पासपोर्ट ऑफिस खुले हैं और चंबा भी इसी संसदीय क्षेत्र के तहत आता है, फिर भी ये मामला केंद्र सरकार के विचार को भेजा जाएगा।

# एफआरए के तहत तीन साल में 3327 मामले मंजूर: राजस्व मंत्री

**अनंत ज्ञान, शिमला**

**प्रदेश** में पिछले तीन वर्षों में वन अधिकार अधिनियम (एफआरए) 2006 के तहत 3327 मामलों को मंजूरी दी गई है। इनमें से 637 मामले अधिनियम की धारा 3(1) के तहत और 2690 मामले धारा 3(2) के तहत स्वीकृत किए गए हैं। विधानसभा में शुक्रवार को प्रश्नकाल के दौरान विधायक आशीष बुटेल के सवाल का जवाब देते हुए राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि एफआरए 2006 पूर्व यूपीए सरकार का एक क्रांतिकारी कानून है, लेकिन हिमाचल में अब तक इसका पूरा लाभ लोगों को नहीं मिल पाया है। मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार एफआरए को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए अप्रैल में पंचायती राज प्रतिनिधियों की राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित करेगी।



राजस्व मंत्री ने पूर्व भाजपा सरकारों पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने इस कानून को प्रदेश में ठंडे बस्ते में डाल दिया। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश सरकार इसे पूरी गंभीरता से लागू करेगी, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके।

# प्रदेश सरकार की नाकामियों पर गरजे सुरेंद्र शौरी
## विधायक बोले- बजट में बंजार विधानसभा का कहीं नहीं कोई जिक्र

**अनंत ज्ञान, बंजार**

**विधानसभा** के बजट सत्र के दौरान सदन में कांग्रेस सरकार द्वारा आगामी वित्त वर्ष के लिए प्रस्तुत किए गए बजट पर चर्चा करते हुए बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी ने उनके विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सरकार की नाकामियों पर पर सवाल खड़े किए। विधायक शौरी ने कहा कि बजट में बंजार विधानसभा का कहीं कोई जिक्र नहीं हैं। कोई नई योजना बंजार विधानसभा क्षेत्र के लिए बजट में नहीं सुझाई गई है। इसके इत्तर बंजार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत लगभग पूर्ण चुके कार्य व बनी बनाई निर्मित अधोसरंचनाओं को सरकार बर्बाद करने पर तुली हुई है। बजौरा स्थित 50 विस्तर वाला आयुर्वेदिक अस्पताल का भवन दो वर्षों से ब्यास नदी में बह जाने को है पर सरकार का इसकी सुरक्षा की ओर कोई ध्यान नहीं है। इसी तरह लरजी झील के किनारे बन चुके कैफेटेरिया भवन की सुरक्षा की ओर भी सरकार का कोई ध्यान नहीं है।

पूर्व की जयराम सरकार ने लगभग 20 करोड़ रुपए खर्च कर लारजी झील के साथ जल क्रीड़ा शुरू करने व घाटी के युवाओं को रोजगार देने के लिए लिए अधोसरंचना का निर्माण करवाया था। आज वर्गमान कांग्रेस सरकार दो वर्षों से ना तो जल क्रीड़ा शुरू कर पाई है और ना ही कैफेटेरिया व पुरानी सड़क शुरू कर पाई है।

### एनएच 305 की दुर्दशा पर नहीं की कोई कार्रवाई



**बंजार** की मुख्य सड़क एनएच 305 की दुर्दशा पर विधायक शौरी ने कहा कि सरकार कारण बताए कि क्यों गत दो वर्षों से मुरम्मत कार्य ना करने वाले ठेकेदार पर कोई कार्रवाई की गई है। सरकार के अधिकारियों की लापरवाही के कारण आज केंद्र से बजट प्राप्ति में जटिलताओं का सामना करना पड़ रहा है। सैंज घाटी के तरेड़ा में दो वर्षीण से सरकार पुल निर्माण के लिए कोई कदम नहीं उठा पाई है। पुल की सामग्री उपलब्ध होने के बाबजूद पुल की आधारशिला के लिए बजट देने का कार्य इस सरकार से नहीं हो पा रहा है।

# प्रदेश में 4 दिन मौसम साफ, 26 व 27 मार्च को बारिश-बर्फबारी की संभावना

**अनंत ज्ञान, शिमला**

प्रदेश में अगले चार दिनों तक मौसम साफ रहने की संभावना है, लेकिन 26 और 27 मार्च को राज्य के कई हिस्सों में बारिश और ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हो सकती है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 22 से 25 मार्च तक राज्यभर में मौसम शुष्क और साफ रहेगा। हालांकि 25 मार्च की रात से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है और इसका असर 26 मार्च से दिखने लगेगा।

राज्य के लाहौल-स्पीति, किन्नौर, कुल्लू और चंबा जिलों के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावना जताई गई है जबकि मध्य और निचले इलाकों में बारिश होने की उम्मीद है। हालांकि मौसम विभाग ने अभी तक किसी भी तरह का अलर्ट जारी नहीं किया है। प्रदेश में शुक्रवार को मौसम सामान्य बना हुआ है और अधिकांश इलाकों में धूप खिली रही। इससे दिन के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। हालांकि जनजातीय क्षेत्रों में ठंड का असर अभी भी बना हुआ है और यहां बीती रात हल्की बर्फबारी भी हुई है।

### ताबो में माइनस 4.7 डिग्री सेल्सियस तापमान

**बीते** 24 घंटों में सबसे ठंडा स्थान लाहौल-स्पीति का ताबो रहा, जहां न्यूनतम तापमान -4.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसी जिले के मुख्यालय केलंग में न्यूनतम तापमान -4.6 डिग्री सेल्सियस और कुकुमसेरी में -2 डिग्री सेल्सियस रहा। इन इलाकों में दिन के समय हल्की धूप निकलने के बावजूद ठंडक बनी हुई है।

**जानकारी** राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार के सवाल का रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने दिया जवाब

# प्रदेश में 13168 करोड़ से 4 नई रेल लाइनों का निर्माण

**अनंत ज्ञान, शिमला**

**राज्यसभा** सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने सदन में रेल मंत्री से पूछा कि क्या सरकार ने हिमाचल प्रदेश में रेल संपर्क को सुदृढ़ करने के लिए कोई बजट मंजूर किया है। पिछले तीन रेल बजटों में घोषित परियोजनाओं सहित विशेष रूप से हिमाचल में रेलवे की वर्तमान में चल रही परियोजनाआओं का ब्यौरा और स्थिति क्या है और क्या सरकार ने रेलवे अवसंरचना को और अधिक संधारणीय बनाने और यात्रा के दौरान जरूरतमंद यात्रियों के लिए चिकित्सा सुविधाएं और प्राथमिक उपचार सुनिश्चित करने की दिशा में कोई उपाय किए हैं?

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि रेल परियोजनाओं को सर्वेक्षण/स्वीकृति/निष्पादन राज्य-वार/जिला-वार नहीं, बल्कि क्षेत्रीय रेल वार किया जाता है। रेल परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान करना भारतीय रेल की सतत और गतिशील प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाली रेल अवसंरचना परियोजनाएं रेल के उत्तर रेलवे के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आती है। लागत, व्यय और परिव्यय सहित रेल परियोजनाओं का क्षेत्रीय रेल वार विवरण रेल की वेबसाइट पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि अप्रैल, 2024 की स्थिति के अनुसार हिमाचल में पूर्णत/अंशत पड़ने वाली 13168 करोड़ रुपए की लागत वाली कुल 255 किलोमीटर लंबाई की 4 नई लाइनें योजना/अनुमोदन/निर्माण चरण में है, जिनमें से 61 किलोमीटर लंबाई को कमीशन कर दिया गया है और मार्च 2024 तक 6225 करोड़ रुपए का व्यय किया जा चुका है। उन्होंने चल रहे कार्यों की स्थिति का संक्षेप विवरण सदन में रखा। उन्होंने बताया कि चंडीगढ़-बद्दी (30 किमी) नई रेल लाइन परियोजना का कार्य शुरू कर दिया गया है।

### भानुपल्ली-बिलासपुर बेरी नई लाइन के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी





**केंद्रीय** रेल मंत्री ने कहा कि भानुपल्ली-बिलासपुर-बेरी (63.5 कि.मी.) नई लाइन परियोजना में प्रदेश में कुल 124.02 हेक्टेयर भूमि में से 79.57 हेक्टेयर भूमि अधिगृहीत कर ली है, उपलब्ध भूमि पर कार्य शुरू कर दिया गया है। अब तक इस परियोजना पर 5205 करोड़ का व्यय किया जा चुका है और हिमाचल प्रदेश सरकार पर 1351 करोड़ की राशि बकाया है।

## न्यूज ब्रीफ

### शांता कुमार ने पूर्व मंत्री के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने पूर्व मंत्री वजीर केवल सिंह पठानिया पूर्व मंत्री के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया। उनके साथ हिमाचल की राजनीति में काम करने का लंबा समय मिला था। विधायक के रूप में और फिर मंत्री के रूप में उन्होंने प्रदेश में महत्वपूर्ण काम किया। याद रहे वे उस युग के भाजपा नेता थे जब भाजपा हिमाचल प्रदेश में अपना महत्वपूर्ण स्थान बना रही थी। प्रदेश में पार्टी के विकास में उन्होंने महत्वपूर्ण योगदान किया। उनके परिवार के सदस्यों के प्रति उन्होंने गहरी संवेदना प्रकट की है।

### शाहपुर में आज विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित




**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** विद्युत उपमंडल शाहपुर के अंतर्गत विभिन्न जगहों पर शनिवार को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता विक्रम शर्मा ने बताया कि 22 मार्च को 250 केवी ट्रांसफार्मर झंगी, 100 केवीए ट्रांसफार्मर शाहपुर स्कूल, 400 केवी ट्रांसफार्मर मेन बाजार शाहपुर 100 केवी ट्रांसफार्मर न्यू कलोनी, 100 केवी ट्रांसफार्मर करतार मार्किट, 250 केवी ट्रांसफार्मर पुलिस स्टेशन, 63 केवी ट्रांसफार्मर मझिआर के उचित रख रखाव, मरम्मत व राष्ट्रीय राजमार्ग फोरलेन कार्य के चलते झंगी, मझिआर शाहपुर बाजार और साथ लगते क्षेत्रों में सुबह दस वजे से सायं पांच बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### भवारना भाजपा मंडल ने बारी में की बैठक



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** सुलह विधानसभा क्षेत्र के भवारना मंडल भाजपा की महत्वपूर्ण बैठक मंडल अध्यक्ष हंसराज चौधरी की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय (बारी) भीखाशाह में हुई। बैठक में पूर्व एससी मोर्चा प्रदेश महामंत्री भाई अजय कबीर और संगठनात्मक जिला पालमपुर की अध्यक्ष रागनी रुक्वाल तथा भवारना मंडल के मीडिया प्रभारी राकेश गुलेरिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में 27 मार्च को शिमला में होने वाले विधानसभा घेराव को लेकर रणनीति बनाई गई। कार्यकर्ताओं को आंदोलन की सफलता के लिए संगठित रहने और अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया गया। भाजपा नेतृत्व ने इस घेराव को जनता की आवाज बुलंद करने का एक महत्वपूर्ण अवसर बताया, जहां सरकार की नीतियों के खिलाफ मजबूती से प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में मंडल के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी सक्रिय रूप से शामिल रहे।

### लंबित बिजली बिलों का 26 तक करें भुगतान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल-2 धर्मशाला के सहायक अभियंता रमेश चंद ने उपमंडल के अधीन आने वाले सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि अपने बिजली के बिल लंबित न रखें और समय से उनका भुगतान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि बिजली के बिल बिजली बोर्ड की वेबसाइट या किसी भी यूपीआई पेमेंट ऐप के माध्यम से ऑनलाइन भी जमा करवाए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि 26 मार्च तक बिल जमा न करने की स्थिति में बिना आगामी सूचना के नियमानुसार विद्युत कनेक्शन काट दिया जाएगा।

### बिजली के बिल 28 मार्च तक करवाएं जमा

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** विद्युत उपमंडल शाहपुर के उपभोक्ताओं को 28 मार्च तक अपना बिजली बिल जमा करने का निर्देश दिया गया है। सहायक अभियंता विक्रम शर्मा ने कहा कि उपभोक्ता ऑनलाइन, लोकमित्र केंद्र या उपमंडल के कैश काउंटर पर भुगतान कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि बिल न भरने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन बिना किसी पूर्व सूचना के काट दिए जाएंगे।

### लघु सचिवालय धर्मशाला के कैबिनेट हॉल में आयोजित कार्यशाला में अधिकारियों से बोले एडीसी

# टीबी-एचआईवी पीड़ितों का बढ़ाएं मनोबल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



एड्स और टीबी के विरुद्ध चल रही लड़ाई को और अधिक कारगर बनाने के लिए बीमारी से जूझ रहे अथवा असुरक्षित लोगों में आत्मबल बढ़ाने का काम अधिकारियों को करना चाहिए। लघु सचिवालय धर्मशाला के कैबिनेट हॉल में बीडीओ, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जिला कार्यक्रम अधिकारी, सीडीपीओ और जिला व तहसील कल्याण अधिकारियों के लिए एचआईवी/एड्स रोकथाम, कलंक और भेदभाव, एचआईवी/एड्स (रोकथाम और नियंत्रण अधिनियम) 2017 और टीबी मुक्त भारत पर आयोजित कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार ने यह बात कही।

उन्होंने अधिकारियों को लोगों से अधिक से अधिक संपर्क करने और जुड़ने को कहा। एडीसी ने कहा कि अस्वस्थ होने पर जब हम डॉक्टर के पास जाते हैं तो अंदर से स्थिति कुछ भी हो पर यदि डॉक्टर एक बार कह दे चिंता का विषय नहीं है सब ठीक है, उसी समय हम स्वस्थ महसूस करने लगते हैं। उसी प्रकार एचआईवी/एड्स और टीबी के साथ जी रहे लोगों से बात कर उनका आत्मबल बढ़ाने की दिशा में सबको कार्य करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि बीमारी से जी रहे या असुरक्षित वर्ग से कोई भी व्यक्ति बिना किसी संकोच के अपनी समस्या को लेकर हमारे पर आ सके, हमें अपने कार्यालय में ऐसा वातावरण विकसित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसी बीमारी होने की स्थिति में लोगों का सही से मार्गदर्शन कर उन्हें उचित उपचार पद्धति की तरफ लाना भी हमारी जिम्मेदारी है। स्वास्थ्य विभाग धर्मशाला द्वारा अधिकारियों के लिए आयोजित जागरूकता कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश गुलेरी ने कार्यशाला में पहुंचे अतिथियों का स्वागत कर कार्यशाला के लक्ष्य के बारे विस्तार से बताया। उन्होंने कार्यशाला में पहुंचे अधिकारियों को एचआईवी, एड्स व टीबीमुक्त भारत अभियान में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

उन्होंने एचआईवी/एड्स एवं टीबीमुक्त अभियान को जनांदोलन बनाने के लिए सभी को खुली चर्चा बढ़ाने व सहयोग देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि टीबी मुक्त अभियान जनभागीदारी से ही सफल होगा, इसलिए सभी लोग इसमें अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित करें।

### आईसीटीसी केंद्रों में मुफ्त में होती है एचआईवी जांच

**डॉ. गुलेरी** ने बताया कि एचआईवी की जांच आईसीटीसी केंद्रों में मुफ्त की जाती है और जांच करवाने वाले व्यक्ति की रिपोर्ट और पहचान गोपनीय रखी जाती है। डॉ. गुलेरी ने सभी से एचआईवी एड्स पर लोगों को जागरूक करने व भ्रम भ्रांतियों को दूर करने, एचआईवी जांच के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने, एचआईवी के साथ जी रहे व्यक्तियों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने एवं एचआईवी/एड्स (प्रिवेंशन एवं कंट्रोल) एक्ट 2017 पर जागरूक के लिए सहयोग का अनुरोध किया। जिला स्वास्थ्य अधिकारी एवं क्षय रोग कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश सूद ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी मरीजों को निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत हजार रूपये प्रतिमाह दिया जाता है। डॉ सूद ने बताया कि जिले में निक्षय मित्रों के माध्यम से टीबी के साथ जी रहे व्यक्तियों को मानसिक संबल प्रदान कर उन्हें शीघ्र स्वास्थ्य लाभ देने किये प्रयास जारी हैं।

## प्राइवेट स्कूल संबद्धता नवीनीकरण के लिए 31 मार्च तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा कार्यालय की ओर से जिले के सभी निजी स्कूलों के प्रबंधक व विद्यालय मुखिया से शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए संबद्धता के नवीनीकरण व 2025-2030 सत्र के लिए मान्यता हेतु आनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा अजय सिंह ने बताया कि संबद्धता नवीनीकरण हेतु संबंधित विद्यालय को वेबसाइट पर लॉगइन करना होगा। उन्होंने बताया कि प्री प्राइमरी से पांचवीं तक कक्षा वाले विद्यालय संबंधित प्रारंभिक खंड शिक्षा अधिकारी को अपने आवेदन निर्धारित शुल्क के साथ ऑनलाइन प्रेषित करें। वहीं प्राइमरी से आठवीं व छठी से आठवीं तक की कक्षाओं वाले विद्यालय उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा कार्यालय को आवेदन निर्धारित शुल्क सहित ऑनलाइन प्रेषित करेंगे। उन्होंने बताया कि आवेदन करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 31 मार्च किया गया है। ऑनलाइन किए गए आवेदनों की जांच की जाएगी तथा त्रुटियां पाए जाने पर ऑनलाइन ही आवेदन वापिस विद्यालय को भेज दिए जाएंगे। सम्बन्धित पाठशालाओं को त्रुटियों के निवारण उपरान्त अपना आवेदन पुन: प्रेषित करना होगा। उन्होंने बताया कि सही आवेदनों को ऑनलाइन ही मान्यता पत्र व मान्यता नवीनीकरण पत्र जारी किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सत्र 2025-26 में केवल वही विद्यालय विद्यार्थियों को दाखिला दे पाएंगे जिनके पास विभाग द्वारा मान्यता संबंधी प्रमाण पत्र होंगे।

## कांग्रेस की सरकार से आमजन त्रस्त : प्रेमी

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** कांग्रेस सरकार के कुशासन के खिलाफ प्रदेश भाजपा द्वारा आगामी 27 मार्च को बड़े पैमाने पर विधानसभा घेराव की तैयारियों के मद्देनजर शुक्रवार को भाजपा मंडल लोअर बैजनाथ की बैठक मंडलाध्यक्ष सुरेंद्र राणा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें प्रभारी पूर्व संगठनात्मक जिला पालमपुर के अध्यक्ष हरिदत्त शर्मा बतौर मुख्यातिथि विशेष रूप से उपस्थित हुए। पूर्व विधायक मुल्खराज प्रेमी ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र की सरकार में प्रदेश की आम जन त्रस्त है। पूरे राज्य में विकास कार्य ठप पड़े हैं। युवा रोजगार का इंतजार करते करते रोजगार योग्य आयु को पार कर रहे हैं, लेकिन प्रदेश कांग्रेस सरकार चिरनिद्रा में है। इसी के मद्देनजर प्रदेश के मुख्यमंत्री को चिरनिद्रा से जगाने के लिए ाजपा कार्यकर्ता 27 मार्च को शिमला में विधानसभा का घेराव करेंगे।

## कबाड़ी के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

पंचायत कबाड़ी के लोगों ने एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत कबाड़ी के क्षेत्र में फोरलेन बन रही है। इसका निर्माण कार्य रिद्धि-सिद्धि कंपनी द्वारा किया जा रहा है। फोरलेन की जद में आए शमशानघाट, रेन शेल्टर को कंपनी बिना वैकल्पिक व्यवस्था के तोड़ने को कह रही है, जोकि नियोजित नहीं है। लोगों का कहना है कि उपरोक्त शमशानघाट मुआवजा राशि लगभग 6 लाख 5 हजार सरकार के पास जमा है, जबकि रिद्धि-सिद्धि कंस्ट्रक्शन कंपनी के कर्मचारियों द्वारा ग्राम पंचायत कबाड़ी के लोगों से कहा जा रहा है कि हम शीघ्र ही शमशानघाट, रेन शेल्टर को बिना व्यवस्था के तोड़ने जा रहे हैं, जोकि सही नहीं है। इसके साथ ही ग्राम पंचायत कबाड़ी में सिंचाई हेतु निर्मित थारू व नागिनी कूहल को भी रिद्धि-सिद्धि कंस्ट्रक्शन ने बिना विकल्प व्यवस्था के तोड़ दिया है, जिससे हजारों एकड़ कृषि योग्य भूमि पानी के अभाव में उजड़ने वाली है। क्षेत्र में आने-जाने वाले रास्ते फोरलेन निर्माण के चलते क्षति ग्रस्त हो गए हैं।

पंचायत ने एसडीएम से अनुरोध किया है कि प्रशासन तुरंत ग्राम पंचायत कबाड़ी के लोगों को आ रही मुश्किलों को दूर करवाए। वहीं, इस बाबत फोरलेन के प्रोजेक्ट मैनेजर विनोद कुमार ने कहा कि गांव वालों को कूहल की समस्या को दूर करने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करवाई जा रही है। इसके लिए पाइप के लिए ऑर्डर दिया जा चुका है। जैसे ही पाइप आ जाती है सिंचाई की समस्या दूर हो जाएगी। इसकी तरह श्मशानघाट और रास्तों का निर्माण करवाया जाएगा।

## प्रभुलीला में छिपे होते हैं आध्यात्मिक रहस्य

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के द्वारा नगरोटा बगवां के अक्षय मैरिज पैलेस में पांच दिवसीय श्रीराम कथामृत का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इसमें संस्थान के संस्थापक एवं संचालक आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी रुपेश्वरी भारती ने कथा में बाल लीला प्रसंग का वर्णन किया। साध्वी ने कहा कि प्रभु श्रीराम ने जन कल्याण के लिए त्रेता युग में अवतार लिया। प्रभु जब कोई कार्य करते हैं, तो वह लीला कहलाती है, जिसमें आध्यात्मिक रहस्य छिपे होते हैं। हमारी भारतीय संस्कृति का आधार भी अध्यात्म ही है। हमें गर्व होना चाहिए कि हम भारतीय संस्कृति के वंशज हैं, जिसने सदैव दम तोड़ती मानवता को नव चेतना से अनुप्राणित किया है। साध्वी ने बताया कि प्रभु श्रीराम प्रातः काल उठकर अपने माता- पिता और गुरुजनों के चरणों में प्रणाम किया करते थे। यह ही हमारी संस्कृति है।

## युवा महोत्सव में साई पॉलिटेक्निक कॉलेज बधानी थर्ड : एसके पुंज



**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज लुधियाना में युवा महोत्सव-2025 का आजोयन किया गया। इसमें पंजाब के अलग-2 कॉलेजों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में साई पॉलिटेक्निक कॉलेज बधानी (पठानकोट) के विद्यार्थी का लोक नृत्य, एकल नृत्य, भांगड़ा पंजाब में तीसरा नंबर आया।

इस खुशी के मौके पर ग्रुप के चेयरमैन एसके पुंज ने कहा कि युवा महोत्सव-2025 साई पॉलिटेक्निक कॉलेज के लिए बहुत खास दिन रहा। विद्यार्थियों ने लोक नृत्य, एकल नृत्य, भांगड़ा की जबरदस्त प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों को मैनेजमेंट के द्वारा सम्मानित किया गया।

बता दें कि भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार राज्य में जिला, संभाग एवं राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया जात है, जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। (अनंत ज्ञान)






# विदेशी सब्जियों की मांग से किसान होने लगे मालामाल

## ब्रोकली, ब्रेसल, सेलरी, लाल बंद गोभी, एस पेरागस तथा टमाटर चेरी की बढ़ने लगी मांग

विदेशी सब्जियां किसानों के लिए सोने की खान साबित होने लगी हैं। विदेशी सब्जियों की मांग बढ़ने से किसान इनकी खेती से मालामाल होने लगे हैं। प्रदेश के अन्य जिलों सहित कांगड़ा जिले में विदेशी फलों के साथ-साथ सब्जियों की खेती भी बड़े पैमाने पर होने लगी है। सब्जियों को उगाने के लिए कृषि विभाग समय-समय पर किसानों को प्रेरित भी करता रहा है। कृषि विशेषज्ञों के मुताबिक इन सब्जियों की पैदावार के लिए जिले की जलवायु अनुकूल है। इन सब्जियों की मांग होटलों और रेस्तरां में अधिक बनी रहती है। रेयर वेजिटेबल के नाम से विख्यात इन सब्जियों की प्रदेश से बाहर तथा भीतर तमाम पर्यटन स्थलों में अच्छी मांग है। विदेशी और देश के हाई क्लास टूरिस्ट ऐसी सब्जियों की ज्यादा मांग करते हैं। अधिकतर सितारा होटलों में ऐसी सब्जियों के लजीज व्यंजन परोसे जा रहे हैं। चोखी कमाई होने से किसानों का रुझान इन सब्जियों की खेती की ओर बढ़ने लगा है। ऐसे में जिला के किसान विदेशी सब्जियों का उत्पादन बड़े पैमाने पर कर रहे हैं। जिले की सैकड़ों बीघा भूमि पर किसान ब्रोकली, ब्रेसल, सेलरी, लाल बंद गोभी, एस पेरागस तथा टमाटर चेरी जैसे हाई वेल्यू क्रॉप्स कहलाई जाने वाली सब्जियां उगाकर अपनी आर्थिकी मजबूत कर रहे हैं। जिला के किसानों ने बताया कि वे कुछ वर्ष से विदेशी सब्जियों की खेती कर रहे हैं। उनका कहना है कि कमाई अधिक होने के साथ-साथ मेहनत भी कम लगती है। बड़े शहरों के पांच सितारा सितारा होटलों में इन सब्जियों की अधिक मांग रहती है।



### 5 जिलों में फसल विविधीकरण को मिल रहा बढ़ावा

कृषि विशेषज्ञ लव भूषण के अनुसार प्रदेश राज्य में पांच जिलों कांगड़ा, बिलासपुर, हमीरपुर, मंडी और ऊना में फसल विविधीकरण कों बढ़ावा दिया गया है। बुनियादी ढांचे जैसे सिंचाई सुविधाओं और खेत तक सड़कों के विकास के साथ साथ, सब्जी उत्पादन, खाद्यान उत्पादन व कटाई के बाद की तकनीक पर किसानों कों प्रशिक्षण के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। परियोजना स्थलों में से प्रत्येक में, फसल विविधीकरण के लिए आवश्यक विधियों, जैसे सब्जियों की खेती, अनाज की खेती और कटाई के बाद प्रौद्योगिकी जैसे विषयों पर किसानों को तकनीकी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रत्येक उप-परियोजना में सामूहिक गतिविधियों के लिए जैसे सब्जियों की खेती, उत्पादों का संग्रह और बिक्री और सिंचाई सुविधाओं के रखरखाव और संचालन पर प्रशिक्षण के लिए किसान समूह और स्वयं सहायता समूह का गठन किया है।

### 70,000 हेक्टेयर क्षेत्र में बेमौसमी सब्जियों की खेती करने का लक्ष्य

**इस** बार कृषि विभाग द्वारा प्रदेश में लगभग 70,000 हेक्टेयर क्षेत्र में बेमौसमी सब्जियों की खेती करने का लक्ष्य भी रखा है। पहाड़ी प्रदेश में सब्जियों की खेती किसानों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रही है। प्रदेश ने पिछले सल 65,000 हेक्टेयर क्षेत्र में कुल करीब 12.68 लाख टन सब्जियों का उत्पादन किया गया था। प्रदेश में बेमौसमी सब्जियों के कुल उत्पादन में मटर, टमाटर और बंदगोभी का 62 प्रतिशत योगदान है, जो करीब 8 लाख टन है। राज्य में प्रमुख रूप से कांगड़ा, शिमला, सोलन और मंडी में सब्जियों की खेती हो रही है। प्रदेश में कार्यशील जनसंख्या का लगभग 70 प्रतिशत भाग कृषि क्षेत्र में लगा हुआ है, लेकिन कृषि सकल राज्य घरेलू उत्पाद का केवल 18.8ः है। कम कृषि उत्पादकता का कारण है कि पहाड़ी राज्य होने के कारण राज्य की केवल 10 प्रतिशत भूमि ही कृषि के लिए उपलब्ध है। इस कारण 80 प्रतिशत से अधिक किसान छोटे और 2.0 हेक्टेयर से कम भूमि के मालिक हैं। साथ ही केवल 20 प्रतिशत कृषि योग्य भूमि के लिए सिंचाई सुविधा उपलब्ध है तथा शेष भूमि वर्षा पर आधारित खेती पर निर्भर है। इस प्रकार राज्य में अधिकतर किसान खाद्यान्नों की पारंपरिक खेती में लगे हैं तथा सब्जियों और फलों जैसी लाभदायक फसलों की और ध्यान देने में सक्षम नहीं है। ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि विकास को बढ़ावा देने और कृषि आय बढ़ाने के लिए मौजूदा कृषि योग्य क्षेत्र की उत्पादकता को बढ़ाना आवश्यक है जो कि आत्म-निर्वाह फसलों कों उगाने के बजाए पहाड़ी व ऊंचाई पर स्थित क्षेत्रों में नकदी फसलों जैसे सब्जियों के उत्पादन जैसे विविध कृषि उत्पादन के प्रयासों से संभव है। इस तरह की उपलब्धि के लिए सिंचाई सुविधाओं, खेतों तक सड़कों और अपर्याप्त विपणन सुविधाओं की कमी जैसी प्रमुख बाधाओं, पर काबू पाना बेहद जरूरी है।

प्रस्तुति : संजय अग्रवाल, धर्मशाला

# कॉमन कॉर्प व हंगेरियन कॉमन कॉर्प से मालामाल होंगे किसान

प्रदेश मत्स्य पालन विभाग इन दिनों मछलियों की विभिन्न प्रजातियों के स्पॉन तैयार करने में जुटा हुआ है। इसके तहत सिरमौर जिला मत्स्य विभाग द्वारा पहली बार बड़ी संख्या में मार्केट डिमांड के अनुसार हंगेरियन कॉमन कार्प और कॉमन कार्प के पालन के लिए 20 लाख स्पॉन पांवटा साहिब के बद्रीपुर स्थित फिश फॉर्म में तैयार कर रहा है। हंगेरियन कॉमन कार्प, कॉमन कार्प की एक नस्ल है, जिसे अमूर कॉमन कार्प भी कहा जाता है। यह नस्ल 2022 में सिरमौर में लाई गई थी। ये ब्रीड हंगरी देश की मानी जाती है। जबकि, कॉमन कार्प दुनिया में सबसे ज्यादा पाई जाने वाली मछली है, जिसे मीठे पानी की मछली भी कहा जाता है। इसके अलावा जिले में गोल्डन, रोहू, कतला के भी 3 लाख के करीब स्पॉन तैयार किए जा रहे हैं। हालांकि, जिला में ट्राउट मछली का भी उत्पादन किया जा रहा है, लेकिन इसका उत्पादन निजी क्षेत्रों में किया जा रहा है। जिला सिरमौर में नौहराधार और धा पहले यहां का किसान हंगेरियन कॉमन कॉर्प और कॉमन कॉर्प के लिए स्पॉन लेने के लिए नालागढ़ और पंजाब के होशियारपुर पहुंचते थे। अब इन मछली उत्पादकों को जिला सिरमौर के फिश फॉर्म से ही प्रचूर मात्रा में स्पॉन उपलब्ध होगा। विभाग की ओर से इन दिनों तैयार किए जा रहे स्पॉन की हर तरह से देखरेख की जा रही है। जिला सिरमौर में मौजूदा समय में 800 मछुआरे और 150 फिश फार्मर हैं। जिला में ट्राउट सहित अन्य प्रजातियों की मछलियों के कुल 93 यूनिट हैं। मला में बड़े स्तर पर इसकी पैदावार की जा रही है।



### मुख्यमंत्री कॉर्प मत्स्य पालन योजना में 80 फीसदी सब्सिडी का प्रावधान

हिमाचल प्रदेश में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना और मुख्यमंत्री कॉर्प मत्स्य पालन योजना लागू है। मुख्यमंत्री कॉर्प मत्स्य पालन योजना के तहत तालाब बनाने के लिए हर वर्ग के लिए 80 फीसदी सब्सिडी का प्रावधान रखा गया है, जबकि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत 40 फीसदी सामान्य श्रेणी और 60 फीसदी एससी, एसटी और महिला के लिए छूट का प्रावधान है। विभाग की ओर से जिला की ज्यादा से ज्यादा जल संपदा का दोहन हो पाए, इसको लेकर जागरुकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं। इसके तहत किसानों को मत्स्य पालन से संबंधित तमाम तरह की जानकारी और लाभों के बारे में अवगत कराया जा रहा है। बता दें कि जून-जुलाई में नदियों आदि स्थानों पर मछली के शिकार के लिए प्रतिबंध रहता है। इसकी बड़ी वजह इन दिनों मछलियां अंडे देती हैं। नदियों के लिए बड़े सस्ते रेट पर मछुआरों के लिए परमिट जारी किए जाते हैं। इसमें विभाग गरीब किसानों के लिए नदियों में मछलियों के शिकार के लिए परमिट जारी करता है।

### सिरमौर जिले में 150 फिश फार्मर

### 10-10 लाख स्पॉन किए जा रहे तैयार

**सहायक** निदेशक मत्स्य विभाग डॉ. सोमनाथ पटियाल ने बताया कि जिला सिरमौर के बद्रीपुर स्थित फिश फॉर्म में हंगेरियन कॉमन कॉर्प और कॉमन कॉर्प के 10-10 लाख स्पॉन तैयार किए जा रहे हैं। ये पहली बार है कि जिला में इतने बड़े स्तर पर ये कार्य हो रहा है।



प्रस्तुति : एसपी जैरथ, नाहन

# पीले पड़ रहे लहसुन के पौधों पर करें कीटनाशक का छिड़काव



**सिरमौर** के ट्रांसगिरी क्षेत्र के किसानों की आर्थिकी का आधार लहसुन को अज्ञात बीमारी लगने से इसके पौधे पीले पड़ रहे हैं। संक्रमण इतना आक्रामक है कि रातों-रात पौधे पीले पड़ रहे हैं। उपचार करने के बाद भी किसान इस बीमारी से पार नहीं पा रहे हैं। अगर ऐसी स्थिति बनी रही तो उन्हें लाखों रुपए की फसल बर्बाद हो जाएगी। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि उन्होंने इस साल लहसुन की खेती में भारी निवेश किया और 350 से 400 रुपए प्रति किलो के हिसाब से बीज खरीदे हैं। शुरुआत में तो फसल अच्छी बढ़ी, लेकिन पिछले एक से दो हफ्तों में पौधों पर एक रहस्यमयी बीमारी ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। किसान बताते हैं कि धीरे-धीरे पत्तियां पीली पड़ने लगती हैं, जो दो से तीन दिनों के भीतर पूरी तरह सूख जाती हैं। प्रभावित पौधों को खोदने पर उन्हें लहसुन के बल्ब मुरझाए और सड़ते हुए दिखाई देते हैं। चूंकि लहसुन ट्रांसगिरि की कृषि अर्थव्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण नकदी फसल है, इसलिए इस बीमारी का प्रकोप स्थानीय किसानों की आजीविका के लिए एक गंभीर खतरा बन गया है। वहीं, कृषि विभाग के अधिकारियों और कृषि विशेषज्ञ ने किसानों को कीटनाशक का छिड़काव करने की सलाह दी है।

### विभाग के बिक्री केंद्र से लें कीटनाशक

बीमारी की गंभीरता को समझते हुए सिरमौर के कृषि उपनिदेशक राजकुमार परमार ने किसानों को आश्वासन दिया है कि विभाग तत्काल कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने कहा कि आवश्यक कीटनाशक पहले ही विभाग के बिक्री केंद्र में भेज दिए गए हैं और कृषि विज्ञान केंद्र ( केवीके ) धौलाकुआं के वैज्ञानिकों की एक टीम जल्द ही रोग का निदान करने और प्रभावी उपाय सुझाने के लिए प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेगी। ऐस में अगले कुछ सप्ताह नुकसान की सीमा और रोग-नियंत्रण उपायों की सफलता को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण होंगे। फिलहाल, किसान अपनी फसलों को बचाने और वित्तीय आपदा से बचने के लिए समय पर समाधान की उम्मीद में विशेषज्ञ मार्गदर्शन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### लंबित बिलों का 25 मार्च से पहले करें भुगतान

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** विद्युत उपमंडल नगरोटा बगवां की सहायक अभियंता ने कहा कि विद्युत मंडल के जिन उपभोक्ताओं ने विद्युत बिल का भुगतान पिछले 1 महीने या इससे अधिक समय से नहीं किया है, वे सभी लंबित बिलों का भुगतान 25 मार्च से पहले कर दें। भविष्य में सभी उपभोक्ता हर महीने दिए गए बिल का भुगतान देय तिथि से पहले कर दें, अन्यथा विद्युत कनेक्शन बिना किसी आगामी सूचना के अस्थायी रूप से काट दिया जाएगा और अलग से नोटिस नहीं दिया जाएगा। घरेलू एवं व्यवसायिक उपभोक्ताओं से लगभग 46,29,263/ रुपए की बकाया धनराशि लेना बाकी है। उपभोक्ता अपने बिजली के बिल का भुगतान ऑनलाइन, गूगल पे, भीम एप या विद्युत विभाग की वेबसाइट पर जाकर या नगरोटा बगवां के कार्यालय के कैश काउंटर पर सुबह 10 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक कर सकते हैं।

### प्रतिनिधिमंडल ने सांसद को बताई समस्याएं



**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** राजधानी दिल्ली में हिमाचली समाज हित में कार्य कर रहीं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधिमंडल ने हिमाचल भवन में कांगड़ा-चंबा के भाजपा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज से मुलाकात की। इस अवसर पर प्रवासी सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने हिमाचली प्रवासियों दिल्ली में आ रही विभिन्न समस्याओं से अवगत करवाया। सांसद राजीव भारद्वाज ने उनकी समस्याओं को जल्द से जल्द हल करवाने का आश्वासन दिया है। पंजाब में चल रही खालिस्तानी गतिविधियों को लेकर भी चर्चा की गई। ताकि दोनों राज्यों हिमाचल व पंजाब के बीच शांति और सौहार्द बना रहे। इस अवसर पर अखिल भारतीय प्रवासी हिमाचल संयुक्त मोर्चा के चेयरमैन राजेश ठाकुर, ज्वालामुखी विकास सभा के महासचिव राकेश चंद, उपाध्यक्ष रमेश कौंडल, बेटा राम फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. राजेश ठाकुर, पालमपुर सुधार सभा के अध्यक्ष विजय डोगरा, हिमाचल कल्याण सभा के संस्कृत सचिव राजेंद्र ठाकुर, प्रेम चौहान, नादौन सामाजिक संस्था के अध्यक्ष सुरजीत बरनाला आदि मौजूद रहे।

### लक्ष्मी-नारायण मंदिर चनौर में भंडारा 29 को

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** लक्ष्मी-नारायण मंदिर चनौर में 29 मार्च दिन शनिवार को भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।जानकारी देते हुए रवि शर्मा ने बताया की गांव चलाली,सुकाहर, भड़ियाली, चनौर, गूहल आदि के गांववासियों द्वारा सार्वजनिक रूप से इस भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।इस भंडारे में सभी क्षेत्रवासी आमंत्रित है।उन्होंने बताया की 11 बजे हवन ,साढ़े 11 बजे झंडा रस्म के बाद 12 बजे भंडारे का आयोजन होगा।कहा की इसके लिए आने जाने की सुविधा के लिए फ्री बस सुविधा भी उपलब्ध होगी।बस साढ़े 10 बजे चलाली से अपने गंतव्य की तरफ चलेगी।बस सुविधा लेने के लिए सभी चलाली में 10 बजे तक पंहुच जाएं।

### रेलवे पुल से कूदकर युवक ने की खुदकुशी

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** कांगड़ा जिले के राजपुर में एक युवक की ओर से राजपुर के पास रेलवे पुल से कूदकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार राजपुर के पास युवक ने रेलवे पुल से छलांग लगा दी, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक युवक मारंडा का रहने वाला था। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और आगामी कार्रवाई शुरू की। पुलिस के अनुसार मृतक युवक की पहचान अभिषेक सूद (27) मारंडा गांव के रूप में हुई है।

### रिश्वत लेने का आरोपी पुलिस रिमांड पर भेजा

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** विकास खंड इंदौरा के अंतर्गत पंचायती राज विभाग के आरोपी प्रताप सिंह को राज्य सतर्कता विभाग द्वारा 6000 की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया था उसे आज उसे माननीय एडिशनल सेशन जज फास्ट ट्रैक कोर्ट धर्मशाला में पेश किया गया यहां उसे अदालत द्वारा 3 दिन के आगामी पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। इसकी पुष्टि करते हुए एसपी सतर्कता विभाग धर्मशाला के एसपी बलबीर सिंह ने बताया कि आज विजिलेंस टीम द्वारा गांव सीरत में पंचायत में जाकर उसके दस्तावेजों की जानकारी हासिल की गई है। ज्ञात रहे के विकास खंड इंदौरा के अंतर्गत पंचायती राज विभाग के प्रताप सिंह को राज्य सतर्कता विभाग द्वारा पंचायत सीरत में अपनी बहनों के आधार कार्ड में जन्मतिथि की त्रुटि ठीक करवाने के लिए जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता थी तबआरोपी द्वारा एवज में उसे 6000 पर रिश्वत के तौर पर मांग की थी जिसके चलते कल ए एसपी बद्री सिंह द्वारा मौके पर आकर उसे रंगे हाथों रिश्वत लेते हुए पिछले कल गिरफ्तार किया था।

### एआरओ ने कॉलेजों में दिए मोटिवेशनल लेक्चर

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** एआरओ पालमपुर ने चंबा के तीन कॉलेज गवर्नमेंट कॉलेज, तिस्सा, गवर्नमेंट कॉलेज, चौवारी अथवा आईटीआई कॉलेज, चंबा में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मोटिवेशनल लेक्चर आयोजित किया । इसमें एआरओ पालमपुर ने उम्मीदवार को मोटिवेशन वीडियो के माध्यम से प्रेरित किया साथ में एआरओ पालमपुर ने पंजीकरण के दौरान आने वाली दिक्कतों के बारे में बताया और उन दिक्कतों को दूर किया। इसके अलावा उन्होंने लड़कियों के लिए अफ़सर प्रवेश अथवा एवी डब्ल्यूएमपी के रूप पर विशेष जागरूकता फैलाई।

### युवा संसद में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश, धर्मशाला के धौलाधार परिसर एक में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम युवा संसद 2025 की दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रतियोगिता का दूसरे दिन 40 युवाओं ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव - विकसित भारत की ओर एक कदम' विषय पर अपने विचार साझा करते हुए एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर अपने बहुमूल्य सुझाव दिए।इस अवसर पर 150 से अधिक अन्य प्रतिभागी और विद्यार्थीगण उपस्थित रहे । इससे पूर्व प्रतियोगिता के प्रथम दिन गुरुवार, 20 मार्च को 35 प्रतिभागियों ने एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया था। इस प्रतियोगिता के प्रथम दिन गुरुवार ,20 मार्च को मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर सत प्रकाश बंसल जी, विशिष्ट अतिथि अधिष्ठाता अकादमिक, प्रोफेसर प्रदीप कुमार जी और विशेष अतिथि कुलसचिव,प्रोफेसर सुमन शर्मा जी उपस्थित थे। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में डॉ. ऋषि राम भाटिया जी, डॉ. हेतराम जी,श्री सुनील दत्त जी और सुश्री डिम्पल जी की महती भूमिका रही।

### राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल साइट का किया दौरा

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** फ्रेंच डेवलपमेंट एजेंसी (एएफडी) की विशेषज्ञ टीम ने आज पालमपुर में प्रस्तावित राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) साइट का दौरा किया। इस दौरे में एसडीआरएफ के एसपी अर्जित सैन, आईएएस नेत्रा मेती, डीएसपी सुनील राणा, और डीडीएमए कांगड़ा से कुलदीप सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। राजस्व विभाग, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, और एचपीपीडब्ल्यूडी के अधिकारी भी मौजूद थे। इसके बाद, एएफडी टीम ने धर्मशाला में एसडीआरएफ बटालियन साकोह का दौरा किया।

### महिला कर्मचारियों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जोनल अस्पताल धर्मशाला में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें महिला कर्मचारियों के समर्पण और कड़ी मेहनत को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एसएसपी शालिनी अग्रिहोत्री ने मुख्यातिथि, मेयर नगर निगम धर्मशाला नीनू शर्मा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि सीनियर मेडिकल सुपरीटेंडेंट डा. अनुराधा शर्मा और एसएमओ सुनील भटट मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शालिनी अग्निहोत्री (पुलिस अधीक्षक), विशिष्ट अतिथि नीलू शर्मा (मेयर), मुख्य अतिथि डॉ. अनुराधा शर्मा (सीनियर मेडिकल सुपरिंटेंडेंट) तथा अतिथि सम्माननीय डॉ. सुनील भट्ट (एसएमओ) ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।

### कुलपति को संगठन का कैलेंडर किया भेंट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ से संबद्ध हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय शैक्षिक संघ के पदाधिकारियों ने आज विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सत्य प्रकाश बंसल को महासंघ का नई वर्ष का कैलेंडर भेंट किया, जिसकी थीम 'सत्य सनातन, शाश्वत भारत। मृंमय भारत, चिन्मय भारत' है। इसके साथ ही महासंघ का साहित्य भी भेंट किया।

# मिलावटी दूध सेहत के लिए बड़ा खतरा : प्रो. नवीन

## कृषि विवि के कुलपति ने पालमपुर में कच्चे दूध में मिलावट की जांच सुविधा का किया उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



जन स्वास्थ्य और सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के कुलपति प्रो. नवीन कुमार ने आज राज्यभर के उपभोक्ताओं की सेवा के लिए अत्याधुनिक दूध में मिलावट की जांच सुविधा समर्पित की। इस पहल का उद्देश्य दूध में मिलावट की बढ़ती चिंता से निपटना है, जो न केवल दूध के पोषण मूल्य को कम करती है, बल्कि गंभीर स्वास्थ्य जोखिम भी पैदा करती है, खासकर बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले व्यक्तियों जैसे कमजोर समूहों के लिए।

प्रो. कुमार ने इस महत्वपूर्ण मुद्दे को संबोधित करने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, 'मिलावटी दूध एक गंभीर स्वास्थ्य खतरा है और यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम जनता को विश्वसनीय परीक्षण तक पहुंच प्रदान करें जो उनके भोजन की सुरक्षा सुनिश्चित करता है।' कृषि विश्वविद्यालय के पशुधन उत्पाद प्रौद्योगिकी विभाग में स्थित नई सुविधा से आम जनता को कच्चे दूध के नमूनों में सामान्य संरचना और संभावित मिलावट दोनों की जांच मामूली कीमत पर करने की सुविधा मिलेगी।

पशुधन उत्पाद प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख डॉ. आरके असरानी ने बताया कि नई प्रणाली पारंपरिक प्रयोगशाला विधियों की तुलना में एक बहुत बड़ा सुधार है। पुराने परीक्षण तरीकों के विपरीत जो समय लेने वाले और महंगे थे। यह प्रणाली अब मिनटों में परिणाम उत्पन्न कर सकती है। यह न केवल दूध की प्राकृतिक संरचना के बारे में जानकारी प्रदान करता है, बल्कि यह 25 से अधिक आम दूध मिलावटों का भी पता लगा सकता है। यह सुविधा दूध में मिलावट से निपटने और उपभोक्ताओं को सुरक्षित और पौष्टिक दूध उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है। अपनी उन्नत तकनीक और किफायती परीक्षण के साथ यह क्षेत्र में सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा की दिशा में एक बड़ा कदम है।

### दूध में मिलाए जा रहे यूरिया और डिटर्जेंट

**पशु** चिकित्सा और पशु विज्ञान महाविद्यालय के डीन डॉ. अशोक कुमार पांडा ने भी दूध में मिलावट को लेकर बढ़ती चिंता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, 'दूध में मिलावट न केवल एक बढ़ती हुई समस्या है, बल्कि एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट है। दूध की आपूर्ति में पानी, यूरिया, फॉर्मेलिन, हाइड्रोजन पेरोक्साइड, डिटर्जेंट, स्टार्च और वनस्पति तेल जैसे विभिन्न हानिकारक संदूषक पाए गए हैं, जिससे स्वास्थ्य संबंधी खतरनाक जोखिम पैदा हो रहे हैं।' यह सुविधा त्वरित और सटीक परीक्षण करने के लिए अल्ट्रासाउंड और फूरियर ट्रांसफॉर्म इंफ्रारेड स्पेक्ट्रोस्कोपी जैसी उन्नत तकनीकों का उपयोग करती है।

### खाद्य पदार्थ बेचने के लिए बनाने होंगे लाइसेंस

**अनंत ज्ञान, गरली।** ग्राम पंचायत गरली में शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से खाद्य पदार्थ बेचने वाले हर दुकानदारों को लाइसेंस व पंजीकरण करवाने बारे एक जागरूकता शिविर लगाया गया। पंचायत प्रधान शशिलता की अध्यक्षता में आयोजित हुए इस कार्यक्रम मे जिला खाद्य सुरक्षा सहायक युक्त डाकटर अभिषेक ठाकुर व डॉक्टर सबिता आदि टीम ने शिरकत की। इस दौरान ग्राम पंचायत गरली के समस्त खाद्य व्यापारी व दुकानदार मौजूद रहे। इस मौके पर खाद्य सुरक्षा टीम ने सभी दुकानदारों को व्यापार संबंधी होने वाले पंजीकरण और लाइसेंस बनाने के लिए जागरूक किया तो बही उपरोक्त तमाम दुकानदारों न केवल लाइसेंस व पंजीकरण करवाना होगा, बल्कि स्थानिय पंचायत प्रधान से भी इस कार्य के लिए हर दुकानदार को एनओसी लेना भी जरूरी है। कैंप को सफल बनाने के लिए ग्राम पंचायत गरली के उपप्रधान सुशांत मोदगिल और विवेक शर्मा ने पूरा सहयोग किया।

## सरकार ने बजट में हर वर्ग का रखा ख्याल : त्रिलोक सूर्यवंशी

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

हिमाचल प्रदेश किसान कांग्रेस के राज्य मीडिया प्रभारी एवं पूर्व उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, जिला कांगड़ा त्रिलोक सूर्यवंशी ने कहा कि प्रदेश के दीर्घकालीन सोच रखने वाले मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा प्रस्तुत वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट से प्रदेश का सर्वांगीण विकास होगा। त्रिलोक सूर्यवंशी ने कहा कि इस बजट में सभी बर्गों किसानों, बागवानों ,पशुपालकों, कर्मचारियों उद्यमियों, मजदूरों, बेसहाय व बेसहारों, निर्धनों तथा बेरोजगारों के हितों का ध्यान रखा गया है। त्रिलोक सूर्यवंशी ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मौजूदा बजट में गाय और भैंस के दूध में न्यूनतम समर्थन मूल्य में 6-6 रुपए बढ़ोतरी करके पशुपालकों को तोहफा दिया है। अब सरकार पशुपालकों से गाय के दूध को 51 रुपए तथा भैंस के दूध को 61 रुपए में खरीदेगी। इसके अतिरिक्त किसानों के लिए प्राकृतिक मक्की का न्यूनतम समर्थन मूल्य 30 रुपये से बढ़ाकर 40 रुपये और प्राकृतिक गेहूं न्यूनतम समर्थन मूल्य 40 रुपये से 60 रुपये किया।

इसके आतिरिक्त कच्ची हल्दी का न्यूनतम समर्थन मूल्य 90 रुपये प्रति किलोग्राम किया गया। 20 हजार मछुआरों को बजट में बड़ी राहत दी गई है। अब इनसे 15 प्रतिशत की जगह 7 प्रतिशत रायलटी ली जाएगी। महिला मंडलों, युवक मंडलों को बजट में पौधारोपण के लिए सालाना 2.40 लाख रुपए देने का प्रावधान किया गया है। इससे न केवल महिला व युवाओं को प्रोत्साहन मिलेगा बल्कि प्रदेश के विकास में भी इनका सहयोग मिलेगा।

## नशे की हर डोज इंसान को ले जा रही मौत की ओर : ललिता

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** डोला खरियाना पंचायत व पुलिस चौकी लगडू के कर्मचारियों द्वारा संयुक्त तत्वावधान में जनता व दुकानदारों की उपस्थित में नशे के खिलाफ जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंचायत प्रधान ललिता चौहान ने कहा कि नशे (चिट्टे) की हर डोज, इंसान को मौत के करीब ले जाती है। नशेड़ी व्यक्ति का गली मोहल्ले में उपहास उड़ाया जाता है । उन्होंने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि आज नशे (चिट्टे) का इतना प्रसार हो चुका है कि जहां इंटरनेट नहीं पंहुच पा रहा है वहां चिट्टा पंहुच रहा ह। उपप्रधान नसीब सिंह राणा ने तमाम अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों पर स्कूल में कड़ी नजर रखें कि कहीं उनका बच्चा चिट्टे आदि का नशा तो नहीं कर रहा है। अभिभावक अपने बच्चों के बारे में समय समय पर स्कूल प्रशासन से जानकारी लेते रहें । इस अवसर पर दुकानदारों, उपस्थित जनता व समस्त पंचायत प्रतिनिधियों ने शपथ ली कि वे सब मिलकर नशे के खिलाफ पुलिस प्रशासन का सहयोग करेंगे। इस मौके पर स्थानीय दुकानदारों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि वे अपनी दुकानें सुबह 7 खोलेंगे और शाम को 8 बंद कर देंगे। ललिता चौहान ने कहा कि नशेड़ियों को सबक सिखाने के लिए पंचायती स्तर पर महिलाओं की टीम गठित की जाएगी।

## निर्माणाधीन चक्की पुल और नूरपुर रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, जसूर**



पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेल सफर के हिमाचली लोगों की मनपसंद सवारी छुक-छुक चलने वाली हैरिटेज यात्री गाड़ी के पठानकोट से शीघ्र चलने की उम्मीद लोगों लगा लेनी चाहिए, क्योंकि भारी बाड़ कारण क्षतिग्रस्त चक्की पुल का व नूरपुर रोड रेलवे स्टेशन का रेलवे जम्मू डिवीजन के डीआरएम विवेक कुमार ने गुरुवार देर शाम निरीक्षण किया। गौरतलब है कि चक्की पुल टूटने के बाद गाड़ियों का आवागमन नूरपुर रोड से हो रहा है इस लिए उन्होंने नूरपुर रोड का दौरा किया और स्टेशन मास्टर से पूरी जानकारी हासिल की, और जो कमियां हैं उन्हें शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया।

विवेक कुमार ने कहा कि पठानकोट से रेल लाइन बंद है। उसको शुरू करवाने के लिए क्या-क्या चीजें जरूरी हैं, इस बारे देखा जा रहा है। साथ ही पुल का भी निरीक्षण किया ओर जाना कि पुल का काम कितना हो चुका है व पुल के बाकी बचे कार्य को शीघ्र अतिशीघ्र पूरा करने के निर्देश किये तांकि पुल को जल्द से जल्द चालू करवाने की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि पुल अप्रैल में तो नहीं चालू हो पाएगा, थोड़ा सा आगे जाएगा। उन्होंने कहा कि फिलहाल जसूर से जोगिंदर नगर तक दो ही ट्रेन चलेंगीं,पर हमारी कोशिश है कि जल्द से जल्द पुल चालू हो। पठानकोट-जोगिंद्रनगर ट्रैक को ब्रॉडगेज करने की अफवाहों को लेकर विवेक कुमार कहा कि सरकार व रेलवे उच्च अधिकारी स्तर पर इसको लेकर शायद कोई विचार किया जा रहा होगा, परंतु हमारे पास अभी इसको लेकर कोई जानकारी अभी तक नहीं है।

# बरोट खास पंचायत की प्रधान को पद से हटाया

## उपायुक्त ने जारी किए आदेश, कुछ माह पूर्व पद से किया गया था निलंबित

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

जिला कांगडा के ब्लॉक फतेहपुर की ग्रान पंचायत बरोट खास की प्रधान को पद से हटा दिया गया है। उपायुक्त कांगडा ने यह आदेश जारी किए है। उपायुक्त द्धारा जारी पत्र के अनुसार प्रधान ग्राम पंचायत बरोट खास के विरुद्ध शिकायत पत्रों की जांच खंड विकास अधिकारी, विकास खंड फतेहपुर के कार्यालय द्वारा गठित जांच कमेटी द्वारा करवाई गई, जिनकी विस्तृत जांच रिपोर्ट उनके कार्यालय पत्र सं डीबीएफ (इन्कवारी) 2024/- 2520, दिंनाक 20.06.2024 के माध्यम से जिला पंचायत अधिकारी को प्रेषित की गई, जिसके अंतर्गत नीलम कुमारी प्रधान ग्राम पंचायत बरोट खास को 16. 08.2024 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। नीलम कुमारी के प्रधान पद पर रहते हुए उनके द्वारा साक्ष्यों एवं जांच को प्रभावित करने की आशंका के दृष्टिगत जिला पंचायत अधिकारी ने 10. 09.2024 को उन्हें ग्राम पंचायत के प्रधान पद से निलंबित किया था। मामले में जांच अधिकारी तथा अधीक्षक, कार्यालय खंड विकास अधिकारी, विकास खंड फतेहपुर को रिकॉर्ड प्रस्तुतकर्ता अधिकारी नियुक्त किया गया, जिसकी अनुपालना में उपमंडलाधिकारी फतेहपुर द्वारा नियमित जांच रिपोर्ट की गई थी। प्रधान को आरोपों में अपना पक्ष रखने का अवसर प्रदान करते हुए कार्यालय से कारण बताओ नोटिस 10.02.2025 जारी किया गया, जिसका उत्तर खंड विकास अधिकारी, विकास खंड फतेहपुर ने 03.03.2025 के माध्यम से जिला पंचायत अधिकारी कार्यालय में 05.03.2025 को प्राप्त हुआ। इसकी समीक्षा करने पर कारण बताओ नोटिस का उत्तर तथ्यों के विपरित पाया गया। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 146 (ख) के अंतर्गत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीलम कुमारी, प्रधान ग्राम पंचायत बरोट खास, विकास खंड फतेहपुर, जिला कांगड़ा को प्रधान के पद से हटाने के आदेश जारी किए हैं।

### प्रधान पर ये थे आरोप

**पंचायत** प्रधान पर सीमेंट मैटिरियल के दुरुपयोग, मस्ट्रोल पर जाली हाजरियों का सत्यापन करना, उपप्रधान की अध्यक्षता में हुई बैठक की कार्यवाही को रद्द करने व अन्य अनिमयताओं के आरोप लगे थे। विभाग द्वारा पंचायत प्रधान को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। वहीं पंचायत प्रधान द्वारा आरोपों के संतोषजनक जवाब न मिल पाने के कारण व प्रधान पद की शक्तियों के दुरुपयोग करने को लेकर बीडीओ ऑफिस फतेहपुर की तरफ से जांच करने उपरांत जिला पंचायत अधिकारी श्रवण कुमार द्वारा अपने पद की शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त प्रधान को निलंबित किया गया था। उनके निलंबन दौरान प्रधान की शक्तियां उपप्रधान को सौंपी थीं।

## ज्वालाजी में भिखारियों की फौज कर रही श्रद्धालुओं का स्वागत

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

धार्मिक नगरी ज्वालाजी में प्रवासी भिखारी बच्चों व महिलाओं के झुंड गाड़ियों से उतरते ही श्रद्धालुओं का स्वागत कर रहे हैं, लेकिन ज्वालामुखी प्रशासन इस बात से बेखबर है। गौरतलब है कि श्रद्धालु जब तक इन प्रवासी भिखारी महिलाओं, बच्चों को भीख नहीं दे देते हैं, तब तक यह भिखारी उनका पीछा नहीं छोड़ते हैं।

भीख मांगने की खींचातानी में यहां तक कि कई बार श्रद्धालुओं के कपड़े भी फट जाते हैं। यह भिखारी मंदिर से लेकर बस स्टैंड तथा कार पार्किंग तक श्रद्धालुओं का पीछा करते हैं, जिसके चलते श्रद्धालु स्वयं को लज्जित महसूस करते हैं। स्थानीय दुकानदार मनोहर लाल सूर्यवंशी , अमन हैपी , विक्रम शर्मा, विजय चौधरी आदि का कहना है कि ज्वालामुखी बस स्टैंड से लेकर मंदिर मार्ग यहां तक कि मंदिर परिसर के अंदर भी इन प्रवासी भिखारी महिला, बच्चों का बहुत बड़ा गिरोह भीख मांगने में सक्रिय है । इन प्रवासी भिखारियों की वजह से हिमाचल के भोलेभाले मेहनती लोग भी बदनाम हो रहे हैं। वहीं, ज्वालामुखी मंदिर अधिकारी मनोहर लाल शर्मा का कहना है कि इन प्रवासी भिखारियों को ज्वालामुखी से बाहर खदड़ने में स्थानीय प्रशासन तथा स्थानीय लोगों का सहयोग लिया जाएगा, ताकि इन प्रवासी भिखारियों की वजह से धार्मिक नगरी ज्वालामुखी की देश विदेशों में छवि खराब न हो।

## एनआरआई महिला से दुष्कर्म का आरोपी न्यायिक हिरासत में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

एनआरआई महिला से दुष्कर्म के आरोपी तिब्बती संस्थान संचालक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। महिला द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों के चलते आरोपी को गिरफ्तार किया गया था, जिसे शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एक एनआरआई महिला द्वारा आरोपी शिक्षक के खिलाफ महिला थाना धर्मशाला में शिकायत की गई थी। पुलिस को दी जानकारी के अनुसार पीड़ित महिला ने बताया कि हिलिंग प्रोसेस के तहत एक गुरु ने टीचिंग के दौरान महिला का शारीरिक शोषण किया गया था। जिसके आधार पर दोनों पक्षों से पूछताछ के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए महिला थाना धर्मशाला में मामला दर्ज कर आरोपी तिब्बती संस्थान संचालक शिक्षक को गिरफ्तार किया गया था। एएसपी कांगड़ा हितेष लखनपाल ने पुष्टि करते हुए बताया कि तिब्बती संस्थान संचालक शिक्षक को शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## डॉ. ऋषिराम भाटिया की पुस्तक का विमोचन

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने डॉ. ऋषिराम भाटिया सेवानिवृत प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय शिव नगर की काव्य आलोचना की पुस्तक 'छायावादोत्तर मिथकाधारित हिंदी प्रबंध काव्यों में युद्ध की समस्या' का विमोचन किया। प्रो. बंसल ने कहा कि यह पुस्तक प्रथम और द्वितीय विश्वयुद्ध की विभीषिका के साए में लिखे गए प्रबंध काव्यों में युद्ध की समस्या को उजागर करती है।

## प्रवासी ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**अनंत ज्ञान, ठाकुरद्वारा।** ठाकुरद्वारा में बीती रात एक प्रवासी मजदूर द्वारा फंदा लगाकर मौत को गले लगा लिया। मृतक की पहचान संजय मांझी (30) पुत्र जोगिंदर मांझी निवासी गांव व डाकघर गुसाईपुर टगराहा तहसील गुड़गांवा जिला मुज्जफरपुर बिहार के रूप में हुई है। जानकारी देते हुए चैकी प्रभारी ठाकुरद्वारा चमन सिंह ने बताया कि शुक्रवार सुबह ग्राम पंचायत ठाकुरद्वारा के प्रधान द्वारा उन्हें इस मामले की सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे और ठाकुरद्वारा गांव में खेतों में बनाए गए एक पोल्ट्री फार्म के पीछे एक लीची के पेड़ के साथ शव को लटका पाया गया। घटना स्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए और उसके साथ रहते साथियों के बयान कलमबंद किए।

## केंद्रीय संस्कृत विवि में 24 से होगा एनएसएस का आवासीय शिविर

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली के तत्वाधान में परागपुर के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में आगामी सोमवार से सात दिवसीय आवासीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। सीएसयू के एनएसएस इकाई द्वारा लगाए जाने वाले इस शिविर को लेकर शुक्रवार को परिसर के संगोष्ठी कक्ष में समिति की विशेष बैठक आयोजित की गई। जिसमें इस शिवर को लेकर अहम निर्णय लिए गए। परिसर की एनएसएस यूनिट के कार्यक्रम अधिकारी अमित वालिया वने बताया कि इस शिविर के दौरान राष्ट्रीय स्वयं सेवियों को स्वयं काम करने और अपने आस पास की सफाई व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने हेतु टिप्स दिए जाएंगे।

**प्रशिक्षण** — कृषि विवि में वैज्ञानिकों और किसान मास्टर प्रशिक्षकों के प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

# पर्यावरण संरक्षण के लिए प्राकृतिक खेती पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में भारत सरकार के कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा वित्त पोषित प्राकृतिक कृषि मिशन के तहत चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व अनुसंधान निदेशक प्रो. एसपी शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में किया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान (मैनेज), हैदराबाद के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य कृषि विज्ञान केंद्रों और कृषि विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिकों को प्राकृतिक कृषि प्रथाओं के बारे में शिक्षित करना है। उद्घाटन भाषण के दौरान, प्रो. एसपी शर्मा ने मिट्टी की सेहत, कृषि उत्पादकता और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्राकृतिक खेती के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती अपनाने से किसानों की आय में वृद्धि हो सकती है, क्योंकि इससे उत्पादन लागत कम होती है। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि प्राकृतिक किसानों और उनके समूहों को जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलनी चाहिए, ताकि ग्राहकों को किसानों तक सीधे पहुंचने में आसानी हो।

उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रभावों के मूल्यांकन पर जोर दिया, क्योंकि इस तरह के राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों के आयोजन में महत्वपूर्ण संसाधनों का निवेश किया जाता है। उन्होंने कहा कि किसानों को एकीकृत पोषण प्रबंधन, जैविक खेती और प्राकृतिक खेती जैसी विभिन्न कृषि प्रणालियों की जानकारी दी जानी चाहिए, ताकि भारत की 145 करोड़ जनसंख्या के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इसके साथ ही, उन्होंने फसलों में कीट एवं रोग-निरोधी उपायों के प्रारंभिक महत्व को भी उजागर करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत जैविक कृषि एवं प्राकृतिक खेती विभाग, चैधरी सरवन कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर को प्राकृतिक खेती केंद्र के रूप में चिन्हित किए जाने की सराहना की।

इस कार्यक्रम में डॉ. मंदार एच. गीते, विशेषज्ञ, प्राकृतिक खेती, जलवायु परिवर्तन और अनुकूलन केंद्र, राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान, राजेंद्र नगर, हैदराबाद, तेलंगाना विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

उन्होंने राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला, जिसे भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा शुरू किया गया है। उन्होंने केवीके वैज्ञानिकों को प्राकृतिक खेती के स्तंभों को मजबूत करने के लिए उपयोगी सुझाव दिए। साथ ही, उन्होंने अच्छे भोजन, अच्छे स्वास्थ्य और स्वस्थ भूमि के लिए प्राकृतिक खेती के मुख्य सिद्धांतों की जानकारी दी।

उन्होंने राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन में मैनेज की भूमिका को भी स्पष्ट किया। डॉ. जनार्दन सिंह, प्रशिक्षण कार्यक्रम निदेशक और प्राकृतिक खेती केंद्र के नोडल अधिकारी, ने स्वागत भाषण दिया और कार्यक्रम के उद्देश्यों को रेखांकित किया। उन्होंने खाद्य, पोषण और आर्थिक सुरक्षा के संदर्भ में प्राकृतिक खेती के महत्व पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. रमेश्वर कुमार, डॉ. गोपाल कतना और डॉ. राकेश चैहान भी उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### लिल्हकोठी महाविद्यालय में करवाई वार्षिक एथलेटिक मीट



**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय महाविद्यालय लिल्हकोठी में छठी वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुई, जिसमें प्रो. अनित मुख्यातिथि और जितेंद्र वशिष्ठ विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में 100, 200, 400 और 800 मीटर दौड़, जैवलिन थ्रो, ऊंची कूद, लंबी कूद जैसी विभिन्न स्पर्धाएं आयोजित की गईं। लड़कियों में संजना (द्वितीय वर्ष) और लड़कों में अक्षय (तृतीय वर्ष) ने शानदार प्रदर्शन कर बेस्ट एथलीट का खिताब अपने नाम किया। मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी प्रतिभागियों को बधाई दी।

### शक्ति चौहान ने नया गीत 'नोकरी परदेस' किया लॉन्च



**अनंत ज्ञान, चंबा।** लोकप्रिय गायक शक्ति चौहान ने आज अपने घर पर भावनात्मक गीत 'नोकरी परदेस' लॉन्च किया, जिसे उन्होंने खुद लिखा और गाया है। यह गीत उन लोगों को समर्पित है जो अपना घर-परिवार छोड़कर परदेस में नौकरी करने जाते हैं। इस मौके पर उमेश ठाकुर जी, निशांत चोना जी, रमेश जी, दीपक जी और राहुल जी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। इस गीत में संगीत अजय विमल ने दिया है, जबकि अरुषि शारधन प्रमुख कलाकार के रूप में नजर आएंगी। इसके अलावा, रमेश राणा की बांसुरी ने गीत को और भी सुरम्य बना दिया है। लॉन्च इवेंट बेहद भावनात्मक और यादगार रहा, जहां सभी ने इस गीत की सराहना की।

### स्कूटी-स्कॉर्पियो की टक्कर में एक की मौत

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर पंडोह के नजदीक नौ मील में एक स्कूटी और स्कॉर्पियो की भिड़ंत हो गई। इसमें स्कूटी चालक बुरी तरह से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज नेरचौक चौक पहुंचाया गया। जहां उपचार के दौरान देर रात को उसने दम तोड़ दिया। मृतक पीरा राम 44 वर्ष दुर्घटनास्थल के साथ ही महरन गांव का निवासी था। जो मिस्त्री का काम करने के बाद रात 9 बजे अपने घर आ रहा था। घर पहुंचने से पहले ही यह हादसा हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने शुक्रवार पीरा राम का अंतिम संस्कार कर दिया। तहसीलदार सदर मंडी ने पीड़ित परिवार को जिला प्रशासन की ओर से फौरी राहत के रूप में 25 हजार की सहायता उपलब्ध करवाई। मृतक पीरा राम एक निर्धन परिवार का मुखिया था। उसके 5 बेटियों के बाद एक बेटा हुआ है। अब इनके परिवार का पालन-पोषण इनकी पत्नी के लिए बड़ी चुनौती होगा। पुलिस चौकी पंडोह के प्रभारी अनिल कटोच ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि हमने मामला दर्ज कर लिया है तथा स्कार्पियो गाड़ी को कब्जे में ले लिया है, जांच जारी है।

### एसपीयू मंडी की अकादमिक परिषद की बैठक आयोजित

**अनंत ज्ञान, मंडी।** एसपीयू मंडी की तीसरी अकादमिक परिषद की बैठक शुक्रवार को एसपीयू मंडी के कुलपति प्रो. ललित कुमार अवस्थी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। अगली कक्षा में पदोन्नति के लिए उत्तीर्ण मानदंडों के संबंध में छात्र संगठनों से प्राप्त विभिन्न अभ्यावेदनों के आलोक में, इस मामले पर गहन चर्चा और समीक्षा करने के लिए अकादमिक परिषद की बैठक बुलाई गई थी। सभी पहलुओं पर सावधानीपूर्वक विचार करने और संबद्ध कॉलेजों के प्रिंसिपलों से प्राप्त आंकड़ों के बाद, अकादमिक परिषद ने छात्र को अगली कक्षा में पदोन्नत करने के पदोन्नति मानदंडों के संबंध में अपने पिछले निर्णय का पालन करने का निर्णय लिया है, जिसके परिणामस्वरूप कॉलेजों से ड्रॉपआउट मामलों में कमी आई है और छात्र का वर्ष भी बर्बाद नहीं हुआ है। यह देखा गया कि इस स्तर पर पदोन्नति मानदंडों में ढील देना जब अंतिम परीक्षाएं अप्रैल के पहले सप्ताह से शुरू हो रही हैं और उन छात्रों को अगली कक्षा में पदोन्नत करना, जिन्होंने अब अपनी दिसंबर 2024 की पूरक परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है और तीन या तीन से कम बार फिर से उपस्थित हुए हैं, महत्वपूर्ण चिंताओं को जन्म देगा, विशेष रूप से उपस्थिति और व्यावहारिक सत्रों के संबंध में। अधिकांश छात्रों ने न तो आवश्यक संख्या में कक्षाओं में भाग लिया होगा और न ही व्यावहारिक में भाग लिया होगा, जो उनके शैक्षणिक सीखने के आवश्यक घटक हैं। यह सुनिश्चित करना कि छात्र आवश्यक शैक्षणिक आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, उनके भविष्य की व्यावसायिक क्षमता और विकास के लिए महत्वपूर्ण है।

### शहर के रास्तों से हटाए अतिक्रमणकारी



**अनंत ज्ञान, मंडी।** नगर आयुक्त कार्यालय में शहर के रास्तों में तहबाजारियों की रोज-रोज आ रही अवरोध की शिकायतों को लेकर शुक्रवार को नगर निगम मंडी की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार नगर निगम की टीम ने गश्त के दौरान चौहाटा से लेकर पड्डल तक सभी रास्तों से अतिक्रमणकारी हटाए और चेतावनी दी अगर दोबारा रास्तों को बाधित किया, तो कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## उपनिदेशक डॉ. मुंशी ने किया पशु चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण

# गैरहाजिर कर्मचारियों पर जताई नाराजगी, दी कार्रवाई की चेतावनी

**आरके सहगल, चंबा**

पशु पालन विभाग के उप निदेशक डॉ. मुंशी कपूर ने हिमगिरि, सलूनी और कोटी स्थित पशु चिकित्सा संस्थानों का औचक निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

**कहा- लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी**



निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभागीय योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पशु गणना का कार्य 25 मार्च तक हर हाल में पूरा किया जाए।

निरीक्षण के दौरान कुछ संस्थानों में अधिकारियों और कर्मचारियों की अनुपस्थिति पर डॉ. कपूर ने गहरी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने स्पष्ट किया कि अनुपस्थित कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।(अनंत ज्ञान)

### नवनिर्मित गोसदन का किया निरीक्षण

**निरीक्षण** के दौरान डॉ. कपूर ने स्थानीय पशुपालकों से भी मुलाकात की और उन्हें पशु पालन से जुड़ी सरकारी योजनाओं और उनके लाभों की जानकारी दी। उन्होंने पशुपालकों को बेहतर देखभाल और वैज्ञानिक तरीकों को अपनाने के लिए मार्गदर्शन दिया। इसके साथ ही, उन्होंने नव निर्मित गोसदन मंजीर का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने गोसदन की व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

### योजनाओं का हर पशुपालक को मिले लाभ

**डॉ.** मुंशी कपूर ने स्पष्ट किया कि पशु चिकित्सा संस्थानों में अनुशासन और सेवाओं की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय योजनाओं को हर पशुपालक तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी से कार्य करें। उनका यह औचक निरीक्षण विभाग में सुधार और पारदर्शिता लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। अब देखना होगा कि लापरवाह कर्मचारियों पर विभागीय कार्रवाई कब तक होती है।

## 'एंटी ड्रग एक्ट' लाने की घोषणा सही फैसला : सरीन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** प्रदेश में बढ़ते नशे के खतरे को जड़ से खत्म करने के लिए हिमाचल सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा के बजट सत्र में 'एंटी ड्रग एक्ट' लाने की घोषणा कर दी है,



जिसे आम आदमी पार्टी के सुझाव के रूप में पेश किया गया था। इस महत्वपूर्ण कदम के लिए आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता मनीष सरीन ने मुख्यमंत्री का तहे दिल से आभार व्यक्त किया है।

मनीष सरीन ने बताया कि 12 मार्च 2025 को उन्होंने प्रेस वार्ता के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रदेश में नशे के बढ़ते जाल को रोकने के लिए ठोस सुझाव दिए थे।

मुख्यमंत्री ने 18 मार्च 2025 को विधानसभा में बजट सत्र के दौरान 'एंटी ड्रग एक्ट' लाने की घोषणा कर इस सुझाव को सकारात्मकता से स्वीकार किया, जिसे प्रदेश के लिए एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। मनीष सरीन ने बताया कि सरकार ने इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज, शिमला में 14 दिन का इलाज कोर्स शुरू किया है, जिससे नशे की गिरफ्त में आए युवाओं को बाहर निकलने में मदद मिलेगी।

# हिमाचल की शांति पर हमला सरकार बेखबर : शिशु गुप्ता

**अनंत ज्ञान, चंबा**



हिमाचल प्रदेश में बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी शिशु गुप्ता ने प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शांति भंग करने की साजिश रची जा रही है, लेकिन कांग्रेस सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। उन्होंने पंजाब में हिमाचल की बसों पर हो रहे हमलों और अलगाववादी गतिविधियों पर कड़ा विरोध जताते हुए सरकार से तुरंत सख्त कार्रवाई करने की मांग की। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि हिमाचल की बसों पर पंजाब में हमले हो रहे हैं, जिससे प्रदेशवासियों के लिए वहां जाना असुरक्षित हो गया है। उन्होंने पंजाब और हिमाचल सरकार से तुरंत मिलकर ठोस कदम उठाने की अपील की।

भाजपा नेता ने कहा कि विपक्ष में रहते हुए कांग्रेस भाजपा सरकार को कानून-व्यवस्था पर घेरती थी, लेकिन अब जब उनकी अपनी सरकार है, तो वे इस मुद्दे पर असफल साबित हो रहे हैं। शिशु गुप्ता ने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे एकजुट होकर अलगाववादी ताकतों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाएं।

## विद्यार्थियों को अग्निवीर भर्ती पर दी ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया की जानकारी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

सेना भर्ती कार्यालय पालमपुर द्वारा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुवाड़ी , महाविद्यालय तीसा तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चंबा के विद्यार्थियों से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से ऑनलाइन सत्र का आयोजन किया गया। प्रवक्ता ने बताया कि विद्यार्थियों को मोटिवेशन वीडियो के माध्यम से अग्निवीर भर्ती से संबंधित आनलाइन पंजीकरण प्रकिया की संपूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाने के साथ लड़कियों के लिए अधिकारी वर्ग और महिला सेना पुलिस में प्रवेश के लिए विस्तृत जानकारी भी प्रदान की । इस दौरान विद्यार्थियों को ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया को सरलता से पूर्ण करने के टिप्स भी दिए गए।

## चंबा में पासपोर्ट कार्यालय की पुनर्स्थापना की मांग, विधायक नीरज ने उठाया मुद्दा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

विधायक नीरज नैय्यर ने चंबा जिले में पासपोर्ट कार्यालय की पुनर्स्थापना की मांग को विधानसभा में उठाया। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि जिले के लोगों की सुविधा के लिए पासपोर्ट कार्यालय को फिर से शुरू किया जाए, जिससे आम नागरिकों को पासपोर्ट बनवाने के लिए दूर-दराज के शहरों में न जाना पड़े।

नीरज नैय्यर ने विधानसभा में कहा कि चंबा एक सीमावर्ती और पहाड़ी जिला है, जहां से लोगों को पासपोर्ट बनवाने के लिए पालमपुर या शिमला जाना पड़ता है। इससे समय और पैसे दोनों की बर्बादी होती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि चंबा में पहले पासपोर्ट सेवा केंद्र कार्यरत था, लेकिन बाद में इसे बंद कर दिया गया, जिससे स्थानीय लोगों को काफी परेशानी हो रही है।

उन्होंने सरकार से अपील की कि जल्द से जल्द चंबा में पासपोर्ट कार्यालय को फिर से बहाल किया जाए, ताकि जिले के युवाओं, नौकरीपेशा लोगों और विदेश यात्रा करने वाले नागरिकों को राहत मिल सके। उनकी इस मांग को क्षेत्रवासियों का भी व्यापक समर्थन मिल रहा है। अब देखना होगा कि सरकार इस पर क्या कदम उठाती है और चंबा जिले के नागरिकों को इस सुविधा का लाभ कब तक मिल पाता है।


## चंबा में हुई शराब के ठेकों की नीलामी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** इस वर्ष भी चंबा जिले में शराब के ठेकों की नीलामी में ढल एसोसिएट ने बाजी मारी है। कंपनी ने 104.52 करोड़ रुपये की सबसे बड़ी बोली लगाकर जिले में शराब बिक्री के अधिकार अपने नाम किए हैं।

जानकारी के अनुसार, इस बार भी नीलामी प्रक्रिया में कई बड़े ठेकेदारों ने भाग लिया, लेकिन ढल एसोसिएट ने सबसे ऊंची बोली लगाकर जिले में अपनी पकड़ मजबूत कर ली। यह लगातार दूसरा वर्ष है जब कंपनी ने सबसे बड़ी बोली लगाई है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि वह इस क्षेत्र में अपना दबदबा बनाए रखना चाहती है। प्रशासन की ओर से नीलामी प्रक्रिया को पारदर्शिता के साथ किया।

## चिकित्सा सुविधा को प्रभावित करने वाले डेपुटेशन हों रद्द : दिनेश

**अनंत ज्ञान, भरमौर**



इन्टरेगेटड मैडीकल एसोसिएशन (आईएमए) आयुष के प्रदेशाध्यक्ष डॉक्टर दिनेश कुमार ने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा विधानसभा में पेश किए गए बजट पर आयुष विभाग में पद भरने का उल्लेख प्रशंसनीय व स्वागत योग्य कदम है।

डॉक्टर दिनेश कुमार ने बताया कि इस गंभीर आर्थिक संकट के दौर में भी आयुष चिकित्सा के संवर्धन के लिए प्रदेश सरकार गंभीर और प्रयत्नशील है क्योकि आज भी 90 प्रतिशत आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र प्रदेश के दूरदराज, कठिन भौगोलिक स्थिति में कार्य रत रहकर ग्रामीण लोगों को स्वास्थ्य सुविधा प्रदान कर रहे है। उन्होंने यह आग्रह किया है कि आयुष विभाग में ऐसे सारे डेपुटेशन रद्द किए जाए जो चिकित्सा सुविधा को बुरे तरीके से प्रभावित कर रहे है।

विभाग ऐसे आयुर्वेदिक चिकित्सक अधिकारियों को पदोन्नत न करे जो पदोन्नति पर प्रशासनिक कार्य करने में रूचि न रखते हो और ऐसे पदोन्नत चिकित्सकों को भी डिमोट कर दे जो केवल चिकित्सीय सेवाएं ही करना चाहते है।

## राष्ट्रीय पैरा कबड्डी प्रतियोगिता में हिमाचल का शानदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, मंडी।** राष्ट्रीय पैरा कबड्डी प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में वनस्थली पब्लिक स्कूल के खेल मैदान में 21 से 23 मार्च तक खेली जा रही है। इस प्रतियोगिता में देशभर की सोलह टीमें भाग ले रही हैं। हिमाचल प्रदेश की टीम ग्रुप सी में राजस्थान, दिल्ली और गोवा के साथ रखा गया है। हिमाचल प्रदेश की टीम ने अपने पहले लीग मैच में दिल्ली को एकतरफा मुकाबले में 35-04 के अंकों से हराकर इस प्रतियोगिता में अपना शानदार आगाज किया।

एचआरटीसी मंडी डिपो में परिचालक और प्रदेश पैरा कबड्डी टीम के कोच रूपलाल के प्रशिक्षण में टीम शानदार प्रदर्शन कर रही है।

## गरलोग और गंगोटी स्कूल के बच्चों ने किया शैक्षिक भ्रमण

**अनंत ज्ञान, जोगिंदरनगर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गरलोग और राजकीय माध्यमिक विद्यालय, गंगोटी के कुल 33 विद्यार्थियों ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) जोगिंद्रनगर का शैक्षिक भ्रमण किया।

इस दौरे का उद्देश्य छात्रों को तकनीकी शिक्षा, विभिन्न व्यवसायों की कार्यप्रणाली और आधुनिक तकनीकों से अवगत कराना था। संस्थान के प्रशिक्षकों ने छात्रों को कोपा, प्लंबर, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, मोटर मैकेनिक वाहन, ड्रेस मेकिंग, सिलाई तकनीक, सतही अलंकरण तकनीक और सौंदर्य विज्ञान जैसे कोर्सों की जानकारी दी। छात्रों को औद्योगिक क्षेत्र में रोजगार के अवसरों और स्वरोजगार के महत्व पर भी जागरूक किया गया।

## परिजनों ने छात्रों के डूबने पर आईटीआई प्रबंधन पर जड़ा आरोप

**नूतन प्रकाश ठाकुर, बालीचौकी**

बीते कल लारजी बांध के समीप पिन पार्वती में डूबे 2 छात्रों की मौत से जहां समूचा बालीचौकी क्षेत्र सदमे में है वहीं दोनों छात्रों की मौत ने स्थानीय प्रशासन एवं आईटीआई थलौट के प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

मृतक घनश्याम के पिता दया राम ठाकुर ने बताया कि उन्होंने अपने बच्चों को आईटीआई प्रबंधन के हवाले छोड़ रखा था। प्रबंधन की लापरवाही हमारे बच्चों के जीवन पर भारी पड़ गई। उन्होंने आईटीआई प्रबंधन की लापरवाही की जांच की भी मांग की है। वहीं विद्युत विभाग के स्थानीय कर्मचारियों का कहना है कि आईटीआई थलौट के 7 छात्र जॉब ट्रेनिंग के चलते विद्युत विभाग के लारजी उपमंडल के अधीन प्रशिक्षण ले रहे थे। जानकारी के अनुसार इस दौरान 2 छात्र गहरे पानी में चले गए और वापस ही नहीं निकल पाए।

परिजनों ने इस दौरान जब गोताखोरों की व्यवस्था करने का आग्रह किया तो उन्हें कहा गया कि प्रशासन व्यवस्था कर रहा है, लेकिन देर रात तक भी गोताखोर जब नहीं पहुंचे तो पोकलेन मशीन से पानी की दिशा बदलने का प्रयास किया गया जो विफल रहा। परिजनों का कहना है कि शुक्रवार सुबह 6 बजे के आसपास गोताखोरों ने 10 मिनट से भी कम समय में डूबे छात्रों के शव निकाले। (अनंत ज्ञान)

## पूर्व सैनिकों को दी योजनाओं की जानकारी

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** पूर्व सैनिक लीग ककीरा के कार्यालय में डिप्टी डायरेक्टर जिला सैनिक बोर्ड चंबा के कैप्टन अनुमेहा परासर ने निरीक्षण किया।

इस अवसर पर लीग के अध्यक्ष कैप्टन पूर्ण सिंह थापा ने कार्यालय में आए पूर्व सैनिकों व वीर नारियों का परिचय उन्हें दिया तथा डिप्टी डायरेक्टर ने परिचय स्वीकारते हुए उन्होंने अपने वक्तव्य में सरकार के द्वारा पूर्व सैनिकों की वेलफेयर के लिए चलाई गई विभिन्न योजनाओं पर जानकारी दी। इसके अलावा विधवा लड़की व तलाकशुदा लड़की के लिए भी माता-पिता की मृत्यु के बाद पेंशन का प्रावधान किया गया है। सभी आए हुए मेहमानों को जलपान कराया गया।

## नशा मुक्त समाज पर डीसी ने किया विद्यार्थियों का मार्गदर्शन



**अनंत ज्ञान, चंबा**

युवा सेवाएं एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना और नेहरू युवा केंद्र के सयुंक्त तत्वावधान में विकसित भारत युवा संसद-2025 के अंतर्गत जिला स्तरीय युवा संसद का आयोजन राजकीय महाविद्यालय चंबा में किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान उपायुक्त मुकेश रेपसपाल ने युवाओं का व्यक्तित्व विकास के लिए आवश्यक पहलुओं के विषय में मार्गदर्शन किया तथा प्रभावी संचार कौशल, नेतृत्व क्षमता, व्यवहार कुशलता के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने समाज में बढ़ रहे नशे के पर चिंता व्यक्त जरते हुए सभी युवाओं से नशे से दूर रहने और औरों को भी इस संबंध में जागरूक किया।

### सूडोकु नवताल- 7377 ★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7376 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |

## युवाओं को जोड़े युकां : प्रतिभा सिंह

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों से एकजुट होकर आगे बढ़ने व अपने साथ अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने का आह्वान किया है।

उन्होंने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को युवा कांग्रेस का चुनाव जीतने की बधाई देते हुए कहा कि उन पर अब पार्टी की नई जिम्मेदारी है जिसे उन्हें सफलता पूर्वक पूरा करना है। प्रतिभा सिंह ने युवा कांग्रेस से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर 25 मार्च को संसद घेराव में भाग लेने को कहा। इससे पूर्व सुंदरनगर के पूर्व विधायक पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर ने बैठक को सम्बोधित किया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी युवाओं के साथ खड़ी है और वह जिस भी प्रकार के सहयोग की अपेक्षा करेंगे प्रदेश कांग्रेस उनका पूरा सहयोग करेगी।

## जोगिंद्रनगर के कई इलाकों में 23 को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

विद्युत उपमंडल जोगिंद्रनगर में उपभोक्ताओं को 23 मार्च 2025 को बिजली आपूर्ति में रुकावट का सामना करना पड़ेगा।

यह कटौती जरूरी मरम्मत कार्य के चलते की जा रही है। इस दौरान जोगिंद्रनगर बाजार, आदर्श कॉलोनी, ढेलू, मकरैना, कुपड़ा, काठला, अरठी, बेरी और आसपास के क्षेत्रों में सुबह 9:30 बजे से शाम 4:00 बजे तक बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बंद रहेगी। कार्य जल्द पूरा होने की स्थिति में बिजली बहाल की जा सकती है। सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल जोगिंद्रनगर-1 ने सहयोग की अपील की है और असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है।

## अनंत ज्ञान — आज का पंचांग

22 मार्च, 2025, शनिवार

**विक्रमी संवत** : 2081, **शक संवत** :1946 (क्रोधी), **मास** : चैत्र, **तिथि** अष्टमी (05:26): **नक्षत्र** मूल (03:24), **पक्ष:** कृष्ण, **योग** : व्यतीपात (06:35) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (12:04-12:52), **राहुकाल** (09:25-10:57)।

**विशेष दिन**

- 22 मार्च 2025 : शीतलाष्टमी पूजन आज।
- 22 मार्च 2025 : कालाष्टमी आज।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष:** आज तनाव की कुछ घटनाओं का सामना करना पड़ सकता है। आज खान-पान पर नियंत्रण जरूरी है। व्यर्थ के दिखावों से दूर रहें।

**वृषभ:** काम की अधिकता रहेगी। नौकरी में मनचाहा स्थानांतरण व पदोन्नति के भी योग बन रहे हैं। आर्थिक निवेश सोच-समझकर कार्य करें।

**मिथुन:** पत्नी से सहयोग व समर्थन मिलेगा। व्यवसाय में उन्नति संभव है। कारोबार में कुछ नवीन योजनाएं बनेंगी। आपके द्वारा लिए गए निर्णय गलत साबित होंगे।

**कर्क:** सामाजिक आयोजनों में आपकी प्रशंसा होगी। व्यापार, व्यवसाय में लाभदायक सौदे आत्मबल बढ़ाएंगे। आज साहस, पराक्रम बढ़ेगा।

**सिंह :** जल्दी दूसरों के विश्वास में आ जाते हैं, सतर्क रहें। विपरीत परिस्थितियों का दृढ़ता से सामना कर सकेंगे। व्यापार में परेशानियों का अंत होगा।

**कन्या :** निजी कार्य प्रभावित होंगे। परिवार में मांगलिक अवसर आएंगे। विवाह के योग बनेंगे। व्यवसाय में लाभ का योग है। नौकरों पर नजर रखें।

**तुला:** बिछड़े साथी से मिलन के योग हैं। धन मिलने से धन संग्रह बढ़ेगा। आत्मविश्वास के बलबूते पर आगे बढ़ेंगे। सुख-संतोष बना रहेगा।

**वृश्चिक:** अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाह न बरतें। किसी नए व्यापार में निवेश करने के योग हैं। आज विद्वानों के साथ रहने का अवसर मिलेगा।

**धनु:** संबंधों के प्रति आप लापरवाही कर रहे है। व्यवसाय में विकास की योजनाएं बन सकती हैं। आर्थिक अनुकूलता रहने से सुख साधन बढ़ेंगे।

**मकर :** नौकरी में बदलाव चाहते हैं पर फैसला लेने में असमंजस्य की स्थिति रहेगी। साहित्य पठन में रुचि बढ़ेगी। संतान के भविष्य की चिंता रहेगी।

**कुंभ :** समय का सदुपयोग करें। बुरी संगत से बचें। दूसरों की उन्नति से दुखी न हों। आप मेहनत करें और संकुचित मानसिकता बदलें।

**मीन :** मन अशांत रहेगा। कलात्मक कार्यों का प्रतिफल मिलेगा। योजनाएं बनेंगी। जीवन साथी की भावनाओं का अपमान करने से बचें।

## समारोह — एडीएम ने नवाजे राजकीय महाविद्यालय भरमौर के होनहार

# शिक्षा के साथ हर गतिविधि में सक्रिय रहना जरूरी

**ओपी शर्मा, भरमौर**



अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी भरमौर कुलबीर सिंह राणा ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ बहुआयामी गतिविधियों में सक्रिय रहना भी बेहद जरूरी है। यह बात उन्होंने आज राजकीय महाविद्यालय भरमौर के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए कही।

महाविद्यालय द्वारा शैक्षणिक गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करने पर कहा कि किसी भी संस्थान के लिए वार्षिक उत्सव वर्षभर के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त उपलब्धियां के लिये सम्मानित करने का अवसर होता है। इसके आयोजन से छात्रों में प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ उनको प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त होने के साथ और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहन भी मिलता है।

उन्होंने कहा कि काफी समय बाद राजकीय महाविद्यालय भरमौर को अपने नए भवन में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन करने का अवसर मिल रहा है । उन्होंने महाविद्यालय प्रबंधन और अध्यापकों को बच्चों द्वारा विभिन्न गतिविधियों में किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में मोबाइल फोन का इस्तेमाल प्रत्येक व्यक्ति कर रहा है। उन्होंने छात्रों को मोबाइल का सदुपयोग करने और नशे से दूर रहने के लिए जागरूक भी किया।

उन्होंने कहा कि युवा वर्ग का सामाजिक उत्थान के लिए महत्वपूर्ण योगदान रहता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार नशे के खिलाफ और लोगों को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने के लिए आवश्यक कदम उठा रही है।

इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय की मांगों को जल्द पूर्ण करने का आश्वासन भी दिया। इससे पहले एडीएम ने दीप प्रज्वलित कर वार्षिक पारितोषिक वितरण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हेमंत पाल ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और महाविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम के बाद एडीएम ने महाविद्यालय की लाइब्रेरी का निरीक्षण भी किया। (अनंत ज्ञान)

## अनंत Classifieds

### नाम परिवर्तन

**मैं, शवीना** पुत्री राजिन्द्र कुमार निवासी गांव व डाकघर बसदेहड़ा वार्ड नं. 6 तहसील एवं जिला ऊना (हि.प्र.)174315 घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम शवीना से बदलकर शिवानी रख लिया। शवीना और शिवानी एक ही व्यक्ति है। सभी संबंधित नोट करें।

### बेदखली सूचना

**मैं, अशोक पाल गुप्ता** पुत्र स्व. नानक चंद निवासी गणपति रोड मंडी, तहसील सदर, जिला मंडी (हि.प्र.) ब्यान करता हूं कि मेरा बेटा प्रियंकर गुप्ता (पिंटू) मेरे कहने-सुनने से बाहर है। अतः मैं अपने बेटे प्रियंकर गुप्ता (पिंटू) को अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उससे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। सभी संबंधित नोट करें।

संसार में ऐसे लोग कठिन होते हैं, जो कठोर किंतु हित की बात कहने वाले होते हैं। –महर्षि वाल्मीकि

## संपादकीय

# भ्रष्टाचार की जड़ें

समाज में भ्रष्टाचार की जड़ें इतरी गहरी हो गई हैं कि जिसका दांव लगता वह पैसा बनाने में जुट जाता है। दिल्ली में जज के घर से 15 करोड़ रुपए की नकद राशि का बरामद होना बेहद चौंकाने वाला वाकया है, जो न्यायपालिका के अंदर व्याप्त भ्रष्टाचार की गंभीर समस्या को उजागर करता प्रतीत होता है। निश्चित रूप से इस घटना ने न्यायपालिका की साख और सार्वजनिक विश्वास को गहरा आघात पहुंचाया है, जिसकी चर्चा अब चहुंओर हो रही है। जब एक जज, जो खुद न्याय के पालनकर्ता होते हैं, भ्रष्टाचार में संलिप्त पाए जाते हैं, तो यह समाज में कानून और व्यवस्था के प्रति विश्वास को भी कमजोर करता है। यह घटनाक्रम भ्रष्टाचार के खिलाफ हमारी लड़ाई के लिए एक गंभीर चेतावनी है और यह न्यायपालिका में सुधार की आवश्यकता को और भी प्रकट करता है। न्यायपालिका का कार्य न्याय की व्यवस्था को बनाए रखना और निष्पक्ष निर्णय देना होता है। जब इस संस्था के भीतर ही भ्रष्टाचार समा जाएगा, तो यह केवल न्यायिक प्रणाली के लिए ही नहीं, बल्कि समाज के लिए भी खतरनाक साबित हो सकता है। जज को समाज में एक आदर्श और न्याय का प्रतीक माना जाता है। उनका काम केवल कानून का पालन करना नहीं है, बल्कि आम लोगों में न्याय के प्रति विश्वास पैदा करना भी होता है।

जब एक जज के घर से इतनी बड़ी राशि बरामद होती है, तो यह संदेश जाता है कि न्यायिक प्रक्रिया भी अब अपनी निष्पक्षता खो रही है। इस घटना के बाद यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर न्यायपालिका में भ्रष्टाचार की जड़ें कहां हैं? इसका उत्तर यह है कि भ्रष्टाचार की समस्या समाज के हर क्षेत्र में व्याप्त है और जब न्यायपालिका जैसी महत्वपूर्ण संस्था भी इससे अछूती नहीं रह पाती, तो यह चिंता का विषय बन जाता है। अक्सर यह देखा जाता है कि व्यक्तिगत लाभ के लिए ऐसे मामलों में उच्च पदों पर बैठे लोग अपनी शक्ति और प्रभाव का दुरुपयोग करते हैं। विडंबना यह है कि उनका लालच पैसों तक सीमित नहीं है, बल्कि न्याय के फैसलों को भी प्रभावित कर सकता है। यदि हम वाकई भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकना चाहते हैं, तो न्यायपालिका में सुधार लाजिमी है। जजों की चयन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाना, उनके कामकाज की निगरानी रखना और सख्त दंड व्यवस्था लागू करना ऐसे कदम हो सकते हैं, जो भ्रष्टाचार को नियंत्रित करने में मददगार साबित हो सकते हैं। इसके अलावा, यह भी जरूरी है कि न्यायपालिका में आंतरिक शिकायत प्रणाली को सशक्त किया जाए, ताकि किसी भी जज या न्यायिक अधिकारी के खिलाफ भ्रष्टाचार या अन्य किसी भी प्रकार की अनियमितताओं की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।

हमारे देश में न्यायपालिका की स्वतंत्रता को सर्वोपरि माना जाता है। यह सुनिश्चित करता है कि न्यायिक फैसले बाहरी दबावों से मुक्त होकर निष्पक्ष और पारदर्शी हों, लेकिन जब जज खुद भ्रष्टाचार में संलिप्त होते हैं, तो यह स्वतंत्रता खतरे में पड़ जाती है। ऐसे मामलों में समाज में यह सवाल उठता है कि क्या हम न्यायिक प्रणाली पर भरोसा कर सकते हैं? क्या न्यायपालिका भ्रष्टाचार से मुक्त रह पाई है? जब न्यायिक अधिकारियों के खिलाफ ऐसी घटनाएं सामने आती हैं, तो यह पूरी प्रणाली के लिए खतरे की घंटी बन जाती है। इस तरह की घटनाएं समाज पर भी गहरा असर डालती हैं। आम आदमी के लिए न्याय का मतलब है उन्हें न्यायपालिका से निष्पक्ष और त्वरित न्याय मिलेगा, लेकिन जब जज ही भ्रष्टाचार में संलिप्त पाए जाते हैं, तो यह लोगों के मन में न्यायपालिका के प्रति संदेह उत्पन्न करता है। इसके कारण आम जनता का न्यायपालिका पर विश्वास कमजोर होता है और यह न्याय व्यवस्था के प्रति आक्रोश और असंतोष को बढ़ावा देता है।

जब लोग न्यायपालिका पर भरोसा नहीं करते, तो समाज में अन्याय और भ्रष्टाचार के प्रति असहमति और विरोध भी बढ़ सकता है। भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ना आसान नहीं होता, लेकिन इसे समाप्त करने के लिए कुछ ठोस कदम तो उठाए ही जा सकते हैं। सबसे पहले, न्यायपालिका में कड़ी निगरानी और पारदर्शिता की जरूरत है। जजों के कार्यों की समीक्षा और उनके व्यक्तिगत संपत्ति विवरणों की जांच होनी चाहिए। इसके अलावा, भ्रष्टाचार के आरोपों का तुरंत निपटारा किया जाए और दोषियों को सख्त सजा दी जाए, ताकि यह एक कड़ा संदेश जाए कि भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समाज में जागरूकता फैलाने के लिए भी उपाय किए जा सकते हैं। यह घटना इस बात का संकेत है कि हमें अपनी न्यायिक व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है। भ्रष्टाचार से निपटने के लिए न्यायपालिका की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और निगरानी को बढ़ाना होगा। इसके साथ ही समाज को न्यायपालिका के प्रति अपना विश्वास बनाए रखने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे, ताकि न्याय का पहिया सही तरीके से घूम सके और समाज में वास्तविक न्याय का अहसास हो सके। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# भारतीय शास्त्रीय संगीतकार



रागिनी त्रिवेदी
जन्म : 22 मार्च 1960

**रागिनी** त्रिवेदी एक भारतीय शास्त्रीय संगीतकार हैं जो विचित्र वीणा, सितार और जल तरंग पर प्रस्तुति देती हैं। विचित्र वीणा वादक और संगीतज्ञ लालमणि मिश्रा की बेटी, वह मिसराबानी की प्रतिपादक हैं और ओम स्वरलिपि नामक एक डिजिटल संगीत संकेतन प्रणाली की निर्माता हैं। रागिनी का जन्म कानपुर, भारत में हुआ था। उनके पिता लालमणि मिश्रा और मां पद्मा ने रागिनी और भाई गोपाल शंकर में संगीत के प्रति समझ और प्रेम पैदा किया। पिता लालमणि मिश्रा द्वारा गोपाल शंकर और रागिनी के लिए रिकॉर्ड किए गए रागों की बारीकियों को समझाने वाले संगीत पाठ आज भी भारतीय संगीत सीखने वालों के लिए संसाधन के रूप में काम करते हैं। एक बहुमुखी छात्रा, रागिनी ने खेलों में भाग लिया और बास्केटबॉल और टेबल-टेनिस खेलना पसंद किया; वह नाट्य और विस्तार गतिविधियों में रुचि रखती थी। उनकी संगीत शिक्षिका, शोभा पर्वतकर ने रागिनी को जलतरंग बजाने के लिए प्रोत्साहित किया। रागिनी ने 9 अप्रैल 1977 को अपनी मां को खो दिया और 17 जुलाई 1979 को पिता को। तीन वाद्यों में से जल तरंग वादन सबसे पहले प्रसारित किया गया। पहला मंचीय सितार वादन सुप्रभा में हुआ, जो किशन महाराज के मार्गदर्शन में आयोजित एक कार्यक्रम था। विचित्र वीणा को सबसे पहले भारत भवन, भोपाल में प्रस्तुत किया गया। ■



कविता

## अज्ज तैं लव मैरिज कराई मुन्नी

जीवन (जे के) डीएवी पब्लिक विद्यालय बिलासपुर (हि.प्र.)

*जाल्हू तू जम्मी थी मुन्नी, मती मठाई बंडी थी मुन्नी,*
*अज्ज तैं बाप्पुए दा, प्यार दित्ता भुलाई मुन्नी,*
*अज्ज तैं लव मैरिज कराई मुन्नी।*
*तिज्जो दिक्खी-दिक्खी हस्सदा हां,*
*तेरी खुशियां बिच्च मेरा घर बस्सदा हां,*
*मैं तू बड़ी गोदा बिच्च खलाई मुन्नी,*
*अज्ज तैं लव मैरिज कराई मुन्नी।*
*उठ्ठदी बैठदी जगदी सौंदी, हस्सदी खेलदी कदी-कदी रोंदी,*
*क्या खरा क्या बुरा ऐ मुन्नी, हर इक गल समझाई मुन्नी,*
*अज्ज तैं लव मैरिज कराई मुन्नी।*
*अद्दी खाद्दी पूरी दित्ती, जो तैं बोल्लेया सैह् मैं कित्ता,*
*नी अपणी कोई मजबूरी दिक्खी, मेरा क्या कसूर हा मुन्नी,*
*तू पूरी दित्ती पढ़ाई मुन्नी, अज्ज तैं लव मैरिज कराई मुन्नी।*
*हुण मेरा जीणा भी क्या जीणा, दिले देयां जख्मां जो किह्यां सीणा,*
*जित्थु भी रैंहगी खुश रेयां मुन्नी, मैं तां मौत गले लगाई मुन्नी,*
*अज्ज तैं लव मैरिज कराई मुन्नी।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सएप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# क्या 'प्रधान पति', 'मुखिया पति', 'सरपंच पति' की होगी छुट्टी?

आधी आबादी की भागीदारी के बिना विकसित भारत का स्वप्न संभव नहीं है। महिलाएं देश की राजनीतिक व्यवस्था में भाग लें, इसके लिए त्रिस्तरीय पंचायतीराज व्यवस्था में उनकी भागीदारी आरक्षण के द्वारा सुनिश्चित की गई। आज 33 से 50 फीसदी तक महिला आरक्षण राज्यवार दिया गया है। इसका उद्देश्य साफ था कि अंतिमजनों की आवाजों को प्रमुखता से सुनना। पर व्यवस्था की खामियों का क्या किया जाए, ये अपना रास्ता निकाल ही लेते हैं। आज इस त्रिस्तरीय पंचायतीराज व्यवस्था की एक बड़ी समस्या 'प्रधान पति', 'मुखिया पति', 'सरपंच पति' बने हुए हैं। हालिया रिपोर्ट में भी यह समस्या उजागर की गई है कि कैसे महिला सरपंच के पुरुष प्रतिनिधि उनकी जगह पर काम कर रहे हैं।



लेखिका : प्रतिभा कुशवाह
कवयित्री, स्वतंत्र पत्रकार

रिपोर्ट कहती है कि उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा और राजस्थान में प्रॉक्सी प्रतिनिधित्व की संख्या अन्य राज्यों की तुलना में कहीं ज्यादा है। पिछले दिनों पंचायतीराज मंत्रालय द्वारा पूर्व खान सचिव सुशील कुमार के नेतृत्व में गठित समिति ने एक रिपोर्ट मंत्रालय को पेश की है। इस समिति का गठन सितंबर, 2023 में किया गया था।

'पंचायतीराज प्रणालियों और संस्थाओं में महिलाओं के प्रतिनिधित्व और भूमिकाओं को बदलना: प्रॉक्सी भागीदारी के प्रयासों को खत्म करना' शीर्षक वाली यह रिपोर्ट प्रॉक्सी प्रतिनिधित्व की बात जोर-शोर से उठाती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि गांवों में महिलाओं की पारंपरिक और सदियों पुरानी पितृसत्तात्मक मानसिकता और कठोर सामाजिक-सांस्कृतिक मानदंडों को मनवाने से भी महिला प्रतिनिधित्व पीछे चला जाता है। इसमें एक है कई तरह की पर्दा प्रथाओं का पालन करना। रिपोर्ट में एक कारण राजनीतिक दबाव को भी बताया गया है, जिसमें राजनीतिक विरोधियों द्वारा मिलने वाली धमकी और दबाव भी है जिसे न मानने पर उन्हें हिंसा का सामना करना पड़ता है। इसके अतिरिक्त महिलाओं की घरेलू जिम्मेदारियों के कारण उन्हें सार्वजनिक कामों से खुद को अलग करने का दबाव भी रहता है। घर और बाहर दोनों जिम्मेदारियों के दबाव में वे अक्सर घर की जिम्मेदारियों को चुन लेती हैं। इसके अतिरिक्त बहुत बड़ा कारण उनका अशिक्षित रह जाना भी है।



बहुत-सी सामाजिक-सांस्कृतिक कारणों से महिलाओं को शिक्षा और सार्वजनिक कामों के अनुभव न हो पाने के कारण वे निर्वाचित होने के बावजूद अपनी भूमिका सीमित कर लेती हैं।

सबसे ज्यादा उन्हें वित्तीय निर्णय संबंधी कामों में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है जिसकी वजह से वे संबंधित पुरुष साथियों की मदद लेने को मजबूर हो जाती हैं। स्थानीय शासन में वास्तविक महिला नेतृत्व को मजबूत करने के मंत्रालय के लगातार प्रयासों के पक्ष में यह रिपोर्ट महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली है। इसकी वजह है कि इसमें न केवल वास्तविक समस्या की पहचान की गई है, बल्कि समस्या का समाधान भी प्रस्तावित किया गया है। इस कड़ी में मंत्रालय द्वारा सालभर चलने वाला 'सशक्त पंचायत नेत्री अभियान' है, जिसे देश भर में पंचायतीराज संस्थाओं की महिला प्रतिनिधियों की क्षमता और प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए बनाया गया है। यह पंचायतीराज पदों पर निर्वाचित महिलाओं के कौशल और आत्मविश्वास के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करेगा।

साथ ही यह सुनिश्चित करेगा कि वे अपने संवैधानिक अधिकारों और जिम्मेदारियों का प्रभावी ढंग से उपयोग कर रही हैं कि नहीं। इस रिपोर्ट में इस समस्या से निपटने के लिये कुछ सुधारात्मक दंड की सिफारिशें की गई हैं, ताकि प्रधान पति, सरपंच पति या मुखिया पति की प्रथा पर रोक लगाई जा सके। देश की पहली एमबीए सरपंच राजस्थान के टोंक जिले से सोदा गांव की छवि राजावत थीं, जो 2010 में सरपंच बनीं और महिला सशक्तिकरण के लिए काम किया था। अपने एक लेख में कहती हैं कि मेरा केस अपवाद हो सकता है आज भी देश में बहुत-सी निर्वाचित महिला सरपंच शिक्षा और प्रशासनिक ढांचे के सामान्य ज्ञान की कमी से जूझ रही हैं। परिणामस्वरूप वे अलग-थलग पड़ जाती हैं। इस कारण उनकी छोड़ी गई जगहों को भरने के लिए संबंधी पुरुष आगे आ जाते हैं। कुछ मामलों में तो पुरुषों के सपोर्ट को निर्माण परियोजनाओं में मार्गदर्शन प्रदान करने या काम की निगरानी करने या फिर उन्हें सुरक्षा प्रदान करने की दृष्टि से सही ठहराया जाता है।

इस नेक इरादे के बावजूद यह प्रयास महिला आरक्षण के उद्देश्य को कहीं न कहीं नुकसान पहुंचाता है। प्रॉक्सी प्रतिनिधित्व के कारणों को गौर किया जाए, तो वे सभी वही कारण हैं जिनकी वजह से महिलाओं को घर के बाहर सार्वजनिक भूमिका को स्वीकारा नहीं जाता है। स्वीकारने से पहले उनकी सार्वजनिक भूमिका को ही नकारने की प्रवृत्ति रहती है, जो उनकी राह में कई तरह की बाधाओं के रूप में सामने आती है। पंचायती शासन प्रणाली को लागू हुए 31 वर्ष हो चुके हैं। महिला प्रतिनिधियों को किसी न किसी बहाने उन्हें उनकी पारंपरिक भूमिका में सीमित करने की मानसिकता में ऐसे ही किन्हीं सरकारी प्रयासों से कुछ संभव हो सकता है, यह आगे हम सबके सामने होगा।

**(ये लेखिका के निजी विचार हैं)**

## नजरिया

# हिमाचल में पंजाबी गायकों की धूम, लेकिन खालिस्तानी उपद्रव पर चुप्पी क्यों?

हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत मेलों और उत्सवों से जुड़ी हुई है।

हर साल राज्य में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक मेलों का आयोजन होता है, जिनमें मनोरंजन के लिए बाहरी कलाकारों को आमंत्रित किया जाता है। हाल के वर्षों में यह प्रवृत्ति बढ़ी है कि हिमाचल का प्रशासन लाखों रुपए खर्च कर पंजाबी गायकों को इन मेलों में बुला रहा है, लेकिन बड़ा सवाल यह उठता है—क्या इन गायकों ने कभी हिमाचल पर हुए खालिस्तानी हमलों या HRTC बसों पर हुए हमलों की निंदा की? पिछले कुछ समय में हिमाचल प्रदेश को खालिस्तानी गतिविधियों का सामना करना पड़ा है। धर्मशाला में विधानसभा भवन पर खालिस्तानी झंडा फहराने की घटना ने प्रदेश की शांति को झकझोर दिया था। इसके अलावा, हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम (HRTC) की बसों पर खालिस्तानी समर्थकों द्वारा किए गए हमलों की खबरें भी सामने आई थीं। इन घटनाओं पर पूरे देश में चिंता जताई गई, लेकिन पंजाबी संगीत उद्योग से जुड़े किसी भी बड़े कलाकार ने इस पर निंदा नहीं की।



लेखक : अभिषेक शर्मा
अनंत ज्ञान रिपोर्टर, जोगिंद्रनगर

यह चुप्पी कई सवाल खड़े करती है—क्या ये कलाकार केवल पैसे कमाने के लिए हिमाचल आते हैं, लेकिन जब राज्य पर संकट आता है, तो आंखें मूंद लेते हैं? हिमाचल के युवा और संगीत प्रेमी पंजाबी गानों को खूब पसंद करते हैं। यही वजह है कि प्रशासन भी मेलों और सरकारी आयोजनों में पंजाबी गायकों को आमंत्रित करता है। इन कलाकारों को लाखों रुपए की फीस देकर बुलाया जाता है, जिससे हिमाचल की स्थानीय प्रतिभाओं को मंच मिलने के बजाय बाहरी कलाकारों को बढ़ावा मिलता है, लेकिन जब हिमाचल प्रदेश की सुरक्षा और सम्मान की बात आती है, तो क्या इन कलाकारों की भी कोई जिम्मेदारी बनती है?





हिमाचल की अपनी समृद्ध लोक संस्कृति और लोक संगीत है, लेकिन प्रशासन द्वारा इसे उतना प्रोत्साहन नहीं दिया जा रहा जितना कि बाहरी कलाकारों को दिया जाता है। यदि सरकार और प्रशासन हिमाचली कलाकारों को मंच देने पर ध्यान केंद्रित करे, तो प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान और मजबूत हो सकती है। स्थानीय कलाकारों और जनता का मानना है कि हिमाचल के मेलों में उन्हीं कलाकारों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, जो प्रदेश के हितों के प्रति संवेदनशील हों। अगर पंजाबी कलाकार हिमाचल से कमाई कर सकते हैं, तो उन्हें हिमाचल की सुरक्षा और शांति के लिए भी आवाज उठानी चाहिए।

प्रशासन भी मेलों और सरकारी आयोजनों में पंजाबी गायकों को आमंत्रित करता है। इन कलाकारों को लाखों रुपए की फीस देकर बुलाया जाता है। यह प्रश्न अब हिमाचल की जनता और सरकार के सामने है—क्या केवल मनोरंजन ही प्राथमिकता है, या फिर राज्य की अस्मिता और सुरक्षा भी जरूरी है? पंजाबी कलाकारों को आमंत्रित करने में कोई बुराई नहीं, लेकिन यह भी देखना होगा कि वे केवल मंच पर गाने तक सीमित रहते हैं या हिमाचल के सम्मान और सुरक्षा के लिए भी खड़े होते हैं। अब वक्त आ गया है कि हिमाचल अपने सांस्कृतिक और सामाजिक मूल्यों को प्राथमिकता दे और अपनी कला एवं संस्कृति को मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठाए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## अपनी बात

**अंतरराष्ट्रीय** वन दिवस 21 मार्च को मनाया जाता है। देश व दुनियाभर में इस उपलक्ष्य में प्रोग्राम आयोजित किए जाते हैं। संयुक्त राष्ट्रसभा ने वनों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से नवंबर 2012 को हर वर्ष 21 मार्च को अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के रूप में मनाने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया था। वन हैं तो हम हैं। जो पेड़ हमें फल नहीं देते हैं, वो भी बहुत महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि ये हमें जीवित रहने के लिए ऑक्सीजन, बिना किसी मूल्य के देते हैं, परंतु बहुत अफसोस है कि वनों की संभाल के लिए बहुत लापरवाही बरती जा रही है। भारत व विश्व में बहुत पहले से ही वनों और पेड़ों को काटने से रोकने के प्रयास सरकारों, सामाजिक संस्थाओं और पर्यावरण प्रेमियों द्वारा आरंभ कर दिए गए थे। फिर भी योजनाओं के लिए बड़े पैमाने पर जंगल काटे जा रहे हैं। हमें सभी को पेड़ लगाने होंगे और कटान को रोकना होगा। **रमित, शाहपुर**

# अतीत की गोद में सोए तालाब और बावड़ियां : बस पानी ही नहीं, कहानियों का

अतीत की यादों में समाए तालाब और बावड़ियां केवल जल-स्रोत नहीं थे, बल्कि सांस्कृतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक धरोहर का प्रतीक भी थे। ये जल संरचनाएं प्राचीन भारतीय समाज की जल प्रबंधन प्रणाली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा थीं, जो हमें हमारे पूर्वजों की बुद्धिमत्ता और पर्यावरण के प्रति उनके सम्मान की याद दिलाती हैं।

तालाब गांवों और नगरों के जीवन का केंद्र हुआ करते थे। वर्षा जल संचयन, कृषि सिंचाई, मवेशियों की प्यास बुझाने और सामाजिक मेलजोल के लिए इनका उपयोग किया जाता था। तालाबों के किनारे मंदिर, घाट और धर्मशालाएं बनाई जाती थीं, जहां लोग आध्यात्मिक शांति प्राप्त करने आते थे। कई स्थानों पर ये तालाब त्योहारों और मेलों का केंद्र भी बनते थे। प्राचीन भारत में जल को केवल एक संसाधन नहीं, बल्कि पूजनीय तत्व माना जाता था। इसलिए, जल स्रोतों को संरक्षित करने के लिए वैज्ञानिक और कलात्मक दृष्टिकोण अपनाया गया। राजाओं, रानियों, समाजसेवियों और मंदिर समितियों ने बड़े पैमाने पर तालाब और बावड़ियों का निर्माण कराया। इनका उद्देश्य जल संचयन के साथ-साथ सामाजिक समृद्धि और आध्यात्मिक शांति को बढ़ावा देना भी था। पुराने तालाबों के पास बैठकर अगर आप जरा ध्यान दें, तो आपको उनकी लहरों में इतिहास की हलचल महसूस होगी। कभी ये गांव-शहरों की जान हुआ करते थे। गांवों में तालाब के किनारे बुजुर्ग किस्से सुनाते, बच्चे खेलते और महिलाएं पानी भरते हुए अपनी कहानियों की गहराइयों में खो जातीं। ये सिर्फ जल संरचनाएं नहीं थीं, बल्कि सामाजिक मेलजोल के सबसे अहम केंद्र थे। बावड़ियां विशेष रूप से स्थापत्य कला का बेहतरीन उदाहरण थीं। इनका निर्माण इस प्रकार किया जाता था कि गर्मी के मौसम में भी पानी ठंडा बना रहे। राजस्थान और गुजरात में बनी बावड़ियां आज भी अपनी जटिल नक्काशी, मेहराबों, स्तंभों और मूर्तियों के कारण आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। बावड़ियां (सीढ़ीदार कुएं) विशेष रूप से पश्चिमी और मध्य भारत में लोकप्रिय थीं। राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश में अनेक प्राचीन बावड़ियां देखने को मिलती हैं, जिनकी स्थापत्य कला अद्भुत होती थी।



लेखक : डॉ. सत्यवान सौरभ
कवि, स्वतंत्र पत्रकार

ये केवल जल संग्रहण का साधन नहीं थीं, बल्कि गर्मियों में ठंडी छांव में बैठने और यात्रियों के लिए विश्राम स्थल का कार्य भी करती थीं। प्रसिद्ध बावड़ियों में चांद बावड़ी (अभनेरी, राजस्थान) और रानी की वाव (पाटण, गुजरात) अपनी अद्वितीय सुंदरता के लिए प्रसिद्ध हैं। तालाब और बावड़ियां जल संचयन और भूजल पुनर्भरण (Groundwater Recharge) का महत्वपूर्ण माध्यम थीं।



**विश्व जल दिवस पर विशेष**

जलवायु परिवर्तन और जल संकट के इस दौर में यदि हम इन पारंपरिक जल स्रोतों का पुनर्जीवन करें, तो यह न केवल भूजल स्तर को बढ़ाने में मदद करेगा, बल्कि बाढ़ जैसी समस्याओं को कम करने में भी सहायक होगा। आधुनिक शहरीकरण और बढ़ती उपेक्षा के कारण कई तालाब और बावड़ियां सूख चुके हैं या अतिक्रमण का शिकार हो गए हैं। कई जल स्रोत गंदगी और कचरे से भर चुके हैं, जिससे न केवल उनका ऐतिहासिक महत्व समाप्त हो रहा है, बल्कि पर्यावरण पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। सरकार और स्थानीय समुदायों को मिलकर पुराने जल स्रोतों की सफाई करनी चाहिए। पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण के लिए ठोस कानूनी नीतियां बनाई जानी चाहिए। गांवों और शहरों में सामुदायिक प्रयासों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, ताकि लोग इन धरोहरों को संजोने में सक्रिय भाग लें।

इन ऐतिहासिक स्थलों को पर्यटन के केंद्र के रूप में विकसित किया जा सकता है, जिससे लोग इनके महत्व को समझें और संरक्षण के लिए प्रेरित हों। वर्तमान में कई शहर और गांव पानी की कमी का सामना कर रहे हैं। भूजल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है क्योंकि वर्षा जल का संचयन सही तरीके से नहीं हो रहा है। यदि तालाबों और बावड़ियों को पुनर्जीवित किया जाए, तो वे भूजल को फिर से भरने में मदद कर सकते हैं, जिससे नदियों और कुओं का जल स्तर संतुलित रहेगा। कई क्षेत्रों में अत्यधिक वर्षा के कारण बाढ़ की समस्या उत्पन्न हो जाती है, जबकि अन्य क्षेत्रों में सूखा पड़ता है। यदि पारंपरिक जल स्रोतों का संरक्षण किया जाए, तो वर्षा जल को संग्रहित करके सूखे के दौरान इसका उपयोग किया जा सकता है। साथ ही, यह जल निकासी की भी एक प्रभावी प्रणाली बन सकती है।

तालाब और बावड़ियां न केवल जल का स्रोत हैं, बल्कि स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने में भी मदद करते हैं। ये जलाशय पक्षियों, मछलियों और अन्य जलीय जीवों के प्राकृतिक आवास होते हैं। यदि इन्हें पुनर्जीवित किया जाए, तो जैव विविधता को भी संरक्षित किया जा सकता है। प्राचीन बावड़ियां और तालाब न केवल जल संरचनाएं हैं, बल्कि वे हमारी सांस्कृतिक विरासत का भी एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। आज कई बावड़ियां और तालाब उपेक्षित पड़े हैं या कचरे से भर चुके हैं। इन्हें साफ कर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सकता है, जिससे उनकी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान बनी रहे। यदि तालाब और बावड़ियों को फिर से उपयोग में लाया जाए, तो ग्रामीण और शहरी समुदायों को इससे सीधा लाभ मिलेगा। वे खेती, पशुपालन और दैनिक जीवन में जल संकट से बच सकेंगे। तालाब और बावड़ियां हमारे अतीत की वह धरोहर हैं, जो हमें जल संरक्षण और सामुदायिक जीवन की महत्वपूर्ण सीख देती हैं। इनका संरक्षण हमारी सांस्कृतिक विरासत को संजोने के साथ-साथ भविष्य की पीढ़ियों के लिए जल संकट से निपटने में सहायक हो सकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# व्यक्ति, समाज और राष्ट्र को खोखला कर देता है नशा

वर्तमान समय में हम एक दूसरे के ऊपर दोषारोपण करके नशे जैसी गंभीर समस्या से बच नहीं सकते, क्योंकि अगर हमने अपनी भावी पीढ़ी को नशे की लत से दूर रखना है, तो हर नागरिक को पूरी लगन कर्तव्य निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए इस जंग में अपने आप को पूर्ण रूप से समर्पित करना पड़ेगा। बड़े खेद का विषय है कि चंद पैसों के लालच में कुछ स्वार्थी लोग देश के होनहार युवा वर्ग को चिट्टे के जाल में फंसा कर उनके भविष्य को दाव पर लगा रहे हैं, परंतु उनको इस बात का ज्ञान नहीं है कि आज भी दूसरों के बच्चों को इस जाल में फंसा रहे हैं और आने वाले समय में इसी जाल में उनके बच्चे भी जब फंस जाएंगे, तो उन्हें भी छुड़ाने वाला कोई नहीं होगा और ऐसे व्यक्ति देशद्रोह की श्रेणी में आते हैं।



लेखक : अमरनाथ धीमान।
शांति सेवा समिति के अध्यक्ष

सरकार समाज और मीडिया को अपने दायित्व के प्रति सजग एवं सचेत होकर अपनी भूमिका सही ढंग से निभानी चाहिए, क्योंकि इसके लिए समाज मीडिया व सरकार सभी दोषी हैं एक तरफ सरकार नशे के खिलाफ जनसंपर्क विभाग के माध्यम से बड़े-बड़े होर्डिंग लगाकर नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताते हैं, जबकि दूसरी ओर जगह-जगह स्कूलों के नजदीक सरकारी संस्थाओं के नजदीक वह अन्य सार्वजनिक स्थानों के नजदीक जगह-जगह पर शराब के ठेके खोले गए हैं, अगर हमने देश को नशा मुक्त करना है, तो देश में पूर्ण शराबबंदी और चिट्टे जैसे नशे में सनलिप्त लोगों के खिलाफ कड़े कानून बनाए जाने की सख्त जरूरत है।



हमारे युवा पीढ़ी दिन-प्रतिदिन नशे की खाई में गिरती जा रही है। हर बच्चे के माता-पिता हर्ष में चिंतित हैं और जब अनहोनी घटना घटती हैं, तो समाज मीडिया और सरकार इसके खिलाफ कोई ठोस कदम नहीं उठाते हैं और आने वाले समय में यदि नशे के खिलाफ कड़े से कड़े कानून नहीं बनाए गए, तो हमें बाद में पछताना पड़ेगा, क्योंकि जब सारा देश खोखला हो जाएगा, तो देश की सुरक्षा भी खतरे में पड़ जाएगी।

नशा व्यक्ति के तन मन और धन का नाश कर देता है। तन कमजोर हुआ तो मन कमजोर हो जाएगा और धन की कमी से व्यक्ति अपने अस्तित्व को खो देता है उठो जागो और नशे जैसे भयंकर राक्षस से युद्ध करने के लिए देश का हर नागरिक तैयार हो जाए, बच्चों में शुरू से ही संस्कार कूट-कूट कर भर दिए जाएं, ताकि वे संस्कार बनकर अपने दायित्वों का सही ढंग से निर्वहन करते हुए भारत देश की प्राचीनतम सांस्कृतिक धरोहर को संजोय रखें।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### अपूर्व देवगन ने ईवीएम भंडार कक्ष का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने शुक्रवार को राजनीतिक दल के प्रतिनिधि की उपस्थिति में भ्यूली स्थित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एवं वीवी पैट के भंडार कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां उपलब्ध सभी सुविधाओं की जांच कर संतुष्टि व्यक्त की। उपायुक्त ने ईवीएम की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ पुलिस कर्मियों द्वारा प्रदान की जा रही सुरक्षा व्यवस्था संबंधी सेवाओं का ब्यौरा प्राप्त किया और सीसीटीवी कैमरे की भी जांच की। इस अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की ओर से संजय शर्मा तथा अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी , निर्वाचन तहसीलदार राजेश शर्मा भी मौजूद रहे।

### स्वयंसेवकों को आपदा जोखिम पर किया प्रशिक्षित

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** आपदा जोखिम न्यूनीकरण व आपदा जोखिम से निपटने के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) मंडी के सौजन्य से जोगिंद्रनगर उपमंडल की ग्राम पंचायत द्रुब्बल में तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान उपमंडल की ग्राम पंचायत द्रुब्बल, लांगणा, धार, खड़िहार तथा गोलवां से आपदा प्रबंधन के लिए टास्क फोर्स (यूथ वालंटियर) के लगभग 60 स्वयंसेवकों को आपदा से निपटने के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मंडी से प्रशिक्षक एवं जिला सर्व समन्वयक अमर जीत सिंह ने बताया कि यह तीन दिवसीय कार्यशाला 22 मार्च को संपन्न होगी।

### चतरोखड़ी के ओवरब्रिज पर सफाई की मांग



**भीम बसेड़ू, महादेव।** नेशनल हाईवे सुंदरनगर के चतरोखड़ी चौक का ओवरब्रिज मजबूत तरीके से लोगों की सहूलियत के लिए बना तो जरूर है मगर ऐसा लगता है कि जब से यह बना है तब से इसकी बड़े स्तर पर साफ सफाई नहीं की गई है। भीड़भाड़ वाले इस शहरी क्षेत्र में नगर परिषद इत्यादि को यहां स्वच्छता प्रदान करने की सख्त जरूरत है ताकि इस प्रदूषण भरे दौर में प्राणघातक बीमारियों से बचा जा सके। लोगों ने सुंदरनगर के उपमंडलाधिकारी (नागरिक) से पुरजोर आग्रह किया है कि पूर्व सुकेत रियासत की इस पुरानी नगरी जो ऐतिहासिक, धार्मिक तथा सांस्कृतिक धरोहर है को तरह-तरह की गंदगी के ग्रहण से बचाने के लिए ओवरब्रिज को भी स्वच्छता प्रदान करने के लिए कारगर कदम उठाए।(अनंत ज्ञान)

### कनूही गांव का विशाल बना अग्निवीर



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** संधोल तहसील के ग्वाला पंचायत के कनूही गांव के विशाल ने अग्निवीर की परीक्षा पार कर अपने सपने को साकार कर लिया। विशाल सिंह पुत्र राजकुमार ने अपनी स्नातक की पढ़ाई जिला हमीरपुर के नेताजी सुभाष चंद मेमोरियल राजकीय महाविद्यालय से हाल ही में पूरी की है। हाल ही में विशाल ने आर्मी अग्निवीर की अग्निपरीक्षा जोकि मंडी में नवम्बर/दिसम्बर 2024 में हुई थी उसमें भी विशाल ने दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया था व उसके टेस्ट का रिजल्ट हाल ही में 19 मार्च को उत्तीर्ण कर लिया है। बिशाल ने सफलता प्राप्त करने के बाद अपनी कामयाबी का श्रेय अपनी मेहनत, दृढ़ संकल्प, माता, पिता, गुरु और कभी हार न मानने की भावना को दिया।

### विभाग 25 तक कोषागार में प्रस्तुत करें बिल

**अनंत ज्ञान, मंडी।** मंडी जिले में कोष कार्यालयों में वित्त वर्ष 2024-25 की समाप्ति के अंतिम दिनों में भीड़ न हो और सभी के लिए सुविधा बनी रहे, इस उद्देश्य से उपायुक्त अपूर्व देवगन ने कार्यालय आदेश जारी किए हैं। जिला मंडी के सभी आहरण एवं वितरण अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने कार्यालय से संबंधित भुगतान हेतु सभी बिल 25 मार्च, 2025 को सायं 5 बजे तक सम्बन्धित कोष कार्यालय में प्रस्तुत कर दें। कोष कार्यालय द्वारा पास किए गए बिलों को सम्बन्धित बैंक में 29 मार्च, 2025 को सायं 5 बजे तक प्रस्तुत करना होगा।

### जिले में शराब के ठेकों की नीलामी प्रक्रिया पूरी

**अनंत ज्ञान, मंडी।** मंडी जिला में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए शराब के ठेकों की नीलामी प्रक्रिया के पहले चरण में 20 यूनिटों में 9 यूनिटों की नीलामी प्रक्रिया का पहला चरण सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। यह नीलामी प्रक्रिया जिला परिषद सभागार में जिला प्रशासन और आबकारी विभाग द्वारा पूरी की गई। अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठौर ने बताया कि इस वर्ष जिला में 20 यूनिट नीलामी के लिए प्रस्तावित हैं। जिनमें पहले चरण में 9 यूनिटों की कुल 178 दुकानों नीलाम की गईं। इनका आरक्षित मूल्य 73 करोड़ 65 लाख 63 हजार और 895 रुपए था। ये यूनिटें 1.20 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 74 करोड़ 54 लाख और 9000 रुपए में नीलाम हो गईं। शेष 11 यूनिटों की नीलामी अगली निर्धारित तिथि को आयोजित की जाएगी। मंडी-पंडोह यूनिट 9.85 करोड़, सुंदरनगर टाउन 10.83 करोड़, जरोल 8.99 करोड़, चैलचौक 13.54 करोड़, चुराग 9.85 करोड़, पधर-बरोट 6.6 करोड़, चौंतरा-भरोल 6.9 करोड़, चौलथ्रा-संधोल 8 करोड़ और एहजु खलियार एल-20बी 2.77 लाख रुपए में नीलाम हुई।

### साहित्यकार डॉ. पीसी कौंडल ने भेंट की पुस्तकें



**अनंत ज्ञान, महादेव।** प्रतिष्ठित साहित्यकार डॉ. पीसी कौंडल जो राष्ट्रीय हिन्दी त्रैमासिक पत्रिका हिम खंड के भी संपादक हैं ने शुक्रवार को नगर परिषद सुंदरनगर पुस्तकालय को 18 हजार रुपए मूल्य की स्वलिखित पुस्तकें व हिम खंड पत्रिकाएं निःशुल्क भेंट की। इस अवसर पर जहां वरिष्ठ साहित्यकार कृष्ण चंद्र महादेविया, रत्न लाल शर्मा, सुरेंद्र मिश्रा व भीम सिंह परदेसी, राजेंद्र भारती शामिल हुए वहीं नप सुंदरनगर अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, कार्यकारी अधिकारी हितेश शर्मा, पार्षदों में कृष्णा देवी, कल्पना वर्मा, नरेश वर्मा, ललिता ठाकुर, मंजु व जिला परिषद सदस्य प्रियंता शर्मा व नप के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### कांढी तारापुर गांव के लिए चलाई जाए निगम की बस

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पंचायत समिति बल्ह द्वारा शुक्रवार को मंडी आवास के दौरान मंडी की सांसद प्रतिभा सिंह को गांव कांढी तारापुर के लिए निगम की बस चलाने बारे एक मांग पत्र सौंपा। समिति सदस्य परमा नंद आजाद ने ज्ञापन में मांग की कि भड़याल पंचायत के वार्ड कांढी तारापुर के लोग पिछले कई सालों से गांव में बस की मांग उठाते आ रहे हैं। इस बारे में उक्त गांव के लोग पहले भी परिवहन मंत्री से लेकर कई अन्य मंत्रियों व विधायकों से चंडयाल से कांढीतारा पुर सड़क पर बस की मांग कर चुके हैं। मगर अभी तक उनकी इस मांग को पूरा नहीं किया गया है। बीडीसी सदस्य परमानंद आजाद ने बताया कि लोगों की दिक्कतों को देखते हुए चंडयाल से कथवाड़ी होकर देव बालाकामेश्वर मंदिर तक एक सरकारी बस लगाई जाए। वहां से वाया हडयाला होकर बड़ा ग्रां, खारसी व टिक्कर के लिए बस चलाई जाए।

## राज्यस्तरीय नलवाड़ मेला 22 से 28 मार्च तक, धूमधाम से आज होगा आगाज

# 'नशा मुक्त सुंदरनगर' बनाने का संकल्प

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**



राज्य स्तरीय नलवाड़ मेला सुंदरनगर की मेला कमेटी के अध्यक्ष एवं एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी ने राज्य स्तरीय नलवाड़ मेला-2025 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मेले के सफल आयोजन के लिए सभी अधिकारियों से अपने दायित्वों को अच्छे से निभाने का आह्वान किया। नलवाड़ मेला हम सबका अपना मेला है तथा सभी अपनी जिम्मेदारी समझें और आयोजन से जुड़े दायित्वों को अच्छे से निभाएं। उन्होंने मेले के सफल आयोजन को लेकर अधिकारियों को समय से सभी आवश्यक प्रबंध पूरा करने के निर्देश दिए।

अमर नेगी ने कहा कि राज्य स्तरीय नलवाड़ एवं देवता मेला नशा मुक्त सुंदरनगर थीम पर आधारित रहेगा। इसके अंतर्गत मेले के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सुंदरनगर को नशा मुक्त बनाने पर बल दिया जाएगा, जिससे युवा पीढ़ी को नशे की चपेट से बचाया जा सके।

बैठक में बीडीओ सुंदरनगर विवेक चौहान, तहसीलदार अंकित शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।(अनंत ज्ञान)

### शोभायात्रा के साथ होगा मेले का शुभारंभ

**मेले** के सफल आयोजन को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम ने बताया कि यह राज्य स्तरीय नलवाड़ मेला प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी पूरे उल्लास के साथ आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नलवाड़ मेले की प्रथम जलेब 22 मार्च को व अंतिम जलेब 28 मार्च को निकाली जाएगी। उन्होंने कहा कि मेले का शुभारंभ पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर और समापन नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा,व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी करेंगे।

### आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करें विभाग

**एसडीएम** ने मेले के दौरान समुचित साफ-सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगर परिषद जबकि पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित बनाने के लिए जल शक्ति विभाग को भी उचित दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा मेले के दौरान विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित बनाने तथा स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए भी संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों से मेले के सफल आयोजन के लिये अपना पूरा सहयोग प्रदान करने का भी आह्वान किया। एसडीएम ने मेले में जलेब के भव्य और व्यवस्थित आयोजन के लिए विशेष प्रबंध करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जलेब को व्यवस्थित तरीके से निकालने के लिए जलेब के मार्ग पर प्रशासन और पुलिस के अधिकारी तैनात रहेंगे।

### कलाकार मचाएंगे धमाल

**एसडीएम** अमर नेगी ने बताया कि नलवाड़ मेले की सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन पिछले वर्ष की भांति इस बार भी जवाहर पार्क में ही होगा। इस वर्ष 5 सांस्कृतिक संध्याएं 22 से लेकर 26 मार्च तक होंगी। इसमें पंजाबी, बॉलीवुड, हिमाचल और जिला मंडी के कलाकार जमकर धूम मचाएंगे।

### प्रदर्शनियां करेंगी जागरूक

**एसडीएम** ने बताया कि विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियां लगाई जाएगी। जिनके माध्यम से आम जनता को सरकारी योजनाओं पर जागरूक किया जाएगा।

### लगेगी पशु प्रदर्शनी

**एसडीएम** ने कहा कि नलवाड़ मेले के दौरान पशुपालकों के लिए पशुपालन विभाग के द्वारा 25 मार्च को डॉग शो और 26 मार्च को पशु प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा।

### होंगी खेल प्रतियोगिताएं

**26** मार्च तक होने वाली खेल प्रतियोगिताओं और 27 व 28 मार्च को कुश्ती के सफल आयोजन के लिए पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। विजेता प्रतिभागियों को धनराशि से पुरस्कृत भी किया जाएगा।

# 6 ग्राम चिट्टे सहित माफिया के छह तस्कर गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

जिला मंडी के सुंदरनगर में पुलिस को हेरोइन के काले कारोबार को लेकर एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस थाना सुंदरनगर की हेरोइन तस्करी को लेकर बनी स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट यानी एसआईटी ने क्षेत्र के कलौहड़ में 6 आरोपियों को 6 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। जानकारी अनुसार पुलिस थाना सुंदरनगर की एसआईयू टीम एएसआई दौलतराम, हेड कांस्टेबल हंसराज सैनी, कांस्टेबल सतीश, कमल, कुलदीप और उपेश राणा क्षेत्र के कलौहड़-बीणा सड़क पर गश्त पर मौजूद थी।

इसी दौरान कलौहड़ बाजार से बीणा की ओर सड़क के किनारे एक ऑल्टो कार और दो स्कूटी संदिग्ध परिस्थितियों में खड़ी हुई थी और कार के अंदर युवक बैठे हुए थे। पुलिस टीम को 3 युवकों की जेब से फाइल पेपर बरामद हुए और 6 ग्राम हेरोइन बरामद की गई।

आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। वहीं आरोपी युवकों से प्रारंभिक जांच में पाया गया कि मामले में गिरफ्तार 4 युवकों के खिलाफ पहले से चिट्टे के मामले दर्ज हैं और एक आरोपी हाल ही में जमानत पर जेल से बाहर आया है।

### मामले में शामिल आरोपी

**आरोपियों** की शिनाख्त रोहित कुमार(28) पुत्र राजकुमार गांव भौण बाड़ी डाकघर कलौहड़, अनुभव (24) पुत्र हेम सिंह गांव निचली बैहली, ललित राघवा(30) पुत्र चमन लाल गांव डोडवां डाकघर भोजपुर, निखिल कुमार (25) पुत्र राजेंद्र सिंह गांव खिलड़ा, युगल (24) पुत्र भीमसेन गांव खिलड़ा और अरशद खान पुत्र चांद खान गांव झझवानी डाकघर लेहड़ी सरेल तहसील घुमारवीं जिला बिलासपुर के तौर पर हुई है।

### पुलिस लोगों को चिट्टे के खिलाफ कर रही जागरूक

**एसपी** मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि चिट्टे के खिलाफ जिला पुलिस द्वारा कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। इसके अंतर्गत पुलिस द्वारा क्षेत्र में स्थानीय लोगों द्वारा चिट्टे के व्यापार में संलिप्तता को लेकर विशेष जांच की जा रही है। चिट्टे के मामलों में आदतन आरोपियों की जमानत याचिका को खारिज कराने के लिए भी पुलिस विशेष कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि जिला मंडी पुलिस लोगों को चिट्टे के खिलाफ लगातार जागरूक कर रही है। इस अभियान के अंतर्गत लोगों के पास जाकर उनकी फीडबैक और ग्राउंड रिपोर्ट ली जा रही है।

# जोगिंद्रनगर-सरकाघाट मार्ग की मरम्मत शुरू

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**




जोगिंद्रनगर-सरकाघाट राज्य राजमार्ग पर लंबे समय से बने गड्ढों को लेकर अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र ने कुछ दिन पहले विशेष रिपोर्ट प्रकाशित की थी। इसके बाद लोक निर्माण विभाग ने आज सड़क पर पड़े गड्ढों को भर दिया।

स्थानीय दुकानदारों ने विभाग की इस पहल का स्वागत किया। विशाल शर्मा, नरेंद्र ठाकुर, हेम सिंह और भारत भूषण ने कहा कि सड़क की खराब हालत के कारण व्यापार प्रभावित हो रहा था और आए दिन वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता जेपी नायक ने कहा कि सड़क की मरम्मत कार्य को प्राथमिकता दी गई है और जल्द ही पूरी सड़क को स्थायी रूप से सुधारने की योजना पर काम शुरू किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि विभाग जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशील है और बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। हालांकि, स्थानीय लोगों ने स्थायी समाधान की मांग भी उठाई है। राहगीरों का कहना है कि हर बरसात में सड़क पर गड्ढे बन जाते हैं, जिन्हें सिर्फ अस्थायी तौर पर भरा जाता है। वहीं, नागरिकों ने प्रशासन से अपील की है कि सड़क की गुणवत्ता को सुनिश्चित किया जाए।(अनंत ज्ञान)

### संघर्ष मोर्चा की बैठक 24 को

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** अनुसूचित जाति, जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक संयुक्त संघर्ष मोर्चा खंड सरकाघाट व धर्मपुर तथा धाड़ता क्षेत्र की अति विशेष बैठक 24 मार्च पेंशनर्स मीटिंग हाल, टिहरा रोड़ सरकाघाट में होगी।

बैठक में कई अहम मुद्दों, एससी, एसटी, ओबीसी व सभी वर्गों की महिलाओं के हितों और अधिकारों के ऊपर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

बैठक में खंड धर्मपुर व सरकाघाट, जिला मंडी व प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारी व अंबेडकर मिशन से जुड़े अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

# सुकेत देवता मेले में स्थानीय लोगों को देव सेवक बनने का मिलेगा मौका

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

राज्यस्तरीय सुकेत देवता मेला-2025 में पहली बार सुकेत सर्व देवता कमेटी द्वारा एक नई पहल करते हुए स्थानीय लोगों को देव सेवक और सेविका बनने का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

बता दें कि आगामी 2 अप्रैल से आयोजित होने जा रहे पांच दिवसीय राज्यस्तरीय सुकेत देवता मेला की तैयारियां सुकेत सर्व देवता कमेटी ने शुरू कर दी है। डॉ. अभिषेक सोनी अध्यक्ष सुकेत सर्व देवता कमेटी ने बताया कि सुकेत सर्व देवता कमेटी हर वर्ष देव संस्कृति को जनमानस तक पहुंचाने के लिए कोई नया प्रयास करती आ रही है। वहीं इस वर्ष से सुकेत सर्व देवता कमेटी सुंदरनगर के लोगों को सुकेत देव सेवक और सेविका बनने का अवसर प्रदान करने जा रहे हैं। अभिषेक सोनी ने कहा कि सुकेत सर्व देवता कमेटी ने पहले भी देवता मेले के कार्यक्रमों में महिला शक्ति को मुख्यातिथि के रूप में आमंत्रित किया था उस कार्यक्रम में 57 महिलाओं ने भाग लिया था। सुकेत के युवा देव कारदारों को मेले के दौरान कमेटी में जोड़ा जाएगा तथा जिम्मेदारीयां दी जाएंगी। इसमें अंतिम रूप सुकेत सर्व देवता कमेटी के पदाधिकारी तथा सदस्य प्रदान करेंगे।

# अभिलाषी महाविद्यालय के गौरव ने गेट परीक्षा में झटका 142वां रैंक

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**



टीआर अभिलाषी मेमोरियल इंजीनियरिंग महाविद्यालय टांडा के विद्युत्त विभाग के 2020-2024 बैच के छात्र गौरव कुमार पुत्र श्रीमती पदमा देवी ने गेट- 2025 परीक्षा में देशभर में 142 वां रैंक प्माप्त किया।

गेट इंजीनियरिंग में एक प्रतिष्ठित परीक्षा है जिस में देश भर के इंजीनियरिंग स्मात्तक भाग लेते हैं। इस परीक्षा के द्वारा केंद्र सरकार के विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में अधिकारी वर्ग के लिए नौकरी एवं राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों में रिसर्च हेतु प्रवेश मिलता है। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष डॉ. आरके अभिलाषी, प्रबंधक निदेशक डॉ. ललित अभिलाषी, सचिव नरेंद्र, संस्था की चेयरपर्सन डॉ. नर्वदा, प्रधानचार्य प्रो. बिप्लब सरकार, उपप्रधानचार्य ई. मुरारी लाल मोदगिल एवं विभागाध्यक्ष पंकज वर्मा ने गौरव एवं उसके परिवार को बधाई दी।

### 26 तक जमा करें बिजली बिल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** विद्युत उपमंडल लडभड़ोल के सहायक अभियंता मुकेश कुमार ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे 26 मार्च तक अपना बिजली बिल जमा करवा लें, अन्यथा उन्हें लेट फीस का भुगतान करना पड़ेगा।

विद्युत उपमंडल लडभड़ोल के 9600 उपभोक्ता समय पर भुगतान सुनिश्चित करें, अन्यथा विभागीय प्रक्रिया के तहत डिफॉल्टर नोटिस जारी कर दिया जाएगा। बिल न भरने पर अस्थायी रूप से बिजली कनेक्शन काटा जा सकता है, जिसे दोबारा चालू करवाने के लिए अतिरिक्त शुल्क अदा करना होगा।

# एफपीओ धर्मपुर का काम जांचने पहुंचे भूपेंद्र मंडावी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



राष्ट्रीय सहकारिता विकास निगम के रीजनल डायरेकर भूपेंद्रा मंडावी व अन्य अधिकारियों ने आज एफपीओ धर्मपुर के कार्यों को जांचने व यहां पर हल्दी पाउडर व मोटे अनाजों का आटा, लोकल फलों का आचार इत्यादि बनाने का लघु उद्योग स्थापित करने के लिए एफपीओ द्वारा बनाई डीपीआर का व्यवहारिक मूल्यांकन करने के उद्देश्य से भराड़ी स्थित ऑफिस का दौरा किया। उनके साथ सीबीबीओ के प्रबधंक हर्ष कुमार सिंह और डॉ. हरदयाल सिंह भी उपस्थित रहे।

एफपीओ प्रबधंक कमेटी के अध्यक्ष सुरेश पठानिया एवं कार्यसमिति के अध्यक्ष सत्तपाल सिंह की सहअध्यक्षता में एफपीओ कार्यसमिति एवं प्रोसिसिंग सेंटरों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमें कार्यों की समीक्षा की गई।

### 27 को विधानसभा घेराव में भाग लेंगे युवा : चौहान

**सरकाघाट।** भाजयुमो के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एव अधिवक्ता अजय चौहान ने उन सभी युवाओं से 27 मार्च को विधानसभा घेराव में भाग लेने का आह्वान किया है जिनके साथ बीते ढाई वर्षों में प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने रोजगार के नाम पर धोखा किया है। अजय चौहान ने बताया कि सरकार ने युवाओं के साथ छलावा किया है और उनके भविष्य के ऊपर कुठाराघात किया है। सुक्खू सरकार द्वारा प्रस्तुत तीसरे वार्षिक बजट में भी युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए कोई प्रावधान नहीं रखा गया, जिससे युवाओं में निराशा है।

# मंडी में लांच हुआ 'मेरे शहर के 100 रत्न' स्कॉलरशिप प्रोग्राम

**अनंत ज्ञान, मंडी**



हिमाचल प्रदेश सरकार के सहयोग से क्रैक एकेडमी ने जिले में 'मेरे शहर के 100 रत्न' स्कॉलरशिप प्रोग्राम की शुरुआत की है। इस पहल के तहत प्रदेशभर के 6,800 छात्रों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की मुफ्त कोचिंग दी जाएगी।

मंडी पहुंची क्रैक एकेडमी की टीम ने जिले में स्कॉलरशिप प्रोग्राम लांच करने की घोषणा की। इस योजना के तहत क्रैक एकेडमी हर विधानसभा क्षेत्र से 100 मेधावी छात्रों को मुफ्त कोचिंग देगी। इस पूरी योजना में लगभग 34 करोड़ रुपए खर्च होंगे। क्रैक एकेडमी के अनुसार चयन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए हर विधानसभा क्षेत्र के स्कूलों और कॉलेजों में परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसमें कक्षा 6 और उससे ऊपर के छात्र भाग ले सकेंगे।

प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से टॉप 100 छात्रों को मुफ्त कोचिंग मिलेगी, जबकि अगले 200 छात्रों को 75 प्रतिशत और उसके बाद के 500 छात्रों को 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

क्रैक एकेडमी के फाउंडर और सीईओ, नीरज कंसल ने कहा कि शिक्षा ही सफलता की चाबी है। हिमाचल प्रदेश सरकार के साथ हमारी यह साझेदारी राज्यभर के छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस पहल का मकसद बच्चों को लगातार शिक्षा और मार्गदर्शन देना है, जिससे वे अच्छी पढ़ाई कर सकें और अपने भविष्य को मजबूत बना सकें।

### भूतपूर्व सैनिक लीग का स्थापना दिवस 26 को

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** भूतपूर्व सैनिक लीग जोगिंद्रनगर का स्थापना दिवस आगामी 26 मार्च 2025, बुधवार को लीग के प्रांगण में मनाया जाएगा। इस दौरान डिप्टी जीओसी 39 माउंटेन डिवीजन मुख्यातिथि होंगे। साथ ही, स्टेशन हेडक्वार्टर पालमपुर के सैन्य अधिकारी और प्रदेश की भूतपूर्व सैनिक लीगों के अध्यक्ष भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वीरनारियों को सम्मानित करेंगे, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ेगी। कार्यक्रम का समापन पारंपरिक मंडयाली धाम के साथ किया जाएगा।

# कांग्रेस सरकार ने सरकाघाट में 20 स्कूलों को किया बंद

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



**विधायक दलीप ने घेरी सरकार**

सरकाघाट के विधायक दलीप ठाकुर ने कांग्रेस सरकार द्वारा स्कूलों को बंद करने का विधानसभा में मुद्दा उठाया।

उन्होंने सरकार से जानना चाहा कि सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र में कितने विद्यालय बंद किए गए, इन विद्यालयों में कितने विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे थे, और अब उन विद्यार्थियों का दाखिला कहां कराया गया है। शिक्षा मंत्री ने उत्तर दिया कि सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र की 20 राजकीय प्राथमिक पाठशाला व एक राजकीय माध्यमिक पाठशाला को बंद किया गया तथा 47 विद्यार्थियों को दूसरी पाठशालाओं में दाखिला दिया गया है। विधायक ने सरकाघाट की गैहरा पंचायत के राजकीय प्राथमिक पाठशाला कास-जनीहण का भी जिक्र किया इस स्कूल को बंद किया गया है। बच्चों को 4 किमी दूर जंगल के रास्ते गैहरा स्कूल भेजा गया है, जो चिंता का विषय है।

**निर्देश** | जिला स्तरीय सलाहकार एवं समीक्षा समिति की बैठक में बोले उपायुक्त

# बैंक स्वयं सहायता समूहों को जारी करें ऋण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

उपायुक्त अपूर्व देवगन ने सभी बैंकों को स्वयं सहायता समूहों को समय पर ऋण जारी करने के सख्त निर्देश दिये हैं। उन्होंने बैंकों द्वारा स्वयं सहायता समूहों को ऋण जारी करने के टालमटोल वाले रवैया पर कड़ा एतराज जताते हुए सभी मामलों का निपटारा एक सप्ताह में करने के कड़े निर्देश दिए। उपायुक्त जिला स्तरीय सलाहकार एवं समीक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

इस दौरान उन्होंने लंबित मामलों की वस्तुस्थिति की जानकारी भी प्राप्त की। सभी बैंक प्राथमिकता के आधार पर स्वयं सहायता समूहों की मदद करें। 31 दिसम्बर तक स्वयं सहायता समूहों के 73 मामले बैंकों से क्रेडिट लिंकेज के लंबित हैं जबकि इस दौरान 44.97 प्रतिशत स्वयं सहायता समूह क्रेडिट लिंक हो चुके हैं। उपायुक्त ने इस दौरान एससीएसटी विकास निगम के पास लंबित मामलों को बैंक अधिकारियों के साथ मिलकर शीघ्र स्वीकृत करवाने के निर्देश भी दिए।

31 दिसंबर तक निगम द्वारा 53 मामले प्रायोजित किए गए थे। जिनमें से 11 स्वीकृत हो गए, 23 मामले निरस्त कर दिए गए और 11 मामले लंबित हैं। उन्होंने आरसेटी द्वारा पंडोह के पास सयोगी में बनने वाले भवन के निर्माण पर हुई प्रगति की भी जानकारी ली। उपायुक्त ने इस दौरान केसीसी, स्टैंड अप इंडिया, एनपीए, सीडी रेशो, एनयूएलएम, प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा भी की।

उपायुक्त ने इस दौरान मंडी जिला की वार्षि ऋण योजना जारी की। जिले में वर्ष 2025-26 के लिए बैंकों द्वारा 5200 करोड़ रुपए के ऋण वितरण लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### उच्च मूल्य की फसलों को बढ़ावा देने का करें प्रयास

**उपायुक्त** मंडी अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट मिशन कमेटी की बैठक में केंद्रीय प्रायोजित योजना एमआईडीएच के अंतर्गत जिले में बागवानी क्षेत्र को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु वार्षिक एक्शन प्लान 2025-26 पर विस्तृत चर्चा की गई एवं लगभग 30 करोड़ का प्लान अनुमोदित किया गया। उपायुक्त ने बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में परंपरागत फसलों के साथ-साथ उच्च मूल्य की फसलों को बढ़ावा देने के लिए ठोस प्रयास किए जाएं।

### निजी बस परिचालक के खिलाफ मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, मंडी।** नागचला के एक बस परिचालक के खिलाफ सवारियों को निर्धारित स्थान पर न उतारने और अभद्र व्यव्हार करने का मामला दर्ज किया गया है। जानकारी अनुसार बैहना निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि एक निजी बस में गुटकर के लिए बैठी, लेकिन परिचालक ने अभद्र व्यवहार किया और 50 रुपए देने के वाबजूद बकाया राशि भी नहीं हटाई, जबकि वहां के मात्र 15 रुपए लगते थे।

महिला ने सबूत एकत्र कर अधिवक्ता रवि बधान के माध्यम से एसपी मंडी को शिकायत दी। इसकी प्रतियां प्रिंसिपल सेक्रेटरी ट्रांसपोर्ट शिमला व माननीय उच्च न्यायालय शिमला को भेजी है।

# टीबी नियंत्रण में आगे बढ़ रहा भारत : अशोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



अभिलाषी विश्वविद्यालय के रेड रिबन क्लब ने राज्य टास्क फोर्स के साथ मिलकर राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन पर एक कार्यक्रम आयोजित किया। रेड रिबन क्लब की नोडल अधिकारी डॉ. बंदना ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ मुख्यातिथि, राष्ट्रीय टास्क फोर्स के अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार भारद्वाज और विशिष्ट अतिथि जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरिंदम रॉय का अभिनंदन किया। कुलपति प्रो. एचके चौधरी ने कहा कि यह आयोजन टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने में नवाचार-आधारित प्रयास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस कार्यक्रम ने विचारों को प्रभावशाली समाधानों में बदलने के लिए टीबी अनुसंधान और प्रौद्योगिकी के अग्रदूतों को एक साथ लाया।

अतिथि वक्ता डॉ. अशोक कुमार भारद्वाज, राष्ट्रीय कार्यबल के अध्यक्ष, एनटीईपी ने सभा को संबोधित किया और टीबी नियंत्रण में भारत की उल्लेखनीय प्रगति और इस मिशन में नवाचार की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि कार्यक्रम 2025 तक टीबी को खत्म करने के लक्ष्य की ओर लगातार आगे बढ़ रहा है। डॉ. अरिंदम रॉय, जिला कार्यक्रम अधिकारी, ने टीबी उन्मूलन में नवाचारों की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि टीबी उन्मूलन के लिए नवाचार महत्वपूर्ण हैं, जो तेज़ और अधिक सटीक निदान, बेहतर उपचार व्यवस्था और बेहतर रोकथाम रणनीतियों की पेशकश करते हैं। वहीं रेड रिबन क्लब की समन्वयक डॉ. अंकिता चौधरी, आयुर्वेदिक शोध संस्थान के उप प्राचार्य डॉ. राहुल और अभिलाषी विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ. देवेंद्र ने कार्यक्रम को सफल बनाने में धन्यवाद किया।

## न्यूज ब्रीफ

### अनावंटित खुदरा आबकारी दुकानों की नीलामी आज

**अनंत ज्ञान, ऊना।** आबकारी विभाग ऊना के उपायुक्त टिक्कम राम ने बताया कि ऊना जिला के अनाबंटित खुदरा आबकारी दुकानों की नीलामी प्रक्रिया 22 मार्च को सुबह 11.30 बजे डीआरडीए हॉल ऊना में निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए उपायुक्त आबकारी कार्यालय ऊना में संपर्क किया जा सकता है। बता दें, इससे पहले ऊना जिले की खुदरा आबकारी दुकानों की आवंटन नीलामी प्रक्रिया 19 मार्च को आयोजित हुई थी। इस नीलामी प्रक्रिया के दौरान पंडोगा, अजोली, हरोली, बसाल, थानाकलां और भरवाईं यूनिटों की नीलामी नहीं हुई, जो कि अब 22 मार्च को होगी।

### कल मनाई जाएगी गुरु रविदास जयंती

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** गगरेट विस क्षेत्र के गांव अभयपुर में 23 मार्च को श्री गुरु रविदास महाराज की 648 वीं जयंती का उत्सव बड़ी धूम धाम से मनाया जाएगा। गुरु रविदास सभा अभयपुर के प्रधान कुलदीप कुमार, उप प्रधान सोहन लाल, सचिव सुरेश कुमार, कोषाध्यक्ष ओंकार चंद, निक्का राम, रणजोध सिंह, जीत कुमार, ढील्लू ने जानकारी देते हुए बताया कि 18 मार्च को अमृतवाणी पाठ श्री गुरु ग्रन्थ साहिब जी शुरू किया गया। तथा 22 मार्च को शोभा यात्रा निकाली जाएगी। 23 मार्च को विधिवत मंत्रो उच्चारण के साथ पूजा अर्चना कर निशान साहिब चढ़ाने की रस्म अदा की जाएगी। तत्पश्चात कीर्तन दरबार में हरपाल सिंह चंडीगढ़ वाले श्री गुरु रविदास की महिमा का गुणगान करेंगे। इस दौरान भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने लोगो से इस धार्मिक समारोह में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने का आग्रह किया है।

### चिंतपूर्णी धाम में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** धार्मिक शक्तिपीठ चिंतपूर्णी में शुक्रवार को श्रद्धालुओं की काफी रौनक चहल पहल रही। पंजाब, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और अन्य राज्यों के स्कूलों में छुट्टियां होने के बावजूद श्रद्धालु मां चिंतपूर्णी के दर्शनों करने के लिए पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को लगभग 15000 के करीब श्रद्धालुओं ने मां चिंतपूर्णी की पावन पिंडी के दर्शन व आशीर्वाद प्राप्त किया। चिंतपूर्णी मंदिर के प्रमुख सुरक्षा अधिकारी कर्नल मुनीश धीमान ने बताया कि अन्य राज्यों में छुट्टियां होने की वजह से श्रद्धालु मां चिंतपूर्णी के दर्शन करने के लिए आ रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा व लाइन व्यवस्था हेतु सभी सुरक्षा कर्मचारियों को लाइन व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने को कहा गया है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### पीर गौंस मंदिर के विकास कार्य जांचे

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपायुक्त जतिन लाल ने शुक्रवार को कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की पंचायत बल्ह खालसा स्थित प्राचीन पीर गौंस मंदिर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पीर गौंस मंदिर के सौंदर्यीकरण और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए किए जा रहे निर्माण और विकास कार्यों का जायजा लिया। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों को शीघ्रता से और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने के दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों से भी बातचीत की और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर तहसीलदार बंगाणा अमित शर्मा, सेवादार महेंद्र सिंह, रणजीत सिंह, लखविंदर सिंह और राजीव कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

### विमल नेगी की मौत की सीबीआई से हो जांच : भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के महाप्रबंधक चीफ इंजीनियर बिमल नेगी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत को लेकर मांग उठ रही है कि इसकी सीबीआई जांच कराई जाए। कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने बंगाणा में मीडिया से इस घटना पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि जब तक स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच नहीं होगी, तब तक सच्चाई सामने नहीं आएगी। भुट्टो ने कहा कि चीफ ई. विमल नेगी की मौत कई सवाल खड़े करती है। उन्होंने आशंका जताई कि यह कोई सामान्य घटना नहीं हो सकती, बल्कि इसके पीछे कोई बड़ा षड्यंत्र हो सकता है। उन्होंने कहा कि सीबीआई जांच ही मामले की निष्पक्ष जांच कर सकती है। भुट्टो ने कहा कि जब चीफ ई बिमल नेगी के परिवार ने भी इस मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग कर रही है। तो राज्य की सुक्खू सरकार सीबीआई जांच की मांग से क्यों भाग रही है। इसका मतलब साफ है। कि चीफ ई बिमल नेगी की अकस्मात मृत्यु पर कोई बड़ा प्रश्न है।

# पंजाब को लकड़ी लेकर जा रहे 4 वाहन जब्त

## वन विभाग को गगरेट में मिली सफलता, लकड़ी को कहां से लाए, की जा रही जांच

**अनंत ज्ञान, गगरेट**



हिमाचल प्रदेश की वन संपदा को तस्करी कर पंजाब ले जा रहे चार वाहनों को पकड़ने में वन विभाग की टीम ने सफलता हासिल की है। इनमें से तीन वाहन हमीरपुर के नादौन क्षेत्र से संबंधित हैं, जबकि एक वाहन स्थानीय है। वन विभाग ने लकड़ी सहित वाहनों को जब्त कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

हिमाचल प्रदेश से पंजाब की लकड़ी मंडियों को तस्करी कर पहुंचाई जा रही वन संपदा के इस खेल को रोकने के लिए बेशक प्रदेश सरकार गंभीर हो, लेकिन वन तस्कर अपने कृत्यों को अंजाम देने से बाज नहीं आ रहे हैं। अहम बात यह है कि जिला कांगड़ा व हमीरपुर से रोजाना कई वाहन लकड़ी लेकर पंजाब जा रहे हैं, जिन्हें बार्डर एरिया में तो वन विभाग की टीमें पकड़ रही हैं, लेकिन रास्ते में न तो वन विभाग के अधिकारी इन पर हाथ डाल रहे हैं और न ही पुलिस विभाग इन पर कार्रवाई कर रहा है। विशेष रूप से नादौन व देहरा से आने वाले ऐसे वाहन बेखौफ होकर यहां पहुंच रहे हैं। शुक्रवार सुबह भी जब वन खंड अधिकारी अशोक कुमार अपनी टीम के साथ इलाके की गश्त पर थे, तो चार वाहन उन्हें पंजाब की ओर जाते दिखाई दिए। इन्हें रोककर जब पड़ताल की गई तो किसी भी वाहन के पास न तो कोई वैध परमिट था और न ही अन्य जरूरी दस्तावेज थे। इनमें से एक वाहन में बांस तो अन्य तीन वाहनों में अन्य प्रजातियों की लकड़ी थी।

वन मंडल अधिकारी सुशील राणा ने बताया कि जिला ऊना में लगातार वन विभाग की टीमें बिना जरूरी दस्तावेज लेकर पंजाब जा रही गाड़ियों को पकड़ रही हैं। उन्होंने बताया कि गगरेट में शुक्रवार को चार वाहन पकड़े गए हैं, जिन्हें लकड़ी सहित जब्त कर लिया गया है। वन विभाग इसकी भी पड़ताल कर रहा है कि लकड़ी कहां से काटी गई थी।

# चिंतपूर्णी के लोगों के लिए विधायक बबलू ने विस में बुलंद की आवाज

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

ब्लॉक कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष डॉ रविंद्र शर्मा ने चिंतपूर्णी में प्रेस वार्ता में बताया कि चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाने को लेकर विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने विधानसभा सत्र में चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के विकास से जुड़े कई मसलों को उठाया है। विधायक जनता के साथ अपना संपर्क बनाकर उनकी समस्याओं को हल करने में लगे हुए हैं।

पिछले दो वर्षों में विधायक द्वारा विकास के अनेक आयाम स्थापित किए हैं, जिसमें प्रमुखता से जलशक्ति विभाग, लोनिवि, बिजली बोर्ड और सबसे बड़ी देन चिंतपूर्णी महोत्सव को राज्य स्तरीय दर्जा देने का मामला विधानसभा में उठाया, जिसे सरकार ने पूरा करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने बताया कि चिंतपूर्णी महोत्सव को राज्य स्तरीय दर्जा देने की अधिसूचना जल्द हो जाएगी। उन्होंने बताया कि चिंतपूर्णी मंदिर के विस्तारीकरण वह सौंदर्यीकरण के लिए सरकार द्वारा ढाई सौ करोड़ रुपए खर्च करने का प्रावधान है और बहुत ही जल्द चिंतपूर्णी के विस्तारीकरण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा, जिससे चिंतपूर्णी आने वाले लाखों लोगों को सुविधा मिलेगी।

डॉ. शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा पेश किया गया बजट बहुत ही सराहनीय है, जिसमें प्रत्येक वर्ग को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर उनके साथ नरेश बारोटिया, प्रिंस अनिल ठाकुर आदि मौजूद रहे।

### चिंतपूर्णी अपर भाजपा मंडल की बैठक कल



**अनंत ज्ञान, अंब।** चिंतपूर्णी अपर भाजपा मंडल अध्यक्ष कृपाल ठाकुर ने बताया की कार्यकारिणी की पहली परिचय बैठक आगामी 23 मार्च को सुबह 10 बजे स्थानीय एक होटल, अंब में आयोजित की जाएगी। इस बैठक में मंडल के सभी नए पदाधिकारियों और सदस्यों का परिचय होगा, जिन्हें हाल ही में नए दायित्व सौंपे गए हैं। यह बैठक मंडल कार्यकारिणी के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित होगी।

## मास्टरनी जी! चेन तो सोने की पहना करो, हद कर दी आपने!

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना जनपद के रक्कड़ कॉलोनी में एक अनोखी चोरी की घटना सामने आई, जिसे बीजेपी नेता सतपाल सत्ती ने विधानसभा में साझा किया। मामला कुछ ऐसा है कि एक स्कूल टीचर रोज की तरह अपने काम पर जा रही थी।

इस दौरान दो चेन स्नैचर आए और झपट कर उसकी गले की चेन छीन ली। चोरी के बाद जब दोनों चोर उस चेन को बेचने सुनार के पास पहुंचे, तो असली झटका वहीं लगा। सुनार ने बताया कि यह चेन सोने की नहीं, बल्कि पीतल की है। ठगी का अहसास होते ही गुस्साए चोर अगले दिन फिर उसी कॉलोनी में पहुंचे, जहां से उन्होंने चेन छीनी थी। टीचर के आते ही उन्होंने उसकी तरफ चेन फेंक दी और गुस्से में एक थप्पड़ भी जड़ दिया। जाते-जाते उन्होंने तंज कसते हुए कहा, मास्टरनी जी! चेन तो सोने की पहना करो, हद कर दी आपने! कहां लेकर जाना इतना पैसा? इस दौरान सभी हंसी न रोक पाए। मामला अब चर्चा का विषय बना हुआ है, जहां लोग कह रहे हैं कि अब चोर भी ठगी के शिकार होने लगे हैं!

## हटली केसरू पंचायत को लेकर अधिसूचना जारी

**अनंत ज्ञान, ऊना**

प्रदेश सरकार के शहरी विकास विभाग ने नगर पंचायत बंगाणा के सीमांकन विस्तार को लेकर अधिसूचना जारी की है। यह अधिसूचना जनसाधारण की जानकारी के लिए हिमाचल प्रदेश राजपत्र (ई-गजट) में प्रकाशित कर दी गई है।

**आंशिक रूप से बंगाणा नगर पंचायत में शामिल करने के प्रस्ताव को लेकर मांगे आपत्ति-आक्षेप**

अधिसूचना के अनुसार, पटवार वृत्त बंगाणा के महाल रिट सतरूखा के तहत हटली केसरू पंचायत को आंशिक रूप से नगर पंचायत बंगाणा में सम्मिलित किए जाने का प्रस्ताव है। इसमें पंचायत के 626 खसरे शामिल करना प्रस्तावित है।

अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने इसको लेकरबताया कि इस प्रस्तावित विस्तार से प्रभावित होने वाले किसी भी व्यक्ति अथवा हितधारक को यदि कोई आपत्ति अथवा आक्षेप हों तो वे इसे अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से दो सप्ताह के भीतर उपायुक्त, ऊना के माध्यम से प्रधान सचिव (शहरी विकास), हिमाचल प्रदेश सरकार को लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकते हैं।

सरकार द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर प्राप्त सभी आपत्तियों पर विधिवत विचार किया जाएगा। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त किसी भी आक्षेप को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## डीसी जतिन लाल ने जिला स्तरीय समिति की बैठक में दी जानकारी-सोहारी में बनेगा ईको पर्यटन पार्क

# 14.53 करोड़ की परियोजना से ईको पर्यटन को लगेंगे पंख

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

ऊना जिले में ईको पर्यटन को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देने के लिए 14.53 करोड़ रुपए की महत्वाकांक्षी परियोजना पर काम जारी है। उपायुक्त जतिन लाल ने शुक्रवार को जिला स्तरीय समिति की बैठक के बाद जानकारी दी कि इस परियोजना के तहत बंगाणा उपमंडल में गोबिंदसागर झील से सटे अंदरोली और लठियाणी के सोहारी में ईको पर्यटन सुविधाओं का विकास और विस्तार किया जा रहा है। इससे न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।



सोहारी में ईको पर्यटन पार्क और अंदरोली में सुविधाओं को लेकर चर्चा करते डीसी।

जतिन लाल ने बताया कि अब दूसरे चरण में लठियाणी के सोहारी में ईको पर्यटन पार्क विकसित किया जाएगा, जिसमें कैफेटेरिया, स्केटिंग रिंक, ट्री कॉटेज और अल्पाइन हट, बच्चों के लिए खेल क्षेत्र, पक्षियों की अठखेलियां निहारने के लिए बर्ड वॉचिंग जोन, हेल्थ क्लब, बोटैनिकल कॉटेज, वाटर लिली और लोटस फिश पॉन्ड जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। ये कार्य चरणवार तरीके से किए जाएंगे। इसके पहले चरण के लिए 3.50 करोड़ की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की गई है। जल्द ही इसे अंतिम रूप देकर टेंडर प्रक्रिया आरंभ की जाएगी।

**ईको पर्यटन के साथ जैव विविधता संरक्षण पर बल :** उपायुक्त ने बताया कि यह परियोजना क्षेत्र में समग्र ईको पर्यटन, जैव विविधता संरक्षण और आजीविका सृजन को बढ़ावा देने को समर्पित है। साथ ही, इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संस्थागत क्षमता निर्माण, निगरानी और मूल्यांकन की भी व्यवस्था की जाएगी।

परियोजना के पहले चरण में अंदरोली में वाटर स्पोर्ट्स, साहसिक और ईको पर्यटन सुविधाओं का विकास किया गया है। अब वहां सड़क और गेट निर्माण के लिए 56 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है, जिसकी टेंडर प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। बैठक में जिला पंचायत अधिकारी श्रवण कुमार ने परियोजना की प्रगति पर विस्तृत जानकारी दी।

**ये रहे उपस्थित :** इस दौरान डीआरडीए परियोजना अधिकारी केएल वर्मा, तहसीलदार बंगाणा अमित शर्मा, जिला भाषा अधिकारी निक्कू राम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**स्थानीय युवाओं को मिलेगा रोजगार**

उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशानुसार इस परियोजना में स्थानीय युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इसके तहत स्थानीय पंचायतों में विशेष प्रशिक्षण एवं जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे, जहां युवाओं को बोटिंग और अन्य पर्यटन संबंधी आवश्यक कौशल सिखाए जाएंगे, ताकि वे इस क्षेत्र में रोजगार प्राप्त कर सकें।

**इन 12 पंचायतों को होगा सीधा लाभ**

इस परियोजना से कुटलैहड़ क्षेत्र की 12 पंचायतों को सीधे तौर पर लाभ होगा। इनमें रायपुर, पुरोईयां कलां, धुंधला, सिहन, पिपलू, जसाणा, दोबड़, सिहाणा, मंदली, तनोह, लठियाणी, बुढ़वार और थहड़ा पंचायतें सीधे तौर पर लाभान्वित होंगी। यहां के स्थानीय लोग पर्यटन आधारित गतिविधियों से रोजगार प्राप्त कर सकेंगे।

### सतवीर का नेशनल पैरा पॉवरलिफ्टिंग में हुआ चयन



**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल के सतवीर सिंह का नेशनल पैरा पॉवरलिफ्टिंग खेलो इंडिया में सिलेक्शन हुआ है।

**नाम परिवर्तन**

**मैं रवीना ठाकुर** पत्नी श्री कनिष ठाकुर गांव कोटाधार डाकघर पनारसा तहसील औट जिला मंडी हिमाचल प्रदेश घोषणा करती हूं कि ग्राम पंचायत के रिकार्ड में मेरा नाम Rubeena Thakur व आधार कार्ड में मेरा नाम Ruvina Thakur गलत दर्ज है, जिसे ठीक करके सही नाम Raveena Thakur ग्राम पंचायत के रिकार्ड में व आधार कार्ड में दर्ज किया जाए। संबंधित नोट करें।

राज्य स्तरीय नलवाड़ एवं सुकेत देवता मेला-2025 की हार्दिक शुभकामनाएं

वन विभाग हिमाचल प्रदेश
वन मण्डल सुकेत सुन्दर नगर
राज्यस्तरीय नलवाड़ मेला की हार्दिक शुभकामनाएं
जागरूक बनें! जंगल बचेंगे, तो जीवन बचेगा !



श्री राकेश कटोच
वन मण्डलाधिकारी सुकेत

हिमाचल प्रदेश वन (आग से बचाव) नियम 1999 के अनुसार
- बिना अनुमति के वनों की सीमा से 100 मीटर के अन्दर आग जलाना मना है।
- निजी भूमि पर आग जलाने में पूरी सावधानी बरतना, जिससे कि वनों में आग न लगे।
- कोई भी व्यक्ति या संस्था वन मण्डलाधिकारी द्वारा निर्धारित स्थान के अलावा किसी भी वन के अन्दर कैम्प नहीं लगा सकता।

वनों की आग से
» हवा में धुआं फैलने से बीमारियाँ उत्पन होती है।
» पेड़ पौधे, बहमूल्य जड़ी बूटियां और पौष्टिक घास नष्ट हो जाती हैं।
» मिट्टी जलन से उसकी उर्वरकता कम हो जाती है।
» जली हई मिट्टी बरसात में बहकर नदी व नालों के पानी को प्रदूषित करती है।
» पक्षियों के घोंसले जल जाते हैं, तथा उनके अंडे नष्ट हो जाते हैं। जिससे उनकी आगे की पीढ़ियों के लिए बड़ी चुनौती होती है।

जंगल को आग से बचाएं
वन हमारी बहुमूल्य राष्ट्रीय सम्पदा है
कृपया इसकी सुरक्षा में अपना सहयोग दें

राज्य स्तरीय नलवाड़ एवं सुकेत देवता मेला-2025 की हार्दिक शुभकामनाएं
नशा मुक्त अभियान सुन्दरनगर



श्री अमर नेगी एसडीएम एवं अध्यक्ष राज्यस्तरीय नलवाड़ एवं सुकेत देवता मेला-2025

राज्य स्तरीय नलवाड़ मेले का शुभारंभ
दिनांक 22 मार्च 2025 सुबह 11:00 बजे
श्री सोहन लाल ठाकुर जी
पूर्व सी0पी0एस0 हिमाचल प्रदेश सरकार
शोभायात्रा : विश्राम गृह लोक निर्माण विभाग से नागौण खड्ड-जवाहर पार्क सुन्दरनगर

राज्य स्तरीय नलवाड मेले का समापन
दिनांक 28 मार्च 2025 सायं 04:00 बजे
श्री राजेश धर्माणी जी
नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री (हि.प्र.)
शोभायात्रा : विश्राम गृह लोक निर्माण विभाग से नागौण खड्ड-जवाहर पार्क सुन्दरनगर

राज्य स्तरीय नलवाड़ किसान मेले के मुख्य आकर्षण
* कुश्ती (छिंज) प्रतियोगिता * पशु प्रदर्शनी, डॉग शो
* विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

संध्याकालीन कार्यक्रम
सांझा नाचने गाने रा प्रोगाम
दिनांक 22 मार्च 2025 सायं 06:00 बजे से
अखिल (प्रसिद्ध पंजाबी गायक), तन्मय चतुर्वेदी (फाइनलिस्ट सा रे गा मा पा) एवं सांस्कृतिक दलों द्वारा प्रस्तुति
दिनांक 23 मार्च 2025 सायं 06:00 बजे से
पवनदीप राजन (इंडियन आईडल 2021 विजेता), नेहा दिक्षित (इंडियन आईडल फेम) एवं सांस्कृतिक दलों द्वारा प्रस्तुति
मिसेज हिमाचल प्रतियोगिता
दिनांक 24 मार्च 2025 सायं 06:00 बजे से
अजय चौहान, अज्जु तोमर, काकुराम ठाकुर एवं सांस्कृतिक दलों द्वारा प्रस्तुति
दिनांक 25 मार्च 2025 सायं 06:00 बजे से
ए.सी. भारद्वाज, ममता भारद्वाज, मिसेज हिमाचल प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक दलों द्वारा प्रस्तुति
दिनांक 26 मार्च 2025 सायं 06:00 बजे से
बैनेट दोसांझ ( राइजिंग स्टार विजेता), अमर संधु (पंजाबी गायक), मिसेज हिमाचल प्रतियोगिता फाइनल एवं सांस्कृतिक दलों द्वारा प्रस्तुति
❖ पंजाबी, हिंदी व हिमाचल के प्रसिद्ध लोक कलाकारों की गायन प्रस्तुति
❖ विभिन्न नृत्य विधाओं की प्रस्तुति ❖ बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता

राज्य स्तरीय सुकेत देवता मेले के मुख्य आकर्षण
राज्य स्तरीय सुकेत देवता मेले का शुभारंभ
दिनांक 02 अप्रैल 2025 सुबह 11:00 बजे
शोभायात्रा / देवता आगमन : शुकदेव वाटिका से जवाहर पार्क सुन्दरनगर
दिनांक 03 अप्रैल 2025 - देवनाद
दिनांक 04 अप्रैल 2025 - बजन्तरी प्रतियोगिता (नाटी) (साज-सज्जा)
दिनांक 05 अप्रैल 2025 - बजन्तरी प्रतियोगिता (बेल) (साज-सज्जा)
दिनांक 06 अप्रैल 2025 सायं 04:00 बजे
राजे री जातर (10:00 बजे) / शोभायात्रा (12:00 बजे)
महामाया मन्दिर से जवाहर पार्क सुन्दरनगर
राज्य स्तरीय सुकेत देवता मेले का समापन

राज्य स्तरीय नलवाड़ एवं सुकेत देवता मेला-2025 की हार्दिक शुभकामनाएं
PARADISE PUBLIC SCHOOL
Nursery to 12th Class (Med. & Non-Med.)



ADMISSION OPEN 2025-26
NEAR BSNL EXCHANGE, SUNDER NAGAR
Cont. No.:- 01907-292060, 94186-53571, 94182-43131

राज्य स्तरीय नलवाड़ एवं सुकेत देवता मेला-2025 की हार्दिक शुभकामनाएं
Rural Development and Panchayati Raj Department H.P.




Block Sunder Nagar — Rs. (In Lac.)

| Sr. No. | | Scheme MNREGA F.Y.2024-25 | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Person days Generation | Target | Achievement | % |
| | | 4.74 | 8.4 | 177% |
| 2. | Expenditure | 2601.47 | | |
| 3. | Labour Material Ration | Labour | Material | |
| | | 91.04% | 8.96% | |
| 4. | SBM | Total Revenue Village 103. All villages are declared as ODF plus Modal | | |
| 5. | Housing | F.Y.2023-24 PMAYG (Natural Calamity) | Total Sanction | =146 |
| | | | Completed | = 141 |
| | | F.Y.2024-25 PMAY(G) | Total Sanction | =402 |
| | | | Completed | =125 |

Block Development Officer, Block Development Block Sunder Nagar.

## फर्जी दस्तावेजों से आंगनबाड़ी में नौकरी
# सास-ससुर, बहू सहित पंचायत सचिव को तीन साल की सजा

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

फर्जी दस्तावेज तैयार कर आंगनबाड़ी नौकरी हासिल करने के मामले में कुल्लू जिला की विशेष अदालत ने चार आरोपियों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। यह मामला वर्ष 2014 में दर्ज हुआ था, जब शिकायतकर्ता विमला देवी ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने सरकारी दस्तावेजों में हेरफेर कर नियमों का उल्लंघन करते हुए आंगनबाड़ी की नौकरी हासिल की।



शिकायत के अनुसार, मुर्त देवी, उनके पति नीरत सिंह और उनकी बहू निर्मला देवी ने परिवार की वार्षिक आय को जानबूझकर कम दिखाने के लिए झूठे शपथ पत्र तैयार किए। इसके अलावा, नौकरी पाने की नीयत से मुर्त देवी ने तलाक के झूठे दस्तावेज बनवाए और पंचायत सचिव देवेंद्र कुमार से मिलीभगत कर परिवार रजिस्टर में हेरफेर करवाया। इन हेरफेरों के माध्यम से मुर्त देवी का नाम पुराने परिवार रजिस्टर से हटाकर एक नई पंचायत, चकुरठा, के परिवार रजिस्टर में दर्ज करवाया गया। मामले में शिकायत के आधार पर 1 जुलाई, 2014 को थाना राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो, कुल्लू में मामला दर्ज किया गया। जांच की जिम्मेदारी तत्कालीन निरीक्षक दौरजे राम को सौंपी गई, जिन्होंने तकनीकी और दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर इस घोटाले को उजागर किया। जांच पूरी होने पर 2016 में चारों आरोपियों के खिलाफ चालान पेश किया गया। अदालत ने 25 गवाहों और सभी सबूतों के आधार पर आरोपियों को दोषी पाया। अदालत ने तीनों के खिलाफ तीन-तीन साल की सजा और 10,000 का जुर्माना लगाया। वहीं, पंचायत सचिव देवेंद्र कुमार को तीन साल की सजा और 20,000 जुर्माना लगाया गया।

# 15 घंटे बाद पिन पार्वती नदी में डूबे दोनों युवकों के शव बरामद
## पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपे शव, मामले की जांच में जुटी पुलिस

**अनंत ज्ञान, सैंज**



अनंत ज्ञान फॉलोअप

कुल्लू जिले के लारजी स्थित पिन पार्वती नदी में डूबे दोनों छात्रों के शव शुक्रवार सुबह बरामद कर लिए गए हैं। गत दिन आईटीआई के दो प्रशिक्षु पिन पार्वती नदी में नहाने उतरे थे और नदी में डूब गए थे।

गत वीरवार को स्थानीय लोगों के साथ-साथ पुलिस टीम द्वारा रात 10 बजे तक लापता छात्रों की तलाश के लिए सर्च अभियान चलाए रखा, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया। उधर, पुलिस द्वारा घटना के बाद ही छात्रों की तलाश के लिए गोताखोर बुलाए गए थे। शुक्रवार सुबह ही गोताखोर की टीम नदी में गई और दोनों छात्रों के शव बरामद किए। उधर, पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया को पूरा करने के बाद दोनों मृतक छात्रों के शव परिजनों को सौंप दिए हैं। वहीं पुलिस ने भी मामला दर्ज कर आगामी जांच भी शुरू कर दी है। सैंज पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीते दिन थलौट आईटीआई में शिक्षा ग्रहण कर रहे दो युवक पिन पार्वती नदी में नहाने उतरे, लेकिन पानी गहरा होने के चलते दोनों उसमें डूब गए। बीते दिन से ही पुलिस और स्थानीय लोगों के द्वारा दोनों युवकों की तलाश की जा रही थी। ऐसे में पुलिस के द्वारा गोताखोर भी बुलाए गए। शुक्रवार सुबह गोताखोरों ने पानी में से दोनों युवकों के शव बरामद कर लिए हैं। मृतक युवकों की पहचान धर्मेंद्र पुत्र गीतानंद निवासी गांव मुराह डाक घर गुराण तह. बालीचौकी, आयु 18 वर्ष व घनश्याम सिंह पुत्र दयाराम गांव काहरा डा. खलवान तहसील बालीचौकी जिला मंडी आयु 18 वर्ष के रूप में हुई है। डीएसपी, बंजार शेर सिंह ने बताया कि दोनों युवकों के शव को बरामद कर लिया गया है। वहीं, उन्होंने अन्य लोगों से आग्रह किया कि वह नदी-नालों के किनारे न जाएं क्योंकि कुछ जगह पर पानी गहरा होने के चलते कोई भी दुर्घटना हो सकती है। लिहाजा, पिन पार्वती नदी में डूबे दोनों छात्रों के शव करीब 15 घंटों के बाद बरामद कर लिए गए हैं।

# खोखन नाले में 70 अवैध कब्जे चिन्हित, 7 दिन में हटाने के निर्देश

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

भुंतर स्थित खोखन नाले में राजस्व विभाग ने 70 अवैध कब्जे चिन्हित किए हैं। कई वर्षों से बारिश व बरसात में यह नाला तबाही मचाता है इस बार भी फरवरी माह में नाले में बाढ़ आने से नुकसान हुआ है। इसके बाद जिला प्रशासन ने यहां पर आसपास किए अवैध कब्जों को हटाने का अभियान चलाया है।

नाले के आसपास और भी अवैध कब्जों को भी चिन्हित किए जाने की प्रक्रिया जारी है। आने वाली बरसात को मद्देनजर रखते हुए जिला प्रशासन व राजस्व विभाग खोखन नाले को पुराने आकार में लाना चाहता है, ताकि आने वाली बरसात में खोखन नाला बाजार व बस्ती में तबाही न मचाए। खोखन नाला कई सालों से अवैध कब्जाधारियों की मार को झेलते हुए पूरी तरह से सिकुड़ गया है, जिससे बरसात में नाले में आने वाला पानी भुंतर बाजार व बस्तियों में जमकर तबाही मचाता है। इस बार एसडीएम कुल्लू विकास शुक्ला ने कड़े कदम उठाते हुए राजस्व विभाग को नाले के ऊपर व आसपास हुए अवैध कब्जों को चिन्हित करने के निर्देश दिए हैं। उसी के तहत तहसीलदार भुंतर द्वारा करवाई गई डिमार्केशन के दौरान खोखन नाले व आसपास में अभी तक 70 अवैध कब्जे चिन्हित किए गए हैं, जिसकी रिपोर्ट तहसीलदार भुंतर नीतिश ठाकुर ने एसडीएम कुल्लू को पिछले दिनों सौंप दी थी, जिस पर कार्रवाई करते हुए एसडीएम कुल्लू विकास शुक्ला ने सरकार द्वारा प्रदत न्यायिक शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए नगर पंचायत भुंतर तथा अवैध कब्जाधारियों को निर्देश दिए कि वह 7 दिन के अंदर सरकारी भूमि से अवैध कब्जों को हटाए अन्यथा उसके बाद प्रशासन द्वारा कब्जे हटाने के लिए कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिसका खर्चा भी अवैध कब्जाधारियों से वसूला जाएगा। एसडीएम विकास शुक्ला ने बताया कि खोखन नाला अवैध कब्जाधारियों की वजह से पूरी तरह से सिकुड़ गया है, जबकि उसका आकार 22 से लेकर 65 फुट तक था, लेकिन नाले के ऊपर व आसपास हुए अवैध कब्जों से नाला महज 2 से 4 फुट तक ही रह गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### लाहौली व्यंजनों से महकेगा तांदी संगम घाट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति में स्नो फेस्टिवल के द्वितीय चरण के तहत तांदी संगम घाट पर पेट्रोल पंप के पास शनिवार को धूमधाम से फेस्टिवल का आयोजन होगा। जिला प्रशासन की ओर से इसको लेकर पूरी तैयारी कर ली है। हिमपात के बाद मौसम खुलते ही सैलानियों ने भी लाहौल-स्पीति की मनोरम वादियों का दीदार करने के लिए रुख कर दिया है। ऐसे में स्नो फेस्टिवल के माध्यम से लाहौल-स्पीति की पुरातन लोक संस्कृति व अनूठी जीवंत परंपराओं की धरोहर को आज के बदलते परिवेश में उजागर करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहे हैं, ताकि इस क्षेत्र में पर्यटकों की आमद बढ़ सके और लोगों को सर्दियों के मौसम में भी स्वरोजगार के साधन उपलब्ध हो सकें। तांदी संगम घाट के पास स्नो फेस्टिवल के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं, जिसमें मुख्य आकर्षण पुरातन लोक नृत्यों के साथ-साथ लजीज व्यंजनों के जायकों को भी उजागर किया जाएगा।

### 40 ने रक्तदान कर दिया जीवनदान का संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** नेशनल इंटीग्रेटेड फॉर्म ऑफ आर्टिस्ट एंड एक्टिविस्ट के बैनर तले संवेदना-2 के अंतर्गत क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। सामाजिक संस्थाओं री इमेजिन जिंदगी, रोटरी क्लब एवं युवाओं द्वारा आयोजित इस शिवित का शुभारंभ शशि पाल नेगी द्वारा किया गया। संस्था के अध्यक्ष क्रिस ठाकुर ने मुख्यातिथि व विशेषातिथि ओम प्रकाश आड़ एवं रोटरी क्लब कुल्लू के अध्यक्ष अंशुल पराशर को खतग पहनाकर स्वागत किया। रक्तदान शिविर में 40 युवा एवं युवतियों ने रक्तदान कर जीवनदान का संदेश दिया। शिविर में जुड़वां भाई राम व शाम ने अपने जीवन का पहला रक्तदान किया। वहीं जिला कांगड़ा से आए युवा दक्ष ने भी रक्तदान किया।

### किसानों को बताए मधुमक्खी पालन के तरीके



**अनंत ज्ञान, बंजार।** उपमंडल बंजार की कंडीधार के नागणी में सहारा एनजीओ ने अपने जन हित के कार्य, पिछड़े गांव अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्र में लोगों को जीव को उपार्जन के नए तरीकों के अंतर्गत जड़ी-बूटियों की खेती के संदर्भ में एक कार्यशाला का आयोजन किया। जीबी पंत मौहल डाबर इंडिया कंपनी की ओर से आयोजित इस कार्यशाला में विभिन्न पंचायतों से आए हुए 34 किसानों ने भाग लिया। जीबी पंत की ओर से मधुमक्खी पालन के विशेषज्ञ डॉ. किशोर और डावर इंडिया से डॉ. यशवीर नेगी ने किसानों को कूठ प्रजाति की खेती में कौन-कौन सी सावधानियां रखनी चाहिए। डॉ. किशोर का कहना था कि सभी तरह की उपज के लिए मधुमक्खी पालन आवश्यक है। डॉ. नेगी ने लाहौल-स्पीति में की जा रही पुष्कर मूल और कूठ की खेती पर किस प्रकार से कार्य हो रहा है इस पर जानकारी दी।

# बिना अनुमति व रात के अंधेरे में ब्यास नदी में उतारी जा रही राफ्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू में सैलानियों की संख्या बढ़ गई है और यहां पर साहसिक गतिविधियों में भी सैलानी भाग ले रहे हैं। वहीं, ब्यास नदी में कुछ चिन्हित स्थानों पर रिवर राफ्टिंग करवाई जा रही है, लेकिन कुछ ऐसे भी स्थान हैं, जो प्रशासन के द्वारा चिन्हित नहीं किए हैं।

बावजूद इसके कुछ रिवर रॉफ्टर ऑपरेटर वहां से गतिविधियां संचालित कर रहे हैं, जिससे सैलानियों की जान को भी खतरा बना हुआ है। कुल्लू में राफ्टिंग का कारोबार कर रहे ऑपरेटर सुरेश कुमार ने इस बारे जिला प्रशासन से आग्रह किया कि वह मनमर्जी से काम कर रहे राफ्टिंग संचालकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करें। सुरेश कुमार ने बताया कि शमशी से लेकर झिड़ी तक राफ्टिंग गतिविधियों को करवाने के लिए पर्यटन विभाग के द्वारा कुछ स्थान चिन्हित किए गए हैं, लेकिन कुछ राफ्टिंग संचालक विभाग के दिशा-निर्देशों को ठेंगा दिखा रहे हैं और रात के अंधेरे में बजौरा व गुर्जर बस्ती में गैर कानूनी तरीके से राफ्टिंग गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। इसके अलावा कई राफ्टिंग संचालकों ने ऐसे गाइड को नियुक्त किया है, जिनके पास न तो कोई लाइसेंस है और न ही राफ्ट का पंजीकरण किया गया है। ऐसे में रॉफ्टिंग कारोबार पर भी इसका बुरा असर हो रहा है और आने वाले दिनों में सैलानियों के साथ भी कोई हादसा पेश आ सकता है। सुरेश कुमार ने जिला प्रशासन से मांग रखी कि वे इन जगहों पर इस तरह की गतिविधियों को रोकें और कोई बिना अनुमति राफ्ट चलता हुआ पाया गया, तो उस पर कानूनी कार्रवाई करें। इसके अलावा कुछ राफ्टिंग संचालक अपनी निजी गाड़ियों में भी राफ्टिंग और सैलानियों को ढो रहे हैं।

# एड्स के लक्षणों और बचाव के तरीकों बारे बताया

**अनंत ज्ञान, आनी।** राजकीय महाविद्यालय आनी स्थित हरिपुर में एड्स जागरूकता अभियान के तहत एक रैली का आयोजन किया गया। रेड रिबन क्लब की ओर से आयोजित इस रैली का मुख्य उद्देश्य लोगों को एड्स के लक्षणों और बचाव के तरीकों से अवगत करवाना था। रैली का नेतृत्व रेड रिबन क्लब के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विजय कुमार और सह कार्यक्रम अधिकारी प्रो. पुष्पा गुलेरिया ने किया। प्रो. विजय कुमार ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि एचआईवी/एड्स एक स्वास्थ्य समस्या है। समय पर जांच, रोकथाम और सही जानकारी से इस बीमारी से बचा जा सकता है। कॉलेज के कार्यकारी प्राचार्य प्रो. नरेंद्र पॉल ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# आरोप निराधार, संवैधानिक तरीके से हुए सिविल पेंशनर्स के चुनाव : सेसराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**




सिविल पेंशनर्स एंड सोशल वेलफेयर एसोसिएशन जिला कुल्लू के अध्यक्ष सेसराम ठाकुर ने कहा कि कुछ स्वयंभू नेता एसोसिएशन के चुनाव को अवैध घोषित करार दे रहे हैं, जोकि गलत है।

कुल्लू में आयोजित पत्रकार वार्ता में सेसराम ठाकुर ने कहा कि एसोसिएशन पर जो आरोप लगाए जा रहे हैं वह निराधार हैं और एसोसिएशन के चुनाव नियमानुसार हुए हैं। पेंशनभोगी संघ के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन व अन्य पदाधिकारियों ने गत दिनों सिविल पेंशनर्स एंड सोशल वेलफेयर एसोसिएशन के चुनाव को अवैध करार देते हुए एक बयान में आरोप लगाया था कि एक व्यक्ति खुद ही चुनाव में बैठक की अध्यक्षता करता है और खुद ही अध्यक्ष बन जाता है। उनके अनुसार सिविल पेंशनर्स के चुनाव में किसी अधिकृत व्यक्ति को पीठासीन व पर्यवेक्षक अधिकारी नियुक्त नहीं किया था इसलिए एसोसिएशन के अध्यक्ष व पूरी कार्यकारिणी असंवैधानिक व अवैध है। वहीं, सेसराम ने कहा कि एसोसिएशन के चुनाव लोकतांत्रिक प्रकिया और नियमानुसार हुए हैं। सबसे पहले तो यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि उक्त संघ को हम नहीं जानते हैं और संघ कब अस्तित्व में आया है और इसके चुनाव कब हुए हैं और कब पंजीकृत हुआ है। एलआर गुलशन सिविल पेंशनर्स के सदस्य नहीं है इसलिए उन्हें चुनाव को अवैध घोषित करना या चुनौती देने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि पहले एलआर गुलशन भी हमारी एसोसिएशन की भुंतर खंड की इकाई में शामिल हुए थे और उसी दिन एसोसिएशन से उन्हें पद देने का आग्रह किया था, लेकिन जब उन्हें फिलहाल पद नहीं देने और उसके लिए चुनाव लड़ने के बाद जीत जाने पर पद के अधिकारी बनने की बात कही तो उन्होंने दूसरे ही दिन सिविल पेंशनर्स की सदस्यता त्याग दी। सेसराम ठाकुर ने कहा कि अब अपना नया संघ बनाया होगा, जिसकी हमें जानकारी नहीं है।

# सड़क की हालत खराब, मलबे के लगे ढेर
## सेऊबाग, बबेली में सड़क की हालत खराब, वाहनों के फिसलन का बना खतरा

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**



कुल्लू-मनाली नेशनल हाईवे पर टोल प्लाजा के आसपास, सेऊबाग, बबेली में सड़क की हालत खराब है और मलबे के ढेर लगे हुए हैं।

यहां पर बीते दिनों भारी बारिश होने के कारण सारा मलबा हाईवे की सड़क पर आने से काफी नुकसान हुआ था, जिस कारण लगभग 27 घंटे रोड जाम रहा था। हालांकि, नेशनल हाईवे ने गाड़ियों के लिए तो रोड बहाल कर दिया था, लेकिन सड़क किनारे मलबा उठाना भूल गए। इन जगहों पर अभी भी ऊपर पहाड़ी से बीच-बीच में छोटे-छोटे पत्थरों का आना बदस्तूर जारी है। पानी की निकासी न होने के कारण सारा पानी नेशनल हाईवे पर आ रहा है, जिससे वाहनों के फिसलन का खतरा बना हुआ है। टोल प्लाजा के पास मोड़ होने के साथ-साथ खास कर दो पहिया वाहनों का स्किड होने का खतरा है। लोगों का कहना है कि इतना लंबा अरसा बीत जाने के बाद भी कुल्लू-मनाली रोड को ठीक नहीं किया जा रहा है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी टोल प्लाजा को शुरू करने का दावा तो करती है, मगर सड़क के रखरखाव की ओर बिलकुल ध्यान नहीं देती। कुल्लू-मनाली के बीच अभी कई ब्लैक स्पॉट और सड़कों का कार्य करना बाकी है। रायसन, पतलीकूहल के पास अभी भी सड़क एक तरफा ही है, जब इस बारे नेशनल हाईवे के सहायक अभियंता शुभम चौहान से बात की गई तो बताया कि ठेकेदार को जल्द से जल्द सड़क से मलबा उठाने को कहा गया है, ताकि किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न हो। (अनंत ज्ञान)

# टीसीपी की मनमानी व एनओसी को लेकर पंचायतों ने जताया विरोध

**अनंत ज्ञान, बंजार**

बंजार के विभिन्न पंचायत प्रतिनिधियों ने टीसीपी विभाग की एनओसी अधिसूचना का पूर्ण रूप से खंडन किया है।

पंचायत खड़ागाड़ की प्रधान पूनम वर्मा, सजवाड़ पंचायत के उपप्रधान विजय ठाकुर, सरची पंचायत की प्रधान रामेश्वरी व कलवारी पंचायत की प्रधान प्रेमलता ने संयुक्त रूप से कहा कि पंचायतें भी निर्माण कार्य को लेकर व्यवस्था बांधने के पक्ष में हैं, लेकिन इसका स्वरुप ऐसा होना चाहिए, जिसमें आम जन को भारी परेशानी न हो और पंचायतों द्वारा क्रियान्वयन हो। पिछले वर्ष 2 मार्च, 2024 में बंजार क्षेत्र की 20 फाटियों को टीसीपी ने अपने प्लानिंग क्षेत्र में शामिल कर दिया था, जिसकी सीमा भी अभी स्पष्ट नहीं है। इसका सभी पंचायत प्रतिनिधियों ने एसडीएम कार्यालय में 24 अगस्त, 2024 को ज्ञापन सौंप स्पष्टता न होने के कारण पूर्ण विरोध जताया था। साथ ही 27 अगस्त, 2024 को जिभी में क्षेत्र के विभिन्न सज्जन व्यक्तियों, प्रतिनिधियों और एसडीएम के समक्ष टीसीपी विभाग द्वारा बैठक संयोजित की गई थी। सभी के अनुसार बंजार खंड की 12 पंचायतों द्वारा निर्मित 2021 का विजन डॉक्यूमेंट और 4 पंचायतों द्वारा पारित और लागू किया गया आदर्श योजना (मॉडल प्लान) से भी अवगत करवाना चाहते हैं। शेष पंचायतों की जरुरत को देखते हुए मॉडल प्लान लागू करने की प्रक्रिया में है। यह प्लान पंचायतीराज अधिनियम-1994 की धारा 14 और 13(एच) के तहत भवन निर्माण विनियमन के लिए विकसित किया है।

# प्राकृतिक परिवेश को बचाते हुए पर्यटन का विकास करना आवश्यक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** डीसी तोरुल रवीश ने महिला सुरक्षा, नशीले पदार्थों के दुष्प्रभाव, आतिथ्य सत्कार क्षेत्र, सतत पर्यटन एवं अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर पर्यटन नागरिक उड्डयन विभाग द्वारा कसोल में आयोजित एकदिवसीय कार्यशाला में मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। डीसी ने कहा कि कुल्लू- मनाली, कसोल क्षेत्र में प्राकृतिक परिवेश को बचाते हुए पर्यटन का विकास करना आवश्यक है, ताकि भविष्य के लिए भी हम पर्यटन स्थलों को बचाकर रखें। महिलाओं के लिए इस व्यवसाय में एक सुरक्षित वातावरण बनाना होगा, ताकि पर्यटक महिलाओं सहित इस क्षेत्र में उद्यमिता के रूप में भी महिलाओं की भागीदारी बढ़ सके।

अनंत ज्ञान

# नारी शक्ति विशेष

## महिलाओं के अंदर आत्मविश्वास का होना बेहद जरूरी



सिमरन भारद्वाज, मनाली।


मैं मानती हूं कि आज की महिलाओं के अंदर आत्मविश्वास का होना बहुत ही ज्यादा जरूरी है क्योंकि जो खुद पर विश्वास करती है ओर जो अपने लिए गए निर्णयों को पूरी विश्वास के साथ निभाती है वह कभी नाकामयाब नहीं हो सकती। वहीं, अगर महिलाओं की सुरक्षा की अगर बात करे, तो महिलाएं आज सुरक्षित नहीं हैं। सरकार को इस दिशा में उचित कदम उठाने चाहिए। मुझे लगता है कि समाज में पुरुष और नारी दोनों ही बराबर हैं और दोनों मिलकर सुंदर और स्वस्थ समाज की रचना कर सकते हैं। पुरुष और महिलाएं दोनों ही एक-दूसरे के पूरक हैं और समाज में दोनों की एहमियत बराबर हैं किसी को श्रेष्ठ और कमतर समझना नादानी होगी। आज का समय बेटियों को पढ़ाने का और आगे बढ़ने का है। साथ ही बेटियों को सुरक्षित माहौल और सुरक्षित वातावरण देने का है, ताकि सभी बेटियों को समान रूप से आग बढ़ने का मौका मिले।

# बेटियों के लिए शिक्षा व सुरक्षित माहौल दोनों ही जरूरी

**आज की नारी समंदर से अंतरिक्ष तक हर जगह पर अपनी पहचान बना चुकी**

कमलेश वर्मा, कुल्लू। आज की नारी समंदर से लेकर अंतरिक्ष तक हर जगह पर अपनी पहचान बना चुकी है। हमारे सामने सबसे बड़ा उदाहरण सुनीता विलियम्स का है, जोकि अन्य महिलाओं के लिए एक प्रेरणास्रोत हैं। वहीं, उनकी ही तरह अन्य महिलाएं खिलाड़ी, अभिनेत्री, आईएस, चिकित्सक, वैज्ञानिक, शिक्षक, पुलिस, आर्मी और साहित्यकार, पत्रकार सहित अन्य हर क्षेत्रों में सेवाएं दे रही हैं और सफलता के झंडे गाड़ रही हैं। आज महिलाओं को अपनी क्षमता और काबिलियत को पहचानने के साथ-साथ खुद को हर मुश्किल परिस्थिति में मजबूत बनाने की भी जरूरत है, ताकि महिलाएं हर क्षेत्र में कामयाबी का डंका बजा सके। वहीं, इसके अलावा एक गृहिणी होना भी बहुत बड़ी जिम्मेवारी है, लेकिन अगर महिलाओं की सुरक्षा की बात जाए तो आज भी महिलाएं असुरक्षित हैं। पहले जहां बड़े-बड़े शहरों में महिला और बेटियां असुरक्षित थीं, लेकिन अब हर जगह हालात ऐसे बने हुए हैं। महिलाओं की सुरक्षा को लेकर किस तरह के कदम उठाए जाने चाहिए और उनके लिए शिक्षा कितनी महत्वपूर्ण है। वहीं, नारीवाद का जो नारा आज के समय में दिया जा रहा है वह सही है या नहीं। इन सभी विषय को लेकर महिलाओं व युवतियों से चर्चा की।

## बेटियों की सबसे बड़ी ताकत उनकी योग्यता और आत्मविश्वास



सुदर्शना ठाकुर, मनाली।

महिलाओं और बेटियों के लिए सुरक्षित माहौल और शिक्षा दोनों ही है जरूरी है। उनकी सबसे बड़ी ताकत उसकी अपनी योग्यता और आत्मविश्वास है इसके साथ ही अगर परिवार की तरफ से भी सहयोग मिले, तो महिलाओं की आत्मविश्वास में और इजाफा होता है। महिला और पुरुष अगर दोनों ही एक-दूसरे का सम्मान करें और एक-दूसरे को सहयोग करें, तो नारीवाद के नारे की हमारे समाज में कोई जरूरत नहीं रहेगी। महिलाएं आज शिक्षित हैं और खुद निर्णय लेने की हकदार हैं। बस जरूरत है महिलाओं व बेटियों को सुरक्षित माहौल देने की। साथ ही बेटियों को पढ़ाना भी उतनी ही बड़ी जिम्मेदारी है। आज की नारी हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा के दम पर देश, प्रदेश का नाम रोशन कर रही है, बस जरूरी है उसे एक अच्छा माहौल व सुरक्षा और शिक्षा देने की।


## शिक्षा हमारी जिंदगी का एक अभिन्न अंग



पंडित खुशबू भारद्वाज, कुल्लू।

वर्तमान समय मे महिला सिर्फ चूल्हे-चौके तक सीमित नहीं रही हैं। बड़े-बड़े पदों पर भी सेवाएं दे रही हैं इसलिए सबसे जरूरी है महिलाओं की शिक्षा, अगर महिला शिक्षित होगी, तो उसके अंदर आत्मविश्वास होगा और सबसे बड़ी शक्ति उसका आत्मविश्वास है। आत्मविश्वास एक पहिया जैसा है, जो उसे जीवन में आगे ले जाती है। आज के दौर में जहां सब जगह भागदौड़ है, ऐसे में एक आत्मविश्वासी ही कदम से कदम मिला कर चल सकेगी। चाहे जितनी भी योग्यता हो अगर आत्मविश्वास न हो, तो आप उसका सही इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे। महिलाएं आज हर क्षेत्र में आगे हैं और समाज में पुरुषों के कदम से कदम मिला कर चल रही हैं। शिक्षा हमारे जिंदगी का एक अभिन्न अंग है। आज के समय में शिक्षा के बिना जिंदगी का कोई मोल नहीं है। शिक्षा हमें हर विपरीत परिस्थितियों में ढलना सिखाती है।

## सुरक्षित माहौल में ज्यादा से ज्यादा बेटियां शिक्षित होंगी



वैशाली विष्ट, भुंतर।

महिलाएं हर परिस्थिति में अपनी सूझबूझ और काबिलियत से स्वयं को उस परिस्थिति में ढाल सकती हैं क्योंकि नारी का दूसरा नाम ही शक्ति है। महिलाएं जब तक स्वयं जागरूक व अपने पैरों पर खड़ी नहीं होंगी, तब तक वह किसी दूसरे का सहयोग नहीं कर सकती हैं। शिक्षा महिलाओं के लिए बहुत जरूरी है। बदलते समय के साथ-साथ यह कहा जा सकता है कि बेटियों के लिए शिक्षा और सुरक्षित माहौल दोनों ही बहुत जरूरी है। बेटियां तभी आगे बढ़ पाएंगी, जब माहौल सुरक्षित होगा और जब माहौल सुरक्षित होगा तो बेटियां ज्यादा से ज्यादा संख्या में शिक्षित होंगी। शिक्षित और काबिल बेटियां ही आगे चल कर एक सुंदर समाज की रचना करने में एक अहम भूमिका निभा सकती हैं। इसके साथ ही बेटियों को भी अपनी रक्षा के लिए स्वयं को तैयार रखना होगा, ताकि हर परिस्थिति से महिला आराम से जूझ सके और खुद को साबित कर सके।




# प्राकृतिक जलस्रोतों के संरक्षण व संवर्द्धन के लिए करें कार्य : धामी

## सिंचाई, लघु सिंचाई और ग्रामीण निर्माण विभाग की बैठक में सीएम ने दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, देहरादून**

**मुख्यमंत्री** पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सचिवालय में सिंचाई, लघु सिंचाई और ग्रामीण निर्माण विभाग की गेम चेंजर योजनाओं की समीक्षा बैठक के दौरान प्राकृतिक जलस्त्रोतों के संरक्षण और संवर्द्धन के लिए वृहद स्तर पर कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जीवन और समृद्धि का आधार जल है, इसलिए जल संचय और जलधाराओं, गाड़-गदेरों के पुनर्जीवीकरण की दिशा में निरंतर प्रयास किए जाएं।

मुख्यमंत्री ने सिंचाई, लघु सिंचाई विभाग और नगर निगमों को शहरी क्षेत्र में वर्षा जल संचय के लिए मिलकर कार्य करने की बात कही। उन्होंने ग्राउंड वाटर रिचार्ज पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता जताई। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि कार्यों के लिए पुरानी पंरपराओं को छोड़कर नवाचार पर विशेष ध्यान दिया जाए। सिंचाई और लघु सिंचाई विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने जमरानी और सौंग बांध परियोजनाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ड्रेनेज की समस्याओं के समाधान के लिए तेजी से कार्य किए जाएं और चौक डेम के निर्माण की दिशा में भी कार्य किए जाएं।

बैठक में यह जानकारी दी गई कि जमरानी बांध बहुद्देशीय परियोजना को मार्च 2029 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस परियोजना में 3638 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत है, जिसमें से 678 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं। सौंग बांध परियोजना पर भी कार्य गतिमान है, जिसका लक्ष्य मार्च 2030 तक पूरा करना है।

बैठक में यह भी बताया गया कि मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना के तहत 61 सड़कों पर कार्य चल रहा है। बैठक में उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद विश्वास डाबर, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव विनय शंकर पांडेय, सीपीपीजीजी के एसीईओ मनोज पंत, उप सचिव अजीत सिंह, प्रदीप मोहन नौटियाल व संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



### सिंचाई नहरों के अधिकतम लाभ मिले

**मुख्यमंत्री** ने यह सुनिश्चित करने को कहा कि सिंचाई की नहरों का अधिकतम फायदा लोगों को मिले। साथ ही राज्य के विभिन्न शहरों के ड्रेनेज प्लान के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने सिंचाई विभाग और खनन विभाग को नदियों और जलाशयों में जमा सिल्ट/गाद की निकासी के लिए बैठक आयोजित कर उचित समाधान निकालने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने यह सुनिश्चित करने को कहा कि सिंचाई की नहरों का अधिकतम फायदा लोगों को मिले। साथ ही राज्य के विभिन्न शहरों के ड्रेनेज प्लान के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने सिंचाई विभाग और खनन विभाग को नदियों और जलाशयों में जमा सिल्ट/गाद की निकासी के लिए बैठक आयोजित कर उचित समाधान निकालने के निर्देश दिए।

# एक ही कंपनी को शहर के सभी लिकर वेंड देने का किया विरोध



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

**वर्ष** 2025-26 की लिकर पॉलिसी के विरोध में चंडीगढ़ शहर के सभी शराब कारोबारी एकजुट हो गए हैं। कारण है आज हुई नीलामी में शराब के ठेके सिर्फ एक ही कंपनी को दिए जाना। शराब कारोबारियों ने अपनी शिकायत चंडीगढ़ एक्साइज विभाग को इस बाबत दे दी है। उनकी मांग है कि इस की गहराई से जांच करवाई जाए। अन्यथा वो माननीय अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे।

चंडीगढ़ पत्रकारों से बातचीत करते हुए चंडीगड़ वाइन कॉन्ट्रैक्ट एसोसिएशन के सदस्यों ने बताया कि आज हुई ऑक्शन में टेंडर प्रक्रिया को तरीके से फ़ॉलो नही किया गया। चंडीगढ़ की एक्साइज पालिसी के अनुसार ऑक्शन में एक ही कंपनी को 10 ठेके लेने का प्रावधान है। लेकिन इस बार ऐसा नही हुआ। ऑक्शन में अलग अलग कांट्रेक्टर को ठेके न देकर मध्यप्रदेश की एक ही कंपनी को दे दिए। उन्होंने तुरंत अपनी शिकायत एक्साइज विभाग के अधिकारियों को दे दी। अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि जब तक टेंडर प्रक्रिया की पूरी तरह से जांच नही होती, तब तक ठेके अलॉट नही किए जाएंगे। वहीं उन्होंने बताया कि एक ही फर्म को ठेके देने से न केवल मोनोपोली हो जाएगी, बल्कि शराब भी महंगी हो जाएगी। इससे रेवेन्यू में भी फर्क पड़ेगा। लोग चंडीगढ़ से न लेकर पंजाब से शराब लेकर आएंगे। शराब की कलाबाजारी भी होने की संभावना है। वहीं उन्होंने कहा कि दिल्ली में केजरीवाल सरकार के दौरान एक्साइज पालिसी को लेकर काफी हो हल्ला मचा था।

**चंडीगढ़ वाइन कॉन्ट्रैक्ट एसोसिएशन ने विजिलेंस सीबीआई और ईडी से जांच करवाने की उठाई मांग**

## न्यूज ब्रीफ

### बिहार दिवस पर विशेष कार्यक्रम आज

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भाजपा चंडीगढ़ इकाई द्वारा 22 मार्च को कमलम सेक्टर 33 में बिहार दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम शाम 4 बजे से 6 बजे तक होगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली सरकार के मंत्री कपिल मिश्रा उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के संयोजक श्री शशि शंकर तिवारी ने बताया कि इस अवसर पर बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने के लिए एक डॉक्यूमेंट्री दिखाई जाएगी।

### एमसी 24 घंटे सफाई प्रणाली के लिए प्रतिबद्ध

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** 24 घंटे सफाई और टिकाऊ अपशिष्ट प्रबंधन के साथ स्वच्छता अभियान को मजबूत करने के लिए, नगर निगम चंडीगढ़ ने अपने स्वच्छता प्रयासों को तेज कर दिया है। विशेष रूप से मौसमी रूप से गिरने वाली सूखी पत्तियों के दौरान पत्तियों को तेजी और कुशलता से इकट्ठा करना सुनिश्चित किया है। इस पहल को साझा करते हुए, शहर की मेयर हरप्रीत कौर बबला ने कहा कि एमसी चंडीगढ़ अपनी चौबीसों घंटे सफाई प्रणाली और टिकाऊ अपशिष्ट प्रबंधन पहल के माध्यम से एक स्वच्छ, हरित शहर के लिए प्रतिबद्ध है।

### निष्पक्ष तरीके से चुनाव करवाएं अधिकारी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने कहा कि चुनाव आयोग के दिशा निर्देशानुसार राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाने के प्रति जवाबदेह हैं। पिछले 1 महीने से निर्वाचन आयोग ने 1 करोड़ से अधिक चुनाव अधिकारियों व कर्मचारियों की क्षमता वृद्धि के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये हैं। उन्होंने बताया कि राज्यों के चुनाव पंजीयन अधिकारियों, जिला निर्वाचन अधिकारियों व मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के स्तर पर राजनीतिक पार्टियों के लगभग 5 हजार प्रतिनिधियों के साथ बैठकें आयोजित की गई।

### नागपुर हिंसा: 17 आरोपियों को पुलिस हिरासत में भेजा

**एजेंसी, नागपुर।** नागपुर की एक स्थानीय अदालत ने यहां हुई हिंसा के सिलसिले में गिरफ्तार 17 लोगों को 22 मार्च यानी शनिवार तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। अदालत ने आरोपियों को पुलिस हिरासत में भेजते समय ''अपराध की गंभीरता'' और ''प्रथम दृष्टया उनके खिलाफ पुख्ता आरोप लगाए जाने'' का हवाला दिया। आरोपियों को वीरवार रात मजिस्ट्रेट मैमुना सुल्ताना के समक्ष पेश किया गया और पुलिस ने उनकी सात दिनों की हिरासत का अदालत से अनुरोध किया, लेकिन अदालत ने केवल दो दिन की हिरासत को मंजूरी दी। इन लोगों को गणेशपेठ पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि आरोपियों के खिलाफ लगाए गए अपराध 'गंभीर प्रकृति' के हैं और इसलिए उनसे हिरासत में पूछताछ की आवश्यकता है। छत्रपति संभाजीनगर जिले में स्थित मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र को हटाने के लिए विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन के दौरान पवित्र आयत लिखी चादर जलाए जाने की अफवाहों के बीच हिंसक भीड़ ने सोमवार शाम नागपुर के कई इलाकों में पथराव और आगजनी की घटनाओं को अंजाम दिया।

### अमेरिकी अदालत ने भारतीय छात्र के निर्वासन पर रोक लगाई

**एजेंसी, न्यूयॉर्क।** अमेरिका की एक संघीय अदालत ने आव्रजन अधिकारियों को हिरासत में लिए गए उस भारतीय छात्र को निर्वासित नहीं करने का आदेश दिया है जिस पर 'हमास का सक्रिय प्रचार' करने का आरोप है। वर्जीनिया के अलेक्जेंड्रिया में अमेरिकी जिला न्यायाधीश पैट्रिशिया टोलिवर जाइल्स ने आदेश दिया कि बदर खान सूरी को 'तब तक अमेरिका से नहीं निकाला जाएगा, जब तक कि अदालत इसके विपरीत आदेश जारी न कर दे।' सूरी के वकील ने पहले दाखिल एक अदालती दस्तावेज में लिखा था कि सूरी को सोशल मीडिया पर किए गए उसके पोस्ट और उसकी पत्नी की 'फलस्तीनी पहचान' के कारण निशाना बनाया गया। हिरासत में लिया गया भारतीय बदर खान सूरी वाशिंगटन स्थित 'जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी' के 'एडमंड ए वाल्श स्कूल ऑफ फॉरेन सर्विस' में 'अलवलीद बिन तलाल सेंटर फॉर मुस्लिम-क्रिश्चियन अंडरस्टैंडिंग' में शोधार्थी है।

### सोना 400 रुपए टूटकर 91,250 पर, चांदी में भी गिरावट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में कमजोरी और मुनाफावसूली की गतिविधियों के कारण राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोना 400 रुपए की गिरावट के साथ 91,250 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। बुधवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 91,650 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। वहीं, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 400 रुपए की गिरावट के साथ 90,800 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ, जो एक दिन पहले 91,200 रुपए प्रति 10 ग्राम पर रहा था। लगातार दूसरे दिन गिरावट जारी रहने के कारण चांदी में भी 1,700 रुपए की गिरावट आई और यह 1,00,300 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई।



# आयुक्त की कार्रवाई के बाद पार्किंग स्थलों में अनियमितताओं की जांच शुरू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

**अमित** कुमार आईएएस, आयुक्त, नगर निगम, चंडीगढ़ द्वारा सख्त कार्रवाई के बाद, नगर निगम के इंजीनियर विंग ने पूरे शहर में पार्किंग स्थलों में अनियमितताओं की जांच के लिए कार्रवाई शुरू कर दी है।

आयुक्त के निर्देशों के बाद मुख्य अभियंता, नगर निगम, संजय अरोड़ा ने अधीक्षण अभियंता (बीएंडआर) के साथ सेक्टर 22, चंडीगढ़ में किरण सिनेमा के पास और सेक्टर 17 बस स्टैंड के सामने पार्किंग स्थलों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने पार्किंग शुल्क नियमों के सभी पहलुओं की जांच की। बता दें कि आयुक्त ने 19 मार्च को सेक्टर 17 में पार्किंग स्थल का औचक निरीक्षण किया था और पार्किंग शुल्क नियमों का गैर-अनुपालन पाया था, जिसके बाद एक जूनियर इंजीनियर को निलंबित कर दिया गया था और बी एंड आर विंग के संबंधित कार्यकारी अभियंता और उपमंडल अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिनों के भीतर अपनी स्थिति स्पष्ट करने के लिए कहा गया था कि पार्किंग कर्मचारियों के परिचारकों का पर्यवेक्षण और निगरानी ठीक से अपना कर्तव्य क्यों नहीं निभा रहे हैं।

**मुख्य अभियंता ने साथ सेक्टर 22 में पार्किंग स्थलों का किया निरीक्षण**

# जल शक्ति अभियान कैच द रैन का आज पंचकूला से होगा आगाज

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा द्वारा पिछले 10 वर्षों में निरंतर किए जा रहे सफलतापूर्वक राष्ट्रव्यापी कार्यक्रमों को देखते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को फिर से एक बड़े अभियान के आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी है। इसी कड़ी में जल शक्ति अभियान-कैच द रैन 2025के छठे संस्करण का राष्ट्र स्तरीय शुभारंभ पंचकूला के ताऊ देवीलाल स्टेडियम से 22 मार्च 2025 को किया जाएगा। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल मुख्य अतिथि होंगे। इस मौके पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह व सिंचाई एवं जलसंसाधन मंत्री श्रुति चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी।

# रजनी पाटिल ने मोदी से मांगा हिमाचल का हक

## प्रदेश कांग्रेस प्रभारी ने राज्यसभा में उठाया हिमाचल का मुद्दा

**अनंत ज्ञान, शिमला**

राज्यसभा सांसद एवं हिमाचल प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल ने केंद्र की मोदी सरकार से हिमाचल का हक मांगा। उन्होंने शुक्रवार को राज्ससभा में पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश के मुद्दे पर मोदी सरकार को घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

रजनी पाटिल ने गृह मंत्रालय की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि वर्ष 2023 में हिमाचल प्रदेश में मानसून के दौरान भयंकर त्रासदी हुई, जिसमें 500 से अधिक लोगों की जान चली गई और हजारों करोड़ों के आधारभूत ढांचे को नुकसान हुआ, बावजूद इसके केंद्र सरकार ने इसकी भरपाई के लिए हिमाचल के साथ भेदभाव किया। रजनी पाटिल ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने मानसून से हुई त्रासदी की भरपाई के लिए केंद्र सरकार से 10 हजार करोड़ की मांग की थी, लेकिन इसके एवज में मात्र 400 करोड़ जारी किया गया। जो सरेआम हिमाचल के साथ भेदभाव है। राज्यसभा सांसद एवं हिमाचल प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल ने केंद्र सरकार से शेष राशि जारी करने की पुरजोर मांग की। उन्होंने कहा कि आपदा और त्रासदी के समय में भी राजनीति करना उचित नहीं हैं। पाटिल ने कहा कि इन मसलों पर प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू कई बार केंद्र सरकार के समक्ष मांग उठा चुके हैं। उन्होंने वायनाड समेत देश के अन्य राज्यों में प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान की भरपाई के लिए भी राज्यसभा में मजबूती से अपना पक्ष रखा। रजनी पाटिल ने नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े किए।



**कहा, 2023 में प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान की भरपाई करे केंद्र**

## देश-विदेश

# बांग्लादेश: हिंदू विरोधी टिप्पणी के खिलाफ ढाका यूनिवर्सिटी में छात्रों का प्रदर्शन

**एजेंसी, ढाका**

ढाका यूनिवर्सिटी के छात्रों के एक समूह ने 'हिन्दू स्टूडेंट्स ऑफ ढाका यूनिवर्सिटी' और 'बांग्लादेश यूनाइटेड सनातनी अवेकनिंग अलायंस' के बैनर तले शुक्रवार को प्रदर्शन किया। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, स्टूडेंट्स ने सोशल मीडिया पर एक साथी छात्र की ओर से हिंदू धर्म और एक देवता के बारे में की गई अपमानजनक टिप्पणी के खिलाफ विरोध किया। बताया जा रहा है कि आरोपी छात्र इस तरह की टिप्पणियां कई बार कर चुका है। छात्रों ने भविष्य में यूनिवर्सिटी से सनातन धर्म की गलत व्याख्या को रोकने के लिए संस्थागत उपाय करने की अपील की।

छात्रों ने आरोपी को निलंबित करने और उसके लिए कड़ी सजा की मांग की। उन्होंने भविष्य में यूनिवर्सिटी से सनातन धर्म की गलत व्याख्या को रोकने के लिए संस्थागत उपाय करने की अपील की। बांग्लादेश के प्रमुख समाचार पत्र 'द डेली स्टार' की रिपोर्ट के अनुसार, प्रदर्शनकारी छात्रों ने साहित्यिक विश्लेषण कक्षाओं के दौरान शिक्षकों को हिंदू धर्म की गलत व्याख्या करने से रोकना और यूनिवर्सिटी के 'ढाका बिस्सोबिद्दलॉय शिक्षार्थी संसद' फेसबुक ग्रुप पर अल्पसंख्यकों को लक्षित करने वाली अपमानजनक पोस्टों के खिलाफ कार्रवाई करना शामिल है।




# न्यायमूर्ति हरीश टंडन ओडिसा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश नियुक्त

**एजेंसी, नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति हरीश टंडन को ओडिसा उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। कानून मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वर्तमान में वह कलकत्ता उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के तौर पर कार्यरत हैं। इस महीने की शुरुआत में उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने उड़ीसा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के पद के लिए उनके नाम की सिफारिश की थी। उड़ीसा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश का पद जनवरी में न्यायमूर्ति चक्रधारी शरण सिंह के सेवानिवृत्त होने के बाद से रिक्त था। न्यायमूर्ति टंडन को अप्रैल 2010 में कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त किया गया और वह तब से वहां कार्यरत हैं।

# लंबे अंतरिक्ष प्रवास के लिए सुनीता बुच को नहीं मिलेगा 'ओवरटाइम'

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

क्या सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को अंतरिक्ष में तय समय से ज्यादा समय बिताने के लिए 'ओवरटाइम' मिलेगा? बिलकुल नहीं। 'न्यूयॉर्क टाइम्स' की एक खबर के अनुसार, नासा के नियमों के अनुसार, सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को अप्रत्याशित रूप से लंबे अपने अंतरिक्ष प्रवास के लिए कोई 'ओवरटाइम' नहीं मिलेगा।

दोनों अंतरिक्ष में 286 दिन बिताने के बाद मंगलवार को धरती पर लौटे हैं। उनके अंतरिक्ष यान में खराबी आने के बाद अनुमान से 278 दिन ज्यादा उन्होंने अंतरिक्ष में बिताए। अखबार ने कहा ''उन्हें आकस्मिक खर्चों के लिए प्रतिदिन पांच अमेरिकी डॉलर मिलते हैं।

'न्यूयॉर्क टाइम्स' ने कहा कि अपने दूरस्थ गंतव्य और अंतरिक्ष यात्रा के जोखिमों के बावजूद, जब वेतन की बात आती है, तो अंतरिक्ष यात्रियों के साथ ''व्यवसायिक यात्रा पर जाने वाले किसी भी अन्य सरकारी कर्मचारी की तरह व्यवहार किया जाता है।'' एजेंसी के अंतरिक्ष संचालन मिशन निदेशालय के प्रवक्ता जिमी रसेल ने 'न्यूयॉर्क टाइम्स' को ईमेल के जरिए बताया ''अंतरिक्ष में रहते हुए, नासा के अंतरिक्ष यात्री संघीय कर्मचारियों के रूप में आधिकारिक यात्रा पर होते हैं।'' सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर मूल रूप से 9 महीने से ज्यादा समय तक अपने कार्यस्थल को छोड़ने में असमर्थ थे।



# कई फैसलों पर एमएसपी बढ़ा, किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : भाजपा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भाजपा ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में विभिन्न फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ा है तथा सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें विकसित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

भाजपा सांसद दुष्यंत सिंह ने वर्ष 2025-26 के लिए कृषि मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदानों की मांगों पर चर्चा में भाग लेते हुए यह भी कहा कि सरकार ने कृषि को प्रौद्योगिकी के साथ जोड़ा है और अब किसानों के खातों में सीधे वित्तीय सहायता दी जाती है। राजस्थान के झालावाड़-बारां से लोकसभा सदस्य सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कृषि क्षेत्र में सतत विकास और किसानों की आय बढ़ाने पर जोर दिया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने फसल बीमा योजना का आधार पंचायत स्तर पर बनाया है, जबकि पहले तहसील स्तर पर होता था। उनका कहना था कि खरीफ और रबी की फसलों पर एमएसपी को बढ़ाया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण जूट उद्योग संकट का सामना कर रहा है।



# जयपुर: सड़क हादसे में 3 लोगों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के कोटपूतली कस्बे में शुक्रवार को एक ट्रक और कार की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई,जबकि छह अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार यह हादसा दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर मोरदा के पास हुआ। कार में सवार लोग दिल्ली से खाटू श्याम मंदिर की तीर्थ यात्रा पर जा रहे थे। पुलिस उपाधीक्षक राजेंद्र बुरड़क ने बताया कि हादसे के बाद आसपास के लोगों ने तुरंत पनियाला पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। उन्होंने बताया कि कार में कुल सात लोग और ट्रक में दो लोग सवार थे।

# लंदन में पावर सब-स्टेशन में लगी भीषण आग

**एजेंसी, लंदन**

लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट को एक बड़े बिजली संकट के कारण आज पूरे दिन के लिए बंद कर दिया गया है। ऐसा इसलिए किया गया है, क्योंकि पास के एक इलेक्ट्रिकल सबस्टेशन में आग लगने के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। जिस वजह से एयरपोर्ट पर आने-जाने वाली सभी फ्लाइट्स रद कर दी गई हैं।

लंदन फायर ब्रिगेड भी हादसे के बाद तुरंत एक्शन में आ गया है। फायर ब्रिगेड ने कहा, उसने 10 दमकल गाड़ियां और करीब 70 अग्निशमन कर्मी तैनात किए हैं और 200 मीटर के दायरे में घेराबंदी। स्थानीय निवासियों-सबस्टेशन लंदन के हिलिंगडन बरो के हेस में है को धुएं के कारण अंदर रहने और दरवाजे और खिड़कियां बंद रखने के लिए कहा गया है।

शुक्रवार सुबह (भारतीय समयानुसार) एक एक्स पोस्ट में एयरपोर्ट ने यात्रियों को यात्रा न करने और अधिक जानकारी के लिए अपनी संबंधित एयरलाइंस से संपर्क करने की सलाह दी। एयरपोर्ट ने कहा, हमारे यात्रियों और सहकर्मियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हीथ्रो 21 मार्च की रात 11.59 बजे तक बंद रहेगा।

**हीथ्रो एयरपोर्ट एक दिन के लिए बंद**

# आरएसएस के मंच पर मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि

**एजेंसी, बेंगलुरु**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की 3 दिन की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा शुक्रवार को बेंगलुरु में शुरू हुई। बैठक के शुरुआत में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह, तबला वादक जाकिर हुसैन, प्रीतीश नंदी सहित संघ के दिवंगत कार्यकर्ताओं को श्रद्धांजलि दी गई।

संघ के सह सरकार्यवाह मुकुंद सीआर ने मणिपुर की स्थिति को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि मणिपुर बीते 20 महीनों से बुरे दौर से गुजर रहा है, लेकिन केंद्र सरकार के कुछ राजनीतिक और प्रशासनिक फैसलों के बाद अब उम्मीद की किरण नजर आ रही है। हालांकि, राज्य में हालात सामान्य होने में अभी लंबा समय लगेगा।

उन्होंने तमिलनाडु और केंद्र सरकार के बीच चल रहे भाषा और परिसीमन विवाद पर कहा कि कुछ ताकतें हैं, जो देश की एकता को चुनौती दे रही हैं। वह उत्तर और दक्षिण के बीच बहस को बढ़ावा दे रही हैं। चाहे वह परिसीमन की डिबेट हो या भाषा की डिबेट। उन्होंने कहा कि ये ज्यादातर पॉलिटिकली मोटिवेटेड हैं।

उन्होंने कहा कि सभी सोशल ग्रुप को साथ आना होगा। यह सही नहीं है कि हम आपस में लड़ें। अगर कोई दिक्कत है तो उसे मिलकर, सद्भावना से हल किया जा सकता है। हमारे स्वयंसेवक और अलग-अलग विचार परिवार के लोग सद्भावना की पूरी कोशिश कर रहे हैं, खासकर दक्षिण भारत के राज्यों में।




# वर्ल्ड हैप्पीनेस इंडेक्स में भारत से ज्यादा खुश पाकिस्तान और नेपाल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दुनिया में सबसे खुशहाल देश फिनलैंड है। इस मामले में फिनलैंड ने लगातार आठवें साल नंबर-1 रैंकिंग बरकरार रखी है। वेलबीइंग रिसर्च सेंटर, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी ने 20 मार्च यानी वर्ल्ड हैप्पीनेस डे पर वर्ल्ड हैप्पीनेस इंडेक्स 2025 जारी किया। सबसे खुशहाल देश के रूप में फिनलैंड 7.7 प्वाइंट के साथ पहले पायदान पर है। फिनलैंड के अलावा, डेनमार्क, आइसलैंड और स्वीडन टॉप चार में बने हुए हैं। ये सभी नॉर्डिक देश भी कहे जाते हैं। 147 देशों की इस लिस्ट में भारत 4.3 प्वाइंट के साथ इस बार 118वें स्थान पर रहा है।

पिछली बार भारत लिस्ट में 126वें स्थान पर रहा था। इस मामले में भारत, पाकिस्तान और नेपाल से भी पीछे है। हैप्पीनेस इंडेक्स में भारत पिछले साल के मुकाबले आठ पायदान ऊपर आया है। हालांकि, पाकिस्तान भारत से ऊपर है। 2025 की हैप्पीनेस लिस्ट में पाकिस्तान को 109वां स्थान मिला है। वहीं, नेपाल भी भारत से ऊपर रहा, उसे 92वां स्थान मिला है। श्रीलंका (133) और बांग्लादेश (134) भारत से पीछे हैं।

**फिनलैंड दुनिया का सबसे खुशहाल देश, अफगानिस्तान सबसे नीचे**

## बाजार

# शेयर बाजार में पांचवें दिन जारी रही तेजी

# सेंसेक्स 557 अंक चढ़ा और निफ्टी 23,350 पार

**एजेंसी, मुंबई**

विदेशी कोषों की लिवाली और बैंक शेयरों में बढ़त के दम पर घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार पांचवें दिन बढ़त के साथ बंद हुए। प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स में 557 अंक और निफ्टी में 160 अंक की तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 557.45 अंक यानी 0.73 प्रतिशत उछलकर 76,905.51 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 693.88 अंक बढ़कर 77,041.94 पर पहुंच गया था।

इसी तरह एनएसई का मानक सूचकांक निफ्टी 159.75 अंक यानी 0.69 प्रतिशत चढ़कर 23,350.40 अंक पर बंद हुआ। विशेषज्ञों ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने इस साल दो बार ब्याज दरों में कटौती की बात कही है। इस कारोबारी सप्ताह में बीएसई सेंसेक्स 3,076.6 अंक यानी 4.16 प्रतिशत बढ़ा और एनएसई निफ्टी ने 953.2 अंक यानी 4.25 प्रतिशत की छलांग लगाई। व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक में 2.05 प्रतिशत और मिडकैप सूचकांक में 1.14 प्रतिशत की वृद्धि हुई। बीएसई पर क्षेत्रवार सूचकांकों की बात करें तो तेल एवं गैस खंड में 2.25 प्रतिशत, उपयोगिता खंड में 2.11 प्रतिशत, दूरसंचार में 1.91 प्रतिशत और ऊर्जा खंड में 1.86 प्रतिशत की वृद्धि हुई।



## स्पोर्ट्स विंडो

### पनामा ने अमेरिका को हराकर बाहर का रास्ता दिखाया

**एजेंसी, इंगलवुड (अमेरिका)।** सेसिलियो वॉटरमैन ने दूसरे हाफ के इंजुरी टाइम के चौथे मिनट में गोल किया जिससे पनामा तीन बार के गत चैंपियन अमेरिका को 1-0 से हराकर कॉनकाफ नेशंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने में सफल रहा। जब लग रहा था कि मैच अतिरिक्त समय तक खिंच जाएगा तब वाटरमैन ने अमेरिकी बॉक्स में एडलबर्टो कैरासक्विला से दाहिनी ओर से पास लिया और मैट टर्नर को पीछे छोड़ते हुए शानदार गोल दागा। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में अपना 11वां गोल करने वाले वॉटरमैन ने मैच के बाद कहा कि मेरे करियर में मेरे साथ कई अच्छी चीजें हुई हैं, लेकिन यह सबसे अलग है। यह अविश्वसनीय है। पनामा फाइनल में मैक्सिको का सामना करेगा जिसने एक अन्य सेमी फाइनल में कनाडा को 2-0 से हराया।

### क्रोएशिया ने नेशंस लीग क्वार्टर फाइनल में फ्रांस को 2-0 से हराया



**एजेंसी, जाग्रेब।** क्रोएशिया ने किलियन एम्बाप्पे और ओस्मान डेम्बेले की आक्रामक जोड़ी पर अंकुश लगाकर नेशंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में फ्रांस को 2-0 से हराया। एंटे बुदिमिर ने वीरवार को खेले गए मैच में 26वें मिनट में इवान पेरीसिक के क्रॉस पर क्रोएशिया को बढ़त दिलाई। पेरीसिक ने पहले हाफ के स्टॉपेज समय में बढ़त को दोगुना कर एम्बाप्पे की अपनी राष्ट्रीय टीम में छह महीने के बाद वापसी को फीका कर दिया। एम्बाप्पे ने पहले हाफ में कई बार डोमिनिक लिवाकोविच की परीक्षा ली लेकिन क्रोएशिया के गोलकीपर ने कुछ अच्छे बचाव करके उनके प्रयासों को विफल कर दिया। यह छह सितंबर को इटली से 3-1 की हार के बाद पहला अवसर था जबकि एम्बाप्पे फ्रांस की तरफ से खेल रहे थे। पहले चरण के अन्य क्वार्टर फाइनल मैचों में जर्मनी ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए इटली को 2-1 से हराया, गत चैंपियन स्पेन ने नीदरलैंड के खिलाफ 2-2 से ड्रा खेला और डेनमार्क ने पुर्तगाल को 1-0 से पराजित किया।

### विनीसियस जूनियर ने दिलाई ब्राजील को कोलंबिया पर जीत

**एजेंसी, साओ पाउलो।** विनीसियस जूनियर के आखिरी मिनट में किए गए गोल की मदद से ब्राजील ने विश्व कप क्वालीफाइंग मैच में



कोलंबिया को 2-1 से हराया। अगर यह मैच ड्रॉ रहता तो ब्राजील दक्षिण अमेरिकी तालिका में छठे स्थान पर खिसक जाता। इसके बजाय वह विनीसियस जूनियर के गोल से अर्जेंटीना के बाद दूसरे स्थान पर आ गया। दक्षिण अमेरिका की शीर्ष छह टीमों को अगले साल कनाडा, अमेरिका और मैक्सिको में होने वाले विश्व कप में सीधा प्रवेश मिलेगा। अर्जेंटीना के अभी तक 12 मैच में 25 अंक और ब्राजील के 13 मैच में 21 अंक हैं। पराग्वे ने एक अन्य मैच में चिली पर 1-0 की जीत दर्ज की। पराग्वे के 20 अंक हो गए हैं और वह अंक तालिका में चौथे स्थान पर है। चिली नौ अंकों के साथ राउंड-रॉबिन प्रतियोगिता में अंतिम स्थान पर है। इसके अलावा गुरुवार को पेरू ने बोलीविया को 3-1 से हराया। बोलीविया 13 अंकों के साथ सातवें स्थान पर है। पेरू के 10 अंक हैं और वह नौवें स्थान पर है।

### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छाप छोड़ने को तैयार उभरती खिलाड़ी दीपिका

**एजेंसी, नई दिल्ली।** हाल ही में हॉकी इंडिया असुंता लकड़ा अवार्ड फॉर अपकमिंग प्लेयर ऑफ द ईयर (महिला-अंडर 21) से सम्मानित भारतीय महिला हॉकी की उभरती हुई प्रतिभाशाली खिलाड़ी दीपिका अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ने के लिए तैयार हैं। हॉकी इंडिया के मुताबिक हरियाणा के हिसार से ताल्लुक रखने वाली 21 वर्षीय दीपिका को इस पुरस्कार के तहत 10 लाख रुपये की नकद राशि भी प्रदान की गई। गोल करने की बेहतरीन क्षमता रखने वाली इस युवा फॉरवर्ड खिलाड़ी ने इस उपलब्धि पर अपनी खुशी जाहिर की। दीपिका ने कहा ह्वस्र हॉकी इंडिया असुंता लकड़ा अवॉर्ड फॉर अपकमिंग प्लेयर ऑफ द ईयर (महिला-अंडर 21) जीतना मेरे करियर का एक बड़ा मील का पत्थर है।

### स्टार्क-एलिसा खूबसूरत अंदाज में

**ऑस्ट्रेलिया।** ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में से एक हैं, जबकि उनकी पत्नी एलिसा ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम की स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज हैं। मिचेल ने 2016 में एलिसा हीली से शादी की थी।



## आईपीएल 2025 का पहला मैच

# केकेआर और आरसीबी में भिड़ंत आज

## कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में अजिंक्य रहाणे और रजत पाटीदार की टीमें दिखाएंगी दमखम

**एजेंसी, कोलकाता**

**इंडियन** प्रीमियर लीग 2025 यानी आईपीएल (आईपीएल 2025) के 18वें सीजन का पहला मैच कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला जाएगा। दोनों के बीच यह मैच शनिवार 22 मार्च को कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में खेला जाएगा।

कोलकाता नाइट राइडर्स की कप्तानी अजिंक्य रहाणे के हाथों में हैं, जबकि रजत पाटीदार के कंधों पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की कप्तानी है। कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच ये मुकाबला 22 मार्च शाम 7:30 बजे से खेला जाएगा, जबकि टॉस शाम 7:00 बजे होगा। यह मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में खेला जाएगा।

कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच शनिवार को मुकाबला होगा। इस दौरान कोलकाता में आंधी-तूफान और बारिश की संभावना जताई जा रही है। आईपीएल 2025 का पहला मैच वाले दिन बारिश होने की 80 प्रतिशत तक संभावना जताई जा रही है। ऐसे में बारिश के चलते पहला मैच भी रद्द हो सकता है।

केकेआर और आरसीबी के बीच होने वाले रोमांचक मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स के होम ग्राउंड को बल्लेबाजों के लिए स्वर्ग माना जाता है। यहां पर शुरुआत में तेज गेंदबाजों को भी मदद मिलती है। दरअसल, कोलकाता के ईडन गार्डन्स के मैदान पर चौके-छक्कों की बरसात होती है और रनों का अंबार लगता है। वहीं गेंद बल्ले पर काफी अच्छी से आती है। आउटफील्ड तेज होने की वजह से बॉल को बाउंड्री लाइन तक पहुंचाना आसान हो जाता है। इसके अलावा स्पिनर्स को भी यहां काफी मदद मिलती है।

ईडन गार्डन्स की पिच पर औसत स्कोर 180 रन रहा है। अब तक कोलकाता में आईपीएल के कुल 93 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें से पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 38, जबकि रन का पीछा करने वाली टीम ने 55 मैच जीते हैं।

आईपीएल 2008 से अब तक केकेआर और आरसीबी के बीच कुल 34 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें से कोलकाता ने 20 मुकाबले जीते हैं, जबकि आरसीबी मे 14 मुकाबले में जीत हासिल की है। वहीं आरसीबी का केकेआर के खिलाफ सर्वोच्च स्कोर 221 का रनों रहा है, जबकि केकेआर ने आरसीबी के खिलाफ 222 रनों का अपना सबसे बड़ा स्कोर बनाया है।



**मैच : शाम 7.30 बजे**

**संभावित टीमें**

**केकेआर।** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह, क्विंटन डी कॉक, मनीष पांडे, एनरिक नॉर्खिया, अंगकृष रघुवंशी, रहमानुल्लाह गुरबाज, मोइन अली आंद्रे रसेल, रमनदीप सिंह, अनुकूल रॉय, वेंकटेश अय्यर, वरुण चक्रवर्ती, रोवमैन पॉवेल, लवनिथ सिसौदिया, हर्षित राणा, मयंक मारकंडे, सुनील नरेन, वैभव अरोड़ा, स्पेंसर जॉनसन।

**आरसीबी।** रजत पाटीदार (कप्तान), विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल, क्रुणाल पंड्या, फिलिप सॉल्ट, भुवनेश्वर कुमार, मनोज भंडागे, जोश हेजलवुड, टिम डेविड, स्वास्तिक चिकारा, मोहित राठी, रोमारियो शेफर्ड, जैकब बेटेल, स्वप्निल सिंह, जितेश शर्मा, लियाम लिविंगस्टोन, नुवान तुषारा, लुंगी एनगिडी, रसिख दार सलाम, यश दयाल, सुयश शर्मा, अभिनंदन सिंह।

## सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगा हार्दिक पांड्या : बाउचर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**मुंबई** इंडियंस के पूर्व कोच मार्क बाउचर का मानना है कि आईपीएल के पिछले सत्र में मुश्किल दौर से गुजरने के बाद हार्दिक पांड्या अधिक मजबूत खिलाड़ी बने हैं और इस टूर्नामेंट के शनिवार से शुरू होने वाले नए सत्र में वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रहेंगे। मुंबई इंडियंस ने पिछले साल रोहित शर्मा की जगह हार्दिक को कप्तान नियुक्त किया था। मुंबई के समर्थकों को यह फैसला नागवार गुजरा और उन्होंने प्रत्येक मैच में हार्दिक को अपने निशाने पर रखा। परिणाम भी मुंबई इंडियंस के अनुकूल नहीं रहे और उसकी टीम अंतिम स्थान पर रही।

इसके बाद हालांकि चीजें तेजी से बदली और हार्दिक ने भारत की टी20 विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अब वह क्रिकेट प्रेमियों के चहेते बन गए हैं। हार्दिक को जब पिछले सत्र में मुंबई इंडियंस का कप्तान नियुक्त किया गया तब बाउचर उसके मुख्य कोच थे। बाउचर ने कहा कि पिछला सत्र वास्तव में उसके लिए बेहद मुश्किल रहा। वह जब भी मैदान पर कदम रखता दर्शक उसकी हूटिंग करने लग जाते। उसके साथ ऐसा व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए था। वह 100 प्रतिशत सम्मान का हकदार था। उन्होंने कहा कि कोई भी क्रिकेटर नहीं चाहता कि उसके साथ इस तरह का व्यवहार हो लेकिन वह बेहद मजबूत इंसान है। उसने इन सब चीजों को पीछे छोड़कर सफलता हासिल की और अब वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार है।

### खुद पर भरोसा व सकारात्मक रवैया हार्दिक को अन्य खिलाड़ियों से बनाता अलग : हरभजन सिंह

**भारत** और मुंबई इंडियंस के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने भी हार्दिक की जमकर प्रशंसा की और कहा कि खुद पर भरोसा और सकारात्मक रवैया उन्हें अन्य



खिलाड़ियों से अलग बनाता है। हरभजन ने कहा कि वह बहुत आत्मविश्वास वाला खिलाड़ी है। उसका रवैया बेहद सकारात्मक है। उसे इस बात पर बहुत भरोसा है कि वह कुछ भी कर सकता है। यह ऐसी चीज है जो उसे अन्य से अलग बनाती है। उन्होंने कहा कि यह देखकर वास्तव में अच्छा लगा कि वह पिछले साल के मुश्किल दौर से आगे निकलने में सफल रहा। इस साल वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगा। सभी खराब चीजें अतीत की बातें हैं। यह उसके लिए एक नया साल है।

## आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन कर टी20 विश्व कप की टीम में जगह बना सकते हैं जायसवाल : कोच

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**यशस्वी** जायसवाल के बचपन के कोच ज्वाला सिंह का मानना है कि अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारत की टीम में फिर से जगह बनाने के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का शनिवार से शुरू होने वाला सत्र इस सलामी बल्लेबाज के लिए बेहद महत्वपूर्ण होगा।

यह 23 वर्षीय बल्लेबाज भारतीय टेस्ट टीम का अभिन्न अंग है लेकिन टी20 क्रिकेट में उन्हें संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा जैसे खिलाड़ियों से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। अगला टी20 विश्व कप फरवरी मार्च 2026 में भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में खेला जाएगा।

ज्वाला सिंह ने पीटीआई वीडियो से कहा कि उसने भारत की तरफ से कई टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं जिनमें उसने अच्छे स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं लेकिन पिछली दो तीन शृंखलाओं से उन्हें विश्राम दिया गया है। मैं यह कह सकता हूं।

उन्होंने कहा कि लेकिन मेरा मानना है कि इस आईपीएल में उन्हें (टी20 विश्व कप की टीम में जगह पक्की करने का) मौका मिलेगा क्योंकि इसमें कई मैच खेले जाएंगे और सभी मैच काफी दबाव वाले होंगे।

### भारत की तरफ से अभी तक खेले हैं 23 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच, बनाए हैं 723 रन



**यशस्वी** जायसवाल ने भारत की तरफ से अभी तक 23 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं जिनमें उन्होंने 723 रन बनाए हैं। ज्वाला सिंह ने कहा कि आईपीएल का प्रदर्शन भारतीय टीम में जगह बनाने की दृष्टि से महत्वपूर्ण होता है। इसलिए उसके पास मौका होगा क्योंकि 2023 में भी उसमें आईपीएल में अच्छे प्रदर्शन के दम पर ही भारतीय टीम में जगह बनाई थी। यह नई शुरुआत है और अगर वह अच्छा प्रदर्शन करता है तो इससे उसे भारतीय टीम में वापसी करने में मदद मिलेगी।

## शंकर सुब्रमण्यम ने किया बड़ा उलटफेर

### विश्व के नंबर 2 खिलाड़ी एंडर्स एंटोनसेन को हराकर किया बाहर

**एजेंसी, बासेल**

**भारत** के शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम ने डेनमार्क के विश्व में नंबर दो खिलाड़ी एंडर्स एंटोनसेन को तीन गेम के रोमांचक मुकाबले में उलटफेर का शिकार बनाकर यहां स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2022 के रजत पदक विजेता और वर्तमान में दुनिया में 64वें नंबर के 21 वर्षीय खिलाड़ी सुब्रमण्यम ने अपने रक्षण का प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए तीन बार के विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता को 66 मिनट में 18-21 21-12 21-5 से हराया।

तमिलनाडु के रहने वाले सुब्रमण्यम के करियर की यह सबसे बड़ी जीत है। उनका अगला मुकाबला फ्रांस के विश्व में 31वें नंबर के खिलाड़ी क्रिस्टो पोपोव से होगा जिन्होंने इस सत्र में अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। सुब्रमण्यम टूर्नामेंट में बचे एकमात्र भारतीय एकल खिलाड़ी हैं, जबकि त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है। विश्व में नौवें नंबर की भारतीय जोड़ी ने वीरवार को खेले गए मैच में जर्मनी की एमिली लेहमैन और सेलिन हब्श को 21-12, 21-8 से हराया।

अन्य भारतीय खिलाड़ियों में इशरानी बरुआ चीन की हान कियान शी से 63 मिनट में 19-21, 21-18, 18-21 से जबकि अनुपमा उपाध्याय महिला एकल के एक अन्य मैच में इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वर्दानी से 17-21, 19-21 से हार गईं। सतीश करुणाकरन और आद्या वरियाथ की मिश्रित युगल जोड़ी को लियू कुआंग हेंग और झेंग यू चीह से 14-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। सुब्रमण्यम ने एंटोनसेन के खिलाफ सटीक खेल दिखाया जबकि डेनमार्क के खिलाड़ी का अपने शॉट पर नियंत्रण नहीं था।



### तीसरे राउंड में बनाई 11-3 की बढ़त

**तीसरे** गेम के शुरू में स्कोर एक समय 3-3 से बराबर था, लेकिन इसके बाद एंटोनसेन ने पूरी तरह से नियंत्रण खो दिया और कई अप्रत्याशित गलतियां कीं, जिससे भारतीय खिलाड़ी ने ब्रेक तक 11-3 की बढ़त बना ली। सुब्रमण्यम ने इसके बाद भी अच्छा प्रदर्शन जारी रखा और मैच अपनी झोली में डाल दिया।

## भारतीय जिम्नास्ट प्रणति ने वॉल्ट फाइनल के लिए किया क्वालिफाई



**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारतीय** जिम्नास्ट प्रणति नायक ने तुर्की के अंताल्या में एफआईजी अप्लायन्सेज विश्व कप के क्वालिफिकेशन राउंड में तीसरा स्थान हासिल कर वॉल्ट फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

तोक्यो ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली 29 वर्षीय प्रणति ने वॉल्ट क्वालिफिकेशन में 13.317 के कुल स्कोर के साथ फाइनल में जगह बनाई। वह जयला हैंग (13.783) और क्लेयर पीज़ (13.584) की अमेरिकी जोड़ी से पीछे रहीं। प्रणति के कोच अशोक कुमार मिश्रा ने कहा कि प्रणति ने क्वालीफिकेशन में अच्छा प्रदर्शन किया और अगर वह फाइनल में इससे बेहतर प्रदर्शन करती है तो पदक जीत सकती है। प्रणति ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक से पहले काहिरा में एफआईजी अप्लायन्सेज विश्वकप की महिला वॉल्ट स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था।

## युवराज सिंह बने इंडिया चैंपियंस के कप्तान, शिखर धवन करेंगे डेब्यू

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारतीय** क्रिकेट के दिग्गज और 'सिक्सर किंग' के नाम से मशहूर युवराज सिंह के दूसरे सीजन में इंडिया चैंपियंस के कप्तान बन गए हैं। ये टूर्नामेंट जुलाई में यूनाइटेड किंगडम में आयोजित किया जाएगा। पहले सीजन में युवराज ने इंडिया चैंपियंस टीम को चैंपियनशिप जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। इस बार युवराज के साथ अनुभवी ओपनर बल्लेबाज शिखर धवन भी टीम में शामिल होंगे, जो पिछले साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद इस टूर्नामेंट में अपना डेब्यू करेंगे।



टूर्नामेंट के दूसरे सीजन में भारत की कप्तानी करने के बारे में बात करते हुए युवराज सिंह ने कहा कि मैं एक बार फिर में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए उत्साहित हूं। पहले सीजन में मेरे साथियों के साथ मिलकर हासिल की गई जीत की यादें हमेशा मेरे दिल के करीब रहेंगी। पहले सीजन में युवराज सिंह, सुरेश रैना, रॉबिन उथप्पा, इरफान और यूसुफ़ पठान जैसे भारतीय क्रिकेट के दिग्गजों ने शानदार प्रदर्शन किया था, जिससे साबित हुआ कि उनका खेल के लिए प्यार आज भी उतना ही है। ये टूर्नामेंट जल्द ही एक वैश्विक सनसनी बन गया, क्योंकि भारतीय प्रशंसकों ने अपने क्रिकेट आइकन्स को एक बार फिर बड़े मंच पर शानदार प्रदर्शन करते देखा।

**तीसरा टी20** हसन नवाज ने 45 गेंदों में 105 रन बनाकर दिलाई टीम को जीत

## पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड को 9 विकेट से हराया

**एजेंसी, ऑकलैंड**

**पाकिस्तान** ने हसन नवाज की 45 गेंद में खेली गई नाबाद 105 रन की पारी से शुक्रवार को यहां तीसरे ट्वेंटी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैंड को नौ विकेट से हराकर शृंखला जीवंत रखी। न्यूजीलैंड ने पांच मैच की शृंखला के शुरूआती दोनों मैच नौ विकेट और पांच विकेट से जीते थे।

पाकिस्तान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद घरेलू टीम को 19.5 ओवर में 204 रन पर समेट दिया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए नवाज ने अपना पहला शतक जड़ा जिसमें कप्तान सलमान अली आगा (31 गेंद में 51 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 133 रन की अटूट साझेदारी बनाने में अच्छा साथ निभाया और टीम ने पूरे चार ओवर रहते एक विकेट पर 207 रन बनाकर न्यूजीलैंड को विकेटों के लिहाज से टी20 में सबसे करारी शिकस्त दी। नवाज पहले दो मैच में खाता भी नहीं खोल सके थे। न्यूजीलैंड के लिए मार्क चैपमैन ने 44 गेंद में 94 रन बनाये जिसमें 11 चौके और चार छक्के जड़े थे। न्यूजीलैंड ने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाये। कप्तान माइकल ब्रेसवेल ने 31 रन और टिम सिफर्ट ने 19 रन का योगदान दिया।

पाकिस्तान के लिए हारिस रऊफ ने 29 रन देकर तीन विकेट झटककर शानदार गेंदबाजी की। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान के लिए हारिस ने 20 गेंद में चार चौके और तीन छक्के से 41 रन बनाकर तेज शुरूआत कराई जिससे टीम ने चार ओवर में 50 रन बना लिए थे। काइल जैमीसन ने पहले दो ओवर में 30 रन लुटाए। नवाज ने इस तरह 26 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया और सलमान ने 30 गेंद में अपना पहला अर्धशतक बनाया।

